


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़



लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 129 | रविवार, 21 जून 2026 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया


## संक्षिप्त समाचार

### स्लीवलेस ड्रेस पहनी, ईरानी सिंगर को 74 कोड़ों की सजा

**तेहरान।** ईरान की मशहूर सिंगर परस्तू अहमदी और उनके साथ काम करने वाले 8 लोगों को ऑनलाइन कॉन्सर्ट के लिए 74-74 कोड़े मारने की सजा सुनाई गई है। उन पर 2 साल तक देश छोड़ने और 2 साल तक किसी भी आर्टिस्टिक एक्टिविटीज पर रोक लगाई गई है। यह सजा ईरान के कोम प्रांत की अदालत ने यूट्यूब पर लाइव किए गए एक कॉन्सर्ट के मामले में सुनाई है। अदालत ने आर्टिस्ट पर अश्लील कंटेट पब्लिश करने और सार्वजनिक शालीनता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है।

### क्रिप्टोकरेंसी के अवैध कारोबार पर चीन के सात नागरिक गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल के रूपन्देही जिला पुलिस कार्यालय ने क्रिप्टोकरेंसी के अवैध कारोबार में संलिप्त होने के आरोप में चीन के सात नागरिकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पुलिस ने विभिन्न ऐप्स और वेबसाइटों के माध्यम से गैरकानूनी रूप से डिजिटल मुद्रा का कारोबार होने की विशेष सूचना के आधार पर छापेमारी कर उन्हें शुक्रवार की सुबह गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपित बुटवल में एक मकान किराए पर पर रह रहे थे। यह लोग बिनेंस, ओकेएक्स, पेटीएम, भीम, मोबिक्विक और फोन पे जैसे ऐप्स व वेबसाइटों के माध्यम से लेनदेन कर रहे थे।

### लोस अध्यक्ष ओम बिरला से मिले अभिषेक बनर्जी

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने शुक्रवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। उन्होंने पार्टी के 20 बागी सांसदों के खिलाफ 20 याचिकाएं सौंपीं और उनकी सदस्यता रद्द करने की मांग की। लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से बातचीत में बनर्जी ने कहा कि इन सांसदों ने 'नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया' में शामिल होने का दावा किया है और पार्टी छोड़ने के आधार पर इन सांसदों को सदन की सदस्यता से अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए।

# बंगाल में बदलाव की बयार, गौरव वापसी की शुरूआत: मोदी

## पश्चिमबंग दिवस पर पीएम का विपक्ष पर तीखा प्रहार, बोले- अब कटमनी नहीं, विकास की राजनीति होगी

**>> प्रधानमंत्री ने पश्चिमबंग दिवस पर कई महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया**

**>> कांग्रेस, वाम दलों और टीएमसी पर निशाना साधते हुए बंगाल के पिछड़ेपन और घुसपैठ के मुद्दे उठाए**

**>> कहा- बंगाल में परिवर्तन की शुरूआत हो चुकी है और राज्य विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा है**



### विभाजन के इतिहास का किया उल्लेख

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने बंगाल के विभाजनकालीन इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के बंटवारे के समय पूरे बंगाल को पाकिस्तान में शामिल करने की कोशिशें की गई थीं। उस समय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इसका सशक्त विरोध किया और बंगाल को भारत के साथ बनाए रखने के लिए व्यापक आंदोलन चलाया।

### कांग्रेस, वाम दल और टीएमसी पर हमला

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस, वाम मोर्चा और तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि दशकों तक राज्य की सत्ता में रहने वाली सरकारों ने बंगाल की क्षमता का पूरा उपयोग नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास और उद्योगों को बढ़ावा देने के बजाय राजनीतिक स्वार्थों को प्राथमिकता दी गई। उन्होंने कहा कि एक समय देश के औद्योगिक विकास का नेतृत्व करने वाला बंगाल धीरे-धीरे पिछड़ता चला गया। उद्योगों का पलायन हुआ, रोजगार के अवसर कम हुए और युवाओं को दूसरे राज्यों की ओर रुख करना पड़ा।

**■ तारकेश्वर (पश्चिम बंगाल)**

पश्चिमबंग दिवस के अवसर पर शनिवार को तारकेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के विकास और राजनीतिक भविष्य को लेकर बड़ा संदेश दिया। विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास के दौरान उन्होंने कहा कि बंगाल की हवा में नई ताजगी और नई खुशबू महसूस की जा सकती है। ऐसा लग रहा है कि राज्य वर्षों पुरानी बेड़ियों से मुक्त हो रहा है और उसके गौरव की पुनर्स्थापना का नया अध्याय शुरू हो चुका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गांव-गांव में दिखाई दे रही खुशी, लोगों के चेहरों की चमक और जनता के भीतर बढ़ता विश्वास इस बदलाव की स्पष्ट झलक है। उन्होंने कहा कि जनता के एक वोट ने राज्य की दिशा और दशा बदलने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) की 23वीं किस्त जारी की और पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) लागू करने की घोषणा की। इसके अलावा हावड़ा जिले में संकरैल-संतरागाछी लिंक लाइन परियोजना राष्ट्र को समर्पित की गई। उन्होंने हावड़ा में 300 बेड वाले नए डिविजनल रेलवे अस्पताल की आधारशिला रखी तथा पूर्व मेदिनीपुर जिले में हौर और राधामोहनपुर के बीच रोड ओवर ब्रिज निर्माण परियोजना का भी शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और राज्य की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी के साथ मेघनाद साहा, आर.सी. मजूमदार, यदुनाथ सरकार और कई अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भी इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके प्रयासों का ही परिणाम था कि पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा बना रहा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद पश्चिम बंगाल को उसी राष्ट्रवादी भावना के साथ आगे बढ़ाया जाना चाहिए था, लेकिन दुर्भाग्यवश ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक कारणों से पश्चिमबंग दिवस और उससे जुड़े ऐतिहासिक महत्व को भुलाने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि कुछ नेताओं और ऐतिहासिक व्यक्तित्वों के योगदान को जानबूझकर कमतर दिखाया गया, जिससे नई पीढ़ी अपने इतिहास और विरासत से दूर होती चली गई। पश्चिमबंग दिवस को राज्य के गौरव और आत्मसम्मान से जोड़कर देखने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने राज्य में अवैध घुसपैठ के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों की नीतियों के कारण सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ की समस्या बढ़ी और इसका असर राज्य की सामाजिक तथा आर्थिक व्यवस्था पर पड़ा।

# ताकत की बोतल चढ़ाने से पति की मौत, पत्नी गंभीर

## पति ने मेडिकल से खरीद कर खुद ही लगाई थी बोतल

**■ जागरण मोर्चा कार्यालय**

**रामपुर।** सैदनगर ताकत की बोतल चढ़ाने से पति की मौत हो गई जबकि पत्नी की हालत नाजुक है। पति ने मेडिकल से खरीद कर खुद ही पत्नी के ड्रिप लगाई थी। हालत बिगड़ने पर पति ने शेष बची ड्रिप अपने चढ़ा ली थी। परिजनों ने दोनों को मुरादाबाद अस्पताल में भर्ती कराया। देर रात पति की मौत से घर में कोहराम मच गया।

मामला थाना क्षेत्र के खौद गांव के मझरे का है। गांव निवासी युवक पप्पू सैनी अपनी पत्नी कुसुम सैनी के लिए मेडिकल से ताकत की बोतल खरीद कर लाया था। शुक्रवार को पति ने ड्रिप लगाकर पत्नी के बोतल चढ़ानी शुरू की। कुछ देर के बाद पत्नी की हालत बिगड़ी तो पति ने बोतल को हटा दिया। कुछ देर के बाद शेष बची आधी बोतल पति ने स्वयं खुद ही ड्रिप लगाकर चढ़ानी शुरू की। कुछ देर के बाद पति की भी हालत बिगड़ने लगी। पति-पत्नी की हालत



मृतक पप्पू का फाइल फोटो

बिगड़ी देख घर वाले घबरा गए। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए पति को मुरादाबाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। देर रात इलाज के दौरान पति पप्पू सैनी उम्र 28 वर्ष की मौत हो गई। परिजन मृतक का शव घर लेकर पहुंचे तो कोहराम मच गया। थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया परिजनों की ओर से कोई भी शिकायत नहीं की गई है। पुलिस पूरे मामले की अपने स्तर से जांच कर रही है।

# इजरायल ने लेबनान पर किए हमले, 18 की मौत

**■ बेरुत**

अमेरिका और ईरान के बीच पश्चिम एशिया में संघर्ष को समाप्त करने के लिए हुए समझौते के ठीक एक दिन बाद लेबनान के नबातियेह जिले में गुरुवार रात हुए इजरायल ने जबदस्त हमले किए। हमले में 18 लोगों की मौत हो गई और 33 अन्य घायल हो गए। वहीं, हिज्बुल्लाह ने क्षेत्र में लड़ाई जारी रहने की जानकारी दी है। इन घटनाओं ने ईरान और अमेरिका के बीच हाल में हुए युद्ध समाप्ति के समझौते पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ईरान और अमेरिका के बीच शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में होने वाली वार्ता लड़ाई तेज होने के कारण टाल दी गई।

इजरायल ने कहा कि दक्षिणी लेबनान में लड़ाई के दौरान एक लेफ्टिनेंट कर्नल समेत उसके चार सैनिक मारे गए। एक विस्फोटक ड्रोन हमले में पांच अन्य सैनिक घायल हो गए। इजरायली सेना ने लेबनान की पूर्वी बेका घाटी में भी ठिकानों पर हमला किया।



## अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम वार्ता टली

**तेहरान।** अमेरिका और ईरान के प्रमुखों के हस्ताक्षरित युद्धविराम को लागू करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण बैठक को हाल ही में टाल दिया गया है। इससे यह आशंका बढ़ गई है कि यह नाजुक समझौता टूटने की कगार पर पहुंच सकता है। यह बातचीत शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में होने वाली थी। इसमें उस युद्धविराम समझौते के व्यावहारिक और तकनीकी पहलुओं पर चर्चा होनी थी जिसे अमेरिका और ईरान ने बुधवार को डिजिटल माध्यम से औपचारिक रूप से मंजूरी दी थी।

इस देरी ने समझौते के भविष्य पर अनिश्चितता बढ़ा दी है। रिपोर्टों के अनुसार, लेबनान में जारी भारी लड़ाई के बीच ईरान ने अपने प्रतिनिधिमंडल को भेजने से रोक दिया है। उसके अनुसार लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ इजरायल की सैन्य कार्रवाई कम होने के संकेत नहीं दिख रहे हैं।

# टेलीग्राम पर नीट का फर्जी पेपर बेचने वाला गिरफ्तार

## राजस्थान में अमेरिकी नेटवर्क यूज़ कर रहा था

## दिल्ली उच्च न्यायालय बोला- टेलीग्राम पर रोक जारी रहेगी




**■ नई दिल्ली**

टेलीग्राम पर रोक के बाद भी राजस्थान के भीलवाड़ा से नीट का फर्जी पेपर बेचने की कोशिश की गई है। इस मामले में पुलिस एक स्टूडेंट को हिरासत में लिया है। आरोपी टेलीग्राम का इस्तेमाल अमेरिका के वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क के जरिए कर रहा था। उसके टेलीग्राम चैनल का नाम पेपर माफिया है।

उधर, टेलीग्राम पर नीट री-एग्जाम तक रोक जारी रहेगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने टेलीग्राम की केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ लगाई याचिका खारिज कर दी। केंद्र ने 16 जून को टेलीग्राम पर 22 जून तक रोक लगाने का आदेश दिया था। वहीं, नीट री-एग्जाम को ध्यान में रखते हुए वेस्टर्न रेलवे ने परीक्षा केंद्रों पर जाने वाले स्टूडेंट्स के लिए तीन स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। ये स्पेशल ट्रेनें गुजरात और महाराष्ट्र के मुख्य रूटों पर चलेंगी, जिनमें स्लीपर और जनरल कोच होंगे।

### उच्च न्यायालय ने कहा- केंद्र के पास रोक लगाने का अधिकार

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को टेलीग्राम की याचिका पर कहा, 'सरकार के पास आईटी एक्ट की धारा 69 के तहत बैन लगाने का अधिकार है।' जस्टिस तेजस कारिया ने कहा, 'इस मामले पर कोर्ट की रिव्यू कमेटी ने भी सरकार के फैसले की जांच की थी। सरकार ने पूरी समझदारी से काम लिया है, इसमें किसी तरह की जल्दबाजी या लापरवाही नहीं दिखती।' गुरुवार को मामले की सुनवाई पूरी हुई और कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। कोर्ट ने पूछा था- 15 करोड़ यूजर्स के अधिकार को कैसे रोक सकते हैं कोर्ट में गुरुवार को सरकार ने दलील दी थी कि री-एग्जाम से पहले टेलीग्राम के दुरुपयोग की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इस पर कोर्ट ने पूछा था कि कुछ परीक्षार्थियों की वजह से 15 करोड़ टेलीग्राम यूजर्स के अधिकारों पर रोक कैसे लगाई जा सकती है।

वायुसेना ने 4 दिनों में 200 उड़ानें भरकर 20 से ज्यादा जगह पहुंचाए नीट के पेपर नीट-यूजी रीटेस्ट में पेपर लीक रोकने को वायुसेना अभूतपूर्व सुरक्षा अभियान चला रही है।

### 'न मैं कभी गिड़गिड़ाई न इटली कभी झुका'...

**नई दिल्ली।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बचकानी बयानबाजी की तीखी आलोचना की है। ट्रंप ने अपने ही अंदाज में दावा किया था कि हाल ही में हुए जी-7 समिट के दौरान मेलोनी ने उनसे तस्वीर खिंचवाने की 'मिन्नत' की थी। मेलोनी ने इन बातों को तरह मनगढ़ंत' बताया और 'पूरी सहयोगियों के साथ ट्रंप के बर्ताव पर निराशा जताई। मेलोनी ने इटालियन प्राइड को याद दिलाते हुए कहा कि न तो मैंने मिन्नतें की और न ही इटली ने ट्रंप और मेलोनी के बीच हुई इस सार्वजनिक बहस से उनके रिश्तों में आई बड़ी खटास का पता चलता है। इससे पहले फ्रांस में हुए जी 7 समिट के दौरान उनके तनावपूर्ण रिश्तों में सुधार होता दिख रहा था, यह तनाव इस साल की शुरूआत में ईरान युद्ध को लेकर हुए मतभेदों के बाद पैदा हुआ है। ट्रंप ने इटली के टीवी चैनल को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि मेलोनी 'शायद खुश' थीं कि समिट के दौरान उन्होंने उनसे बात की। उन्होंने कहा, 'शायद वह खुश हैं कि मैंने उनसे बात की. मुझे उनसे बात करने की जरूरत नहीं थी।

[मौसम] मानसून को एक साथ 5 सिस्टम रोक रहे

# अरब सागर, बंगाल की खाड़ी से नमी वाली हवाएं नहीं बढ़ रहीं आगे

**■ भोपाल/जयपुर/पटना**

मानसून 15 दिन में 19 राज्यों तक पहुंच चुका है, लेकिन 8 जून से तेलंगाना में अटका हुआ है। 11 दिन हो गए हैं, ये आगे नहीं बढ़ रहा है। इससे उत्तर-मध्य भारत के 7 राज्य बारिश के लिए तरस रहे हैं। इन राज्यों में 60 प्रतिशत तक कम बारिश रिकॉर्ड की गई है। इसकी वजह एक ही समय पर 5 अलग-अलग सिस्टम एक्टिव होना है। जैसे अरब सागर से तेज नमी वाली



हवाएं नहीं आ रहीं और दक्षिण से बादल उत्तर की ओर नहीं बढ़ रहे हैं। 1 से 18 जून के बीच देश में सामान्य से 38 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। अब तक के आंकड़ों के अनुसार सबसे खराब स्थिति गुजरात की रही, जहां सामान्य से 79 प्रतिशत कम बारिश हुई। इसके बाद महाराष्ट्र में 78 प्रतिशत कम वर्षा की गई।

मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा और दिल्ली में प्री-मानसून बारिश हो रही है। इसके बावजूद यूपी-राजस्थान समेत 7 राज्यों में तापमान 40 डिग्री के पार है। कोलकाता एयरपोर्ट पर इंडिगो फ्लाइट पर बिजली गिरी कोलकाता एयरपोर्ट पर आंधी-तूफान के दौरान अगरतला जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई6068 पर बिजली गिर गई। घटना उस समय हुई जब विमान एयरोब्रिज पर खड़ा था। दो ग्राउंड मैन को हल्की चोटें आई थीं, फिलहाल दोनों ठीक हैं। विमान में 147 पैसेंजर सवार थे। सावधानी के तौर पर यात्रियों को विमान से उतारकर दूसरे विमान से रवाना किया गया।

### नवी मुंबई एयरपोर्ट की छत से टपका पानी

नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर छत से पानी टपकने के कारण शुक्रवार को बैगेज बेल्ट 5 और 6 का संचालन कुछ समय के लिए प्रभावित हो गया। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया कि करीब 30 मिनट में पानी का रिसाव रोक दिया गया और एक घंटे के भीतर सफाई व मरम्मत का काम पूरा कर लिया गया। फिलहाल दोनों बैगेज बेल्ट पूरी तरह से चालू हैं।

यूएई के डॉक्टरों को मिली बड़ी कामयाबी

# सीने से जुड़ीं दो बच्चियों का था एक ही लिवर, सर्जरी कर दोनों को किया अलग

**■ रियाद**

सऊदी अरब (यूएई) में डॉक्टरों ने जन्म से एक-दूसरे से जुड़ी फिलीपींस की बच्चियों को सर्जरी कर अलग किया है। यह सर्जरी सऊदी अरब के रियाद के किंग अब्दुल्ला स्पेशलाइज्ड चिल्ड्रन हॉस्पिटल में की गई है। 22 विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने 6 घंटे तक चली सर्जरी के बाद इस



ऑपरेशन को सफल किया है। इसमें बच्चियों की जान को काफी खतरा था, लेकिन डॉक्टरों ने विशेषज्ञों और तकनीक की मदद से इसको अंजाम दिया है। डॉ. अल-रबीआह के अनुसार ऑपरेशन करीब 6 घंटे तक चला। उन्होंने बताया कि बच्चियां सीने और पेट के हिस्से से जुड़ी हुई थीं। दोनों बच्चियों का लिवर एक ही था। उनकी आंतों का भी कुछ हिस्सा आपस में जुड़ा हुआ था। जन्म से जुड़ी हुई इन बच्चियों में से एक बच्ची को जन्म से ही हृदय की बीमारी थी।

कांग्रेस ने सरकार को घेरा, कहा-

# ट्रंप के सामने नाविकों की मौत पर चुप रहे पीएम मोदी

**■ नई दिल्ली**

कांग्रेस ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। अमेरिकी हमले में तीन भारतीय नाविकों के मारे जाने का मुद्दा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सामने न उठाने पर नाराजगी जताई गई है। विपक्ष ने आरोप लगाया कि सरकार का मंत्र 'नेशन फर्स्ट' नहीं, बल्कि 'पीआर फर्स्ट' है यानी देश बाद में, प्रचार पहले। फ्रांस में जी-7 शिखर सम्मेलन के इतर बुधवार को मोदी और ट्रंप के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई थी। दोनों नेताओं ने वहां सार्वजनिक बयान भी दिए थे। इस बैठक को लेकर कांग्रेस के मीडिया और पब्लिसिटी विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने निशाना साधा। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि बैठक में प्रधानमंत्री मोदी अपनी नजरें नीची करके बैठे थे।

खेड़ा ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी मुस्कुराते रहे। उन्होंने भारतीय नाविकों की मौत पर ट्रंप से एक भी सवाल नहीं पूछा। उन्हें बस अपनी त्वचा की तारीफ पसंद आ गई। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री एस जयशंकर मार्को रूबियो से फटकार सुनकर लौटे हैं।

### बैठक के माहौल पर तीखी टिप्पणी

पवन खेड़ा ने कहा कि वह सोफे पर सिमटकर बैठे थे। वह ट्रंप को 'एक्सीलेंसी' कहकर संबोधित कर रहे थे। यह देखना सच में बेहद शर्मनाक था। ऐसा लग रहा था जैसे कोई कंपनी एजेंट अपने बॉस से बात कर रहा हो। हमने पहले कभी कोई प्रधानमंत्री इस तरह का नहीं देखा। कांग्रेस नेता ने कहा कि अमेरिका ने तीन भारतीय नाविकों को मार डाला। इसके बावजूद ट्रंप ने इस पर खेद तक व्यक्त नहीं किया। यह इसलिए हुआ क्योंकि नरेंद्र मोदी वहां बिल्कुल दबे हुए बैठे रहे। वह सिर्फ अपनी तारीफ सुनकर ही संतुष्ट हो गए।

# धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तक नहीं हटेंगे: दीपके

**■ नई दिल्ली**

दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का नीट पेपर लीक और प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ प्रदर्शन जारी है। पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने साफ कहा कि जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते, तब तक प्रदर्शनकारी जंतर-मंतर से नहीं हटेंगे। दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर से प्रदर्शनकारियों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। हालांकि, पुलिस अभी तक मुख्य मंच वाले क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर पाई है।

अभिजीत दीपके ने दिल्ली पुलिस से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति की अवधि बढ़ाने की भी अपील की। हालांकि दीपके की अपील के बाद दिल्ली पुलिस ने सीजेपी के प्रदर्शन की अनुमति बढ़ाने से इनकार कर दिया है। दीपके ने कहा कि यदि धर्मेंद्र



प्रधान के इस्तीफे पर सरकार सकारात्मक पहल करती है तो बातचीत का रास्ता भी खुल सकता है। दीपके ने कहा कि सभी लोग एकजुट होकर शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग करें तथा धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को बुलंद करें। जंतर-मंतर पर आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र और युवा हाथों में पोस्टर तथा थाली चम्मच लेकर पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने नीट परीक्षा विवाद, पेपर लीक और प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित गड़बड़ियों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। साथ ही शिक्षा व्यवस्था में सुधार और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। प्रदर्शन को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर और आसपास के इलाके में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। मौके पर भारी पुलिस बल, महिला पुलिसकर्मी और सीसीटीवी निगरानी तैनात रही। पूरे घटनाक्रम पर प्रशासन की नजर बनी हुई है।

### शाम पांच बजे खत्म हुई अनुमति, फिर भी धरने पर डटे प्रदर्शनकारी

दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन के लिए प्रशासन की ओर से शाम पांच बजे तक की अनुमति दी गई थी, लेकिन निर्धारित समय समाप्त होने के बाद भी प्रदर्शनकारी धरने पर बैठे हुए हैं। जंतर मंतर पर इस समय सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मौके पर दिल्ली पुलिस के जवानों के साथ अर्धसैनिक बल भी तैनात हैं। पुलिस लगातार प्रदर्शनकारियों से अपील कर रही है कि प्रदर्शन की अनुमति समाप्त हो चुकी है और अब धरना स्थल खाली कर दें। इसके बावजूद प्रदर्शनकारी अपनी मांगों को लेकर मौके पर डटे हुए हैं।

# हरियाणा में किसान की हत्या

**■ कसान**

हरियाणा के कैथल स्थित गांव कसान में जमीन विवाद ने खूनी रूप ले लिया। खेत में बिजली की तारें ठीक करवा रहे करीब 65 वर्षीय बुजुर्ग पर कुछ लोगों ने डंडों और लाठियों से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को परिजन कार में अस्पताल लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में आरोपियों ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी गई, जिससे वाहन सड़क किनारे गहरे गड्ढे में पलट गया। बाद में अस्पताल में चिकित्सकों ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर पांच के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। रामनिवास ने आरोप लगाया कि स्टे मिलने के बाद दूसरा पक्ष उनके परिवार से रंजिश रखने लगा। 11 जून को आरोपियों ने खेत की बिजली लाइन काट दी और ट्रांसफार्मर का फ्यूज तोड़ दिया। साथ ही खेती करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। खेत की जुताई के लिए गए ट्रैक्टर चालक को भी डराकर वापस भेज दिया गया था। इस संबंध में पहले भी पुलिस को शिकायत दी गई थी।

### अदालत ने दिया था स्टे आदेश

राजौंद थाना पुलिस को दी शिकायत में गांव कसान निवासी रामनिवास ने बताया कि वह स्वास्थ्य विभाग में एमपीएचडब्ल्यू के पद पर कार्यरत है। उसके पिता कौर सिंह और चाचा बलवान का गांव के हरिकेश, अमित और तरसेम के साथ कृषि भूमि के बंटवारे को लेकर न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। शिकायतकर्ता के अनुसार दूसरे पक्ष ने विवादित भूमि पर निर्माण करने का प्रयास किया था, जिसके खिलाफ मई 2026 में अदालत से स्टे आदेश लिया गया था।



# तहसील दिवस में गूंजा गन्ना भुगतान और नगर की समस्याओं का मुद्दा

- डीएम-एसपी ग्रामीण ने सुनीं 75 शिकायतें, 11 का मौके पर निस्तारण
- आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की गोद भराई भी कराई गई

जागरण मोर्चा कार्यालय



तहसील समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम अविनाश सिंह। -जागरण मोर्चा



बच्चों का अन्नप्राशन तथा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई करते डीएम अविनाश सिंह।

**बहेड़ी।** तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) में जिलाधिकारी अविनाश सिंह और एसपी ग्रामीण मुकेश चंद्र मिश्र ने जनसामान्य की शिकायतें सुनीं। इस दौरान कुल 75 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 11 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को जांच एवं कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। तहसील दिवस में किसानों ने गन्ना भुगतान का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए जिलाधिकारी से बकाया भुगतान जल्द दिलाने की मांग की। अधिकारियों ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। पूर्व पालिका अध्यक्ष पति नसीम अहमद ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर नगर पालिका परिषद में अन्य नगर निकायों की अपेक्षा अधिक भवन कर वसूले जाने का आरोप लगाया। उन्होंने पंजाबी कॉलोनी पावर हाउस के सामने अवैध रूप से दुकानों के निर्माण, नगर में जगह-जगह पेयजल पाइपलाइन लीकेज होने तथा लोगों को दूषित पानी मिलने की शिकायत भी दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि नगर में जलकल अभियंता की तैनाती न होने से व्यवस्थाएं प्रभावित हैं और जल निगम के जेई के पास अतिरिक्त प्रभार होने के कारण समस्याओं का समाधान समय पर नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा अरुण कुमार ने टीका के तालाब गाटा संख्या 200/3 पर अवैध रूप से हुए निर्माण का मुद्दा उठाया। बताया गया है कि यह तालाब नगर पालिका की प्रॉपर्टी है लेकिन जबरन इसमें कब्जा करके निर्माण कर लिए गए हैं। इस मामले में जिलाधिकारी ने जांच के आदेश दे दिए है कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न गांवों और क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर कृषक दुर्घटना योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को सहायता अनुदान राशि के डेमो चेक वितरित किए गए। वहीं बाल विकास परियोजना से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों में पंजीकृत गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई तथा बच्चों का अन्नप्राशन भी किया गया महिलाओं को फल की टोकरियां देकर पोषण, स्वास्थ्य एवं संतुलित आहार के प्रति जागरूक किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए ताकि आम जनता को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके। इस अवसर पर एसडीएम इशिता किशोर, सीओ अरुण कुमार, तहसीलदार भानु प्रताप सिंह सीएमओ विश्राम सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, बाल विकास परियोजना अधिकारी दमखोदा रामगोपाल वर्मा, बाल विकास परियोजना अधिकारी शेरगढ़ भानु प्रताप सिंह मुख्य सेविका राजकुमारी, केशलता गंगवार, स्वाति गंगवार, सुनीता गंगवार, कौशिकी शर्मा, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर राजकुमार, समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### पारिवारिक रंजिश में होमगार्ड पर जानलेवा हमला, ड्यूटी जाते समय सिर फोड़ा, हाथ तोड़ा



**बरेली।** बरेली के भुता थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डबरी में पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। ड्यूटी पर जा रहे एक होमगार्ड पर उनके ही चचेरे भाइयों और भतीजों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने बांके और लाठी-डंडों से हमला कर होमगार्ड का सिर फोड़ दिया और हाथ तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल होमगार्ड को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित होमगार्ड वेदपाल सिंह ने बताया कि विवाद उनके बेटे की पढ़ाई से जुड़े एक मामूली सवाल को लेकर शुरू हुआ था। शनिवार को जब वह ड्यूटी के लिए घर से निकले, तभी रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे आरोपियों ने उन्हें रोक लिया। पहले कहासुनी हुई और फिर आरोपियों ने अचानक हमला कर दिया। बांके से सिर पर वार किया गया, जबकि लाठी-डंडों से हाथ पर कई प्रहार किए गए, जिससे हाथ में गंभीर फ्रैक्चर हो गया। वेदपाल सिंह का आरोप है कि हमलावर दबंग किस्म के हैं और पहले भी जान से मारने की धमकी दे चुके हैं। आरोपियों के खिलाफ थाना भुता में पहले से दो मुकदमे दर्ज बताए जा रहे हैं। घटना के बाद पीड़ित परिवार दहशत में है। भुता पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### पुरानी जिला जेल में शनिवार को शिफ्ट हुए 66 कैदी

**बरेली ।** कलेक्ट्रेट के निकट एवं पोस्टमार्टम हाउस के पीछे स्थित 68 .15 एकड़ में फैली पुरानी जिला जेल में अब शनिवार से चहल पहल एवं रौनक बढ़ गई है। शनिवार को 66 कैदी शिफ्ट हुए। शनिवार को लगभग 66 बंदी केसरपुर की केंद्रीय कारागार 2 से इस जीर्णोद्वार के बाद बनी जेल में शिफ्ट हुए। यह जानकारी जेल अधीक्षक आलोक शुक्ला ने दी। बरेली में लगभग 186 .24 करोड़ की लागत से इस जिला जेल में जीर्णोद्धार एवं सुरक्षा तंत्र/ सी सी टी वी कैमरे आदि लग चुके हैं। इस जेल के नए बने भवन में बैरक की क्षमता बढ़ जाने से अब 2575 से अधिक विचाराधीन कैदी यहां रह सकेंगे। जिला जेल में आधुनिक पाक शाला भी पूजन बाद शुरू हो गई है । जेल के सामने बने मंदिर में पूर्व में ही सुंदरकांड एवं पूजा अर्चना कराई जा चुकी थी। जिला जेल अधीक्षक आलोक शुक्ला के अनुसार आज शनिवार दोपहर तक वाहनों में 22 कैदी की तीन खेप में 66 कैदी यहां आ गए है। अब पूरे परिसर एवं कार्यालय में सुरक्षा उपकरण सी सी टी वी कैमरे लगाने, कंप्यूटर, फर्नीचर, आंतरिक साज सज्जा, आधुनिक रसोईघर का काम पूरा हो गया है।

### पंजाब से लौट रहे मजदूर की ट्रेन से कटकर मौत

**पूरनपुर।** पंजाब से मजदूरी कर वापस आ रहे एक युवक की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाली क्षेत्र के गांव लालपुर अमृतपुर निवासी हरिश्चंद्र पंजाब में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। वह काम खत्म होने के बाद अपने घर वापस आ रहा था। बताया जाता है कि यात्रा के दौरान उदयपुर खुर्द रेलवे स्टेशन के निकट किसी समय वह ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसा इतना भीषण था कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी किसी को नहीं लग सकी और युवक का शव पूरी रात रेलवे ट्रैक के किनारे पड़ा रहा। सुबह जब स्थानीय लोगों की नजर शव पर पड़ी तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना रेलवे अधिकारियों और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। शव की पहचान होने के बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल की ओर रवाना हो गए। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि हरिश्चंद्र मेहनत-मजदूरी करके अपने परिवार का पालन-पोषण करता था और परिवार की आर्थिक जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रथम दृष्टया मामला ट्रेन की चपेट में आने का प्रतीत हो रहा है, हालांकि दुर्घटना किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

# बरेली में हिस्ट्रीशीटर पर प्रशासन की सख्ती, तीन माह के लिए जिला बदर

## अदालत के आदेश पर अलीगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई, बदायूं की सीमा में छोड़ा गया आरोपी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार के अपराध व माफिया विरोधी अभियान के तहत बरेली पुलिस ने एक और सख्त कदम उठाया है। अलीगंज थाना क्षेत्र के शातिर हिस्ट्रीशीटर हसीब कुरैशी को अदालत के आदेश पर आगामी तीन महीनों के लिए जिला बदर कर दिया गया है। यह कार्रवाई अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) न्यायालय द्वारा वाद संख्या 2888/2023 में पारित आदेश के अनुपालन में की गई।

शनिवार, 20 जून 2026 को अलीगंज थाने की पुलिस टीम आरोपी के निवास स्थान पर पहुंची और उसे अदालती आदेश की विधिवत प्रति तामील कराई। पुलिस ने हसीब कुरैशी को जिला बदरी की शर्तों, कानूनी नियमों और प्रतिबंधों की स्पष्ट जानकारी दी। इसके बाद पुलिस टीम ने उसे बरेली जनपद की सीमा से बाहर ले जाकर पड़ोसी जनपद बदायूं क्षेत्र में छोड़ दिया।

पुलिस प्रशासन ने हिस्ट्रीशीटर को सख्त चेतावनी दी है कि जिला बदरी की अवधि के दौरान वह अदालत की लिखित अनुमति के बिना बरेली की सीमा में प्रवेश नहीं करेगा। आदेश का उल्लंघन किए जाने पर उसके खिलाफ नई और कठोर धाराओं में तत्काल वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और अपराधियों में भय पैदा करने के लिए इस तरह की कार्रवाइयां आगे भी लगातार जारी रहेंगी।

# जमीन के बंटवारे का विवाद बना मौत की वजह, बेटे-बहू पर हत्या का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** बरेली के फरीदपुर थाना क्षेत्र के ढकनी गांव में पारिवारिक बंटवारे को लेकर हुआ विवाद आखिरकार एक बुजुर्ग किसान की जान ले गया। बेटे और बहू द्वारा किए गए हमले में गंभीर रूप से घायल 60 वर्षीय किसान डालचंद्र राठौर उर्फ डोरीलाल की उपचार के दौरान पांचवें दिन मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने पहले से दर्ज मारपीट के मुकदमे में हत्या की धाराएं जोड़ दी हैं। पुलिस के अनुसार, सोमवार सुबह डालचंद्र राठौर का अपनी पत्नी पुष्पा, बेटे गोपी और बहू ज्ञान देवी से जमीन के बंटवारे और बिक्री को लेकर विवाद हुआ था। बात बढ़ने पर आरोप है कि गोपी और ज्ञान देवी ने पहले पुष्पा के साथ मारपीट की। पत्नी को बचाने पहुंचे डालचंद्र पर भी दोनों ने हमला कर दिया। आरोप है कि बेटे और बहू ने हॉकी और धारदार बंका से डालचंद्र पर ताबड़तोड़ वार किए। सिर में गंभीर चोटें आईं और पैर में फ्रैक्चर हो गया, जिससे वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़े। घटना के बाद आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए। परिजन घायल किसान को अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान शुक्रवार दोपहर उनकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। क्षेत्राधिकारी संदीप सिंह ने बताया कि अब मामले में हत्या की धाराएं बढ़ा दी गई हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है और जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा।

# घर में घुसकर महिला के साथ की छेड़खानी, पुलिस को दी तहरीर

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का पति शुक्रवार को किसी काम से बाहर गया था। रात्रि के दौरान एक युवक उसके घर में घुस आया। इसके बाद युवक ने महिला को गलत तरीके से दबोच लिया। आरोप है कि छेंडछांड कर दुष्कर्म की कोशिश की शोर मचाने पर युवक धमकी देकर भाग गया। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने वताया कि तहरीर पर जांच की जा रही है। मामला सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
बरेली सिटी से 'जागरण मोर्चा' को चाहिए ऊजार्वान पत्रकार!
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक 'जागरण मोर्चा' बरेली शहर, तहसील एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समाचार संकलन के लिए निष्पक्ष, साहसी और ऊजार्वान संवाददाताओं (पत्रकारों) की आवश्यकता है।
संपर्क सूत्र: 7579849555, 9627739857
मिलने का समय: दोपहर 12 से शाम 06 बजे तक
कार्यालय का पता: सी-86, चन्दपुरी, प्रेम नगर (बी-बाजार के सामने), बरेली, उत्तर प्रदेश।

# मतदाता सूची से 400 नाम हटाने व 150 फर्जी वोटर जोड़ने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** आंवला तहसील के विकास क्षेत्र मझगवां स्थित ग्राम पंचायत कंधरापुर शिवनगर के ग्रामीणों ने शनिवार को बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट को शिकायती पत्र सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत चुनाव को प्रभावित करने की मंशा से मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई है।

प्रेमपाल, गनपत सिंह, धर्मपाल, सियाराम, रामपाल समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि उनके पास आधार कार्ड, राशन कार्ड, मूल निवास समेत सभी वैध दस्तावेज हैं और वे वर्षों से ग्राम पंचायत के मतदाता हैं। आरोप है कि बीएलओ के सर्वे और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की संस्तुति के बावजूद लगभग 400 वैध मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए। वहीं, जिन 150 लोगों पर आपत्ति थी और जो सर्वे में मौके पर नहीं मिले थे, उनके नाम बिना जांच के जोड़ दिए गए। ग्रामीणों ने प्रधान पति, बीएलओ, राजकुमार और एक कंप्यूटर ऑपरेटर पर मिलीभगत कर धोखाधड़ी और जालसाजी का आरोप लगाते हुए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष स्थलीय जांच कराकर मतदाता सूची में संशोधन की मांग की। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# राहुल गांधी जी के जन्मदिन पर कांग्रेसजनों ने केक काटकर मनाया उत्सव, देशहित में संघर्ष का लिया संकल्प

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** राहुल गांधी जी के जन्मदिन के अवसर पर कांग्रेसजनों द्वारा हर्ष और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान केक काटकर उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों को केक खिलाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गईं।

कार्यक्रम में सभी ने राहुल गांधी जी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही देशहित, लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करने का संकल्प लिया गया।

कांग्रेसजनों ने कहा कि समाज में नफरत और विभाजन की राजनीति करने वाली सांप्रदायिक एवं समाज विरोधी शक्तियों के खिलाफ एकजुट होकर देश की एकता, भाईचारे और आपसी सौहार्द को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

इस अवसर पर उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने राहुल गांधी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सर्व श्री प्रदेश कांग्रेस के निवर्तमान उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल, निवर्तमान प्रदेश सचिव चौधरी असलम मियां जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष अवनीश बख्शी टोनू, अल्प संख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव हसनैन अंसारी, जिला कांग्रेस अल्प संख्यक विभाग के अध्यक्ष शहजाद अली, अनवर खान, नाजिम अली, शाहनूर, महानगर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष मोहसिन रज़ा खान, नितिन श्रीवास्तव, आरिफ अब्बासी, तोशीम खान, इरफान तौफ़ीक़ बेग shariq अली आदि ने जन्मदिन पर जश्न मनाते हुए संकल्प लिया।

**सख्ती** नियमों का उल्लंघन मिलने पर 5 लाउडस्पीकर उतरवाए गए, 90 की आवाज मानकों के अनुरूप कराई गई

# ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 517 जगह चला विशेष चेकिंग अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली के निर्देशन में जनपद में ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण और शासन द्वारा निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से शनिवार को विशेष लाउडस्पीकर चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सुबह 5 बजे से 7 बजे तक जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों (लाउडस्पीकरों) की व्यापक जांच की गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार माह के प्रत्येक शनिवार को चलाए जा रहे इस विशेष अभियान का उद्देश्य धार्मिक, सामाजिक एवं सार्वजनिक स्थलों पर लगे ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज को निर्धारित मानकों के अनुरूप रखना तथा ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करना है। जिलेभर में पुलिस टीमों ने कुल 517 स्थानों पर जांच की।

चेकिंग के दौरान कई स्थानों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज निर्धारित सीमा से अधिक पाई गई। ऐसे मामलों में तत्काल कार्रवाई करते हुए 90 लाउडस्पीकरों की आवाज को मानकों के अनुरूप कराया गया, जबकि नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर 5 लाउडस्पीकर उतरवा दिए गए। थाना शेरगढ़ पुलिस ने 17 स्थानों पर विशेष जांच अभियान चलाया। निरीक्षण के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर पांच ध्वनि विस्तारक यंत्रों को मौके पर ही उतरवा दिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में नियमों का पालन सुनिश्चित करने का संदेश गया।

अभियान के दौरान कोतवाली, किला, सुभाषनगर, बारादरी, महिला थाना, सिरौली, अलीगंज, मीरगंज, फतेहगंज पश्चिमी, शाही, फरीदपुर, बहेड़ी, देवरनियां, शेरगढ़, शीशगढ़, हाफिजगंज, भोजीपुरा और क्योलड़िया थाना क्षेत्रों में जांच की गई। इनमें कुल 393 स्थानों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों की आवाज निर्धारित मानकों से अधिक पाई गई, जिन्हें मौके पर ही नियंत्रित कराया गया। पुलिस टीमों ने कार्रवाई के साथ-साथ लोगों को ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण नियमों के प्रति जागरूक भी किया। अधिकारियों ने धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक संस्थानों और आयोजकों से अपील की कि वे ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप करें, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सामाजिक सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनी रहे। पुलिस ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण नियमों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है।

# भीषण गर्मी से हाफ रहे ट्रांसफार्मरों पर बढ़ा दबाव

**पूरनपुर।** भीषण गर्मी का असर अब विद्युत व्यवस्था पर साफ दिखाई देने लगा है। लगातार बढ़ते तापमान के चलते विद्युत ट्रांसफार्मरों पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है। गर्मी के चलते जिससे कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर ओवरहीट होकर फाल्ट कर रहे हैं। तहसील क्षेत्र के बिजली उपकेंद्र से गांवो में बिजली सप्लाई दी जा रही है। इन दिनों गर्मी का तापमान लगातार बढता जा रहा है। जिसका असर ट्रांसफार्मरों पर पडने लगा है। भीषण गर्मी के चलते दिन-रात कूलर,पंखे,एसी और अन्य विद्युत उपकरणों का अधिक उपयोग कर रहे हैं। इससे बिजली की खपत में काफी वृद्धि हुई है। बढ़े हुए लोड के कारण ट्रांसफार्मरों पर दबाव बढ़ रहा है और तेज गर्मी के चलते उनमें भरा तेल भी तेजी से गर्म होकर प्रभावित हो रहा है। ट्रांसफार्मर के सुचारु संचालन में तेल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। तेल का स्तर कम होने पर ट्रांसफार्मर के गर्म होने और उसमें खराबी आने की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। कहीं फ्यूज उड़ने तो कहीं ट्रांसफार्मर के अधिक गर्म होने से बिजली आपूर्ति घंटों प्रभावित रही है।




मदरसा फुरकानिया मिस्टन गंज रामपुर
की ओर से
21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय
योग दिवस पर जनपद वासियो को
हार्दिक बधाई


नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उ.प्र.
डॉ. दयाशंकर सिंह 'दयालु'
करें योग
स्वस्थ आयु के लिए योग
रहें निरोग
21 जून 2026
12वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026
एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
स्वस्थ आयु के लिए योग
योग दिवस के शुभ अवसर पर
सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. दीपा सिंह
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
संजय सिंह चौहान
जिला मलेरिया अधिकारी


मदरसा फैजुल उलुम थाना टीन रामपुर
की ओर से
21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस
पर जनपद वासियो को
हार्दिक
बधाई
मौलाना असलम जावेद कासमी
अध्यक्ष जमीअतुल उलेमा ए हिन्द/ निदेशक
रैड क्रास सोसायटी रामपुर


स्वस्थ शरीर, शांत मन, खुशहाल जीवन
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
21 जून
की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज कुमार
विधिक माप विज्ञान अधिकारी रामपुर


स्वस्थ शरीर, शांत मन, खुशहाल जीवन
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
21 जून
गौरव सिंह,एक्सईएन लोनिवि,रामपुर


स्वस्थ शरीर, शांत मन, खुशहाल जीवन
International day of Yoga
21st June
अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
Yoga for Harmony & Peace
21 जून
संदीप सोनी
राष्ट्रीय अध्यक्ष
उद्योग व्यापार
प्रतिनिधि मंडल
रामपुर
योग न केवल हमारे शरीर को स्वस्थ बनाता है, बल्कि मन को शांत और जीवन को संतुलित भी करता है। आइए, योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं और निरोग, निरामय एवं सुखमय जीवन की ओर बढ़ें। योग दिवस के शुभ अवसर पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।
राजीव शर्मा
जिलाध्यक्ष
व्यापार मंडल
रामपुर
अलीम खान
जिला संगठन
मंत्री
उद्योग व्यापार
रामपुर
नबाब युसुफ
जिला संरक्षक
व्यापार मंडल
रामपुर
नासिर लाला
जिला संगठन
मंत्री
व्यापार मंडल
रामपुर
करें योग, रहें निरोग


करते रहे योग
और रहे निरोग
रोजाना योग करने से जहां
शरीर को आराम मिलता है वहीं
बीमारियो से भी छुटकारा मिलता है।
रोजाना योग
करें, स्वस्थ
जीवन जिएं।
योग के फायदे
शरीर को फिट
और ऊर्जावान बनाता है
बीमारियों से
बचाव करता है
मानसिक तनाव
को कम करता है
मन को शांति और
आनंद प्रदान करता है
शारीरिक लचीलापन
और ताकत बढ़ाता है
शिक्षिका शबनम आरा बताती हैं कि
योग करने से शरीर फिट रहता है साथ ही
बीमारियां दूर भागती हैं।
सभी लोगों को
योग अवश्य करना चाहिए।
स्वस्थ शरीर
सुखी जीवन
योग अपनाएं
जीवन संवारें
हर दिन का संकल्प
योग ही है विकल्प
स्वस्थ रहें, मस्त रहें
योग को जीवन में बसाएं

# जनसमस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दें अधिकारी: डीएम

## संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने 31 के सापेक्ष 4 का कराया मौके पर निस्तारण

जागरण मोर्चा, कार्यालय



शाहबाद तहसील में लोगों की फरियादें सुनते डीएम, एसपी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** तहसील शाहबाद के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता, पारदर्शिता बरती जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि जो शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए उन्हें समय निस्तारण कर प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष एवं तथ्यपरक परीक्षण करते हुए उसका संतोषजनक निस्तारण कराया जाए तथा किसी भी प्रकरण को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए।

शनिवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक सोमेन्द्र मीणा की मौजूदगी में तहसील शाहबाद सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 31 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 4 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। प्राप्त शिकायतें मुख्य रूप से राजस्व, पूर्ति, विद्युत, सहायक निबंधक, सिंचाई एवं अन्य विभागों से संबंधित रहीं। ग्राम भगवतीपुर में अवैध कब्जा हटवाने, ग्राम भोपतरायपुर में सरकारी गूल पर अवैध कब्जे की शिकायत पर जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को नामित कर राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित करते हुए स्थलीय जांच कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि राजस्व एवं पुलिस विभाग से संबंधित मामलों में आपसी समन्वय स्थापित करते हुए शिकायतों का शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण कराया जाए।

### तहसील सदर में सीडीओ ने सुनीं फरियादें

तहसील सदर में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 22 शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें से 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। जबकि तहसील टांडा में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आनन्द कुमार सिंह ने 22 शिकायतें सुनीं। जिसमें से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील स्वार में अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान ने 8 शिकायतें सुनीं। जिसमें से 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील मिलक में उपजिलाधिकारी मिलक की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में 12 शिकायतें आई, 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील बिलासपुर में 14 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस में शामिल होंगे राज्यमंत्री



**रामपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनपद रामपुर के पनवड़िया स्थित सद्भावना मंडप में आयोजित भव्य योग कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देशन में आयोजित होने वाले इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा औलख को योग दिवस के लिए जनपद रामपुर का प्रभारी मंत्री नियुक्त किया गया है। राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख जी ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति और ऋषि परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जिसने आज संपूर्ण विश्व में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन, मानसिक संतुलन, आत्मिक शांति तथा सकारात्मक ऊर्जा का सशक्त माध्यम है।

## सार संक्षेप

### दामाद की फायरिंग से दहला नरपतनगर

**स्वार।** नगर पंचायत नरपतनगर में दामाद द्वारा ससुराल पक्ष पर फायरिंग किए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। घटना में गोली लगने से घायल साले का उपचार चल रहा है। घायल के पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरूकर दी है। नरपतनगर निवासी पीड़ित हाजी रईस अहमद ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार दोपहर वह अपनी दुकान पर बैठा था।उसका दामाद वसीम अहमद अपने कुछ साथियों के साथ थार कार से आया और गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। विवाद बढ़ने पर पुलिस को सूचना दी गई। आरोप है कि पुलिस के मौके पर पहुंचने के बावजूद आरोपी ने दुकान के केबिन में थार कार से टक्कर मार दी थी।इसके बाद अवैध हथियार से फायरिंग कर दी।फायरिंग के दौरान गोली उसके बेटे जीशान की जांघ में लग गई। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि मुख्य आरोपी और उसके साथी पहले भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहे हैं। पुलिस ने घायल के पिता की तहरीर के आधार पर वसीम अहमद, नदीम अहमद व अदनान के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।

### मदरसों में मनेगा योग दिवस

रामपुर। सभी मान्यता प्राप्त मदरसों में योग दिवस मनाया जाएगा। योग दिवस के कार्यक्रम की फोटो भी परिषद को भेजनी होगी। इस संबंध में मदरसा शिक्षा परिषद ने संबंध में आदेश जारी किए हैं। पत्र में कहा गया है कि 2025 की भांति इस वर्ष भी 21 जून को राज्य में विश्व योग दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मदरसों में भी योग दिवस के अवसर पर मदरसा छात्रों और अध्यापकों को योग के महत्व से बताया जाएगा। योग दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए प्रबंधक और प्रधानाचार्य आवश्यक कार्रवाई करें।

### समस्याओं के समाधान को लेकर सौंपा ज्ञापन

**टांडा।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने शनिवार को स्थानीय तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न समस्याओं पर आधारित ज्ञापन देकर उनके समाधान की मांग की। भाकियू ने ज्ञापन में कहा कि यूरिया व डीएपी की ऑनलाइन व्यवस्था से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खाद की पुरानी व्यवस्था को लागू किये जाने की मांग की गई। राजपुरा डैम से चलने वाली नहर, जो कि टांडा तक आती है, इस नहर में राजपुरा टांडा डैम का फाटक नहीं है। इसके साथ ही सूरजपुर व भादीखेड़ा के आस-पास नहर का पानी रोकने वाले फाटक एवं पुलिया टूटी हुई हैं। इसकी अविलंब मरम्मत व नहर की सफाई भी कराई जाए। नगर टांडा में जामा मस्जिद मार्ग तथा मियां वाली मस्जिद मार्ग पर अनेक दुकानदारों द्वारा सड़क एवं सार्वजनिक मार्ग पर अस्थायी अतिक्रमण कर रखा गया है। दुकानों का सामान, ठेले एवं अन्य वस्तुएं सड़क तक फैला देने के कारण आम राहगीरों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन देने वालों में जिला सचिव साबिर अली, टांडा नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला, युवा नगर अध्यक्ष फरीद खां, अमोल दीप सिंह तहसील अध्यक्ष, बलजीत सिंह, पूरन सिंह चौहान, मोहम्मद रफीक, जलीस उर्फ भूरा खान, इंतजार हुसैन, हसीब अहमद, रियासत अली, जावेद और मसरूफ आदि मौजूद रहे।

### 'राणा मिल गन्ने के ज्यादा रेट में दे रहा गन्ने का बीज'



डीएम को ज्ञापन देते भाकियू टिकैत के पदाधिकारी।

**शाहबाद।** शनिवार को शाहबाद तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर डीएम अजय कुमार द्विवेदी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि शाहबाद का राणा शुगर मिल किसानों को गन्ने का बीज अधिक रेट में उपलब्ध करा रहा है जबकि किसानों को 400 रुपए प्रति क्विंटल के दर से बीज उपलब्ध कराना चाहिए। सहकारी समिति में भी धांधलेबाजी की शिकायत की। इस दौरान सुनील कुमार, खुशीराम यादव, युवा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव, नावेद खा, राजवीर यादव, राउफ बेग आदि रहे।

### सद्भाव मंडप में योगा करेंगे नकवी



**रामपुर।** निवर्तमान केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पनवड़िया स्थित सांस्कृतिक सद्भाव मंडप में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित योग शिविर में योग करेंगे। नकवी दो दिवसीय प्रवास पर 20 जून सायंकाल 5 बजे रामपुर पहुंचे। सायंकाल प्रमुख पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मिले। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पनवड़िया स्थित सांस्कृतिक सद्भाव मंडप में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित योग शिविर में योग कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

### अलग - अलग सड़क हादसों में तीन जख्मी

**शाहबाद।** शनिवार को ऊंचा गांव निवासी सद्दीक ई-रिक्शा में गेहूं भरकर शाहबाद की ओर आ रहे थे। रम्पुरा के निकट एक अज्ञात वाहन ने उनके ई-रिक्शा में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्हें निजी वाहन से सीएचसी शाहबाद ले गए। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया। दो अन्य अलग-अलग सड़क हादसों में भी दो युवक घायल हो गए। बरेली के कनपुर मीरगंज निवासी सुशील और शाहबाद निवासी मुस्तफा अली भी सड़क हादसे का शिकार हो गए। इन सभी घायलों को भी सीएचसी शाहबाद पहुँचाया गया। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया।

### आयुष्मान कार्ड के लिए डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाहबाद।** पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजिस्टर्ड के पदाधिकारियों ने संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम अजय कुमार द्विवेदी को ज्ञापन सौंपकर पात्र पत्रकारों के आयुष्मान कार्ड बनाएं जाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि क्षेत्र में कार्यरत पत्रकार जनहित एवं समाज हित में निरंतर अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। पत्रकारिता एक सेवा प्रदान कार्य है जिसमें अधिकांश पत्रकार सीमित संसाधनों के साथ कार्य करते हैं। ज्ञापन देने वालो में शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष आफताब, महासचिव सिफत मियां, संस्थापक एहसान खान, कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष राजीव कुमार भटनागर, सुमित कश्यप, जहीर खान, फैज़ी खान, तकरीर अहमद, शिवानी, राशिद अली आदि रहे।



मेडल दिखाते खिलाड़ी। -जागरण मोर्चा

### खिलाड़ियों ने जीते पदक

**रामपुर।** सातवीं साउथ एशियन किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप वाराणसी स्टेडियम में आयोजित हुई। जिसमें रामपुर के खिलाड़ियों ने इंडिया टीम की तरफ से अपनी अलग-अलग वेट कैटेगरी में खेल-खेलकर प्रदर्शन किया और सभी फाइटरों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपना नाम गोल्ड मेडल हासिल किया। जिसमें ध्रुव कुमार ने 13 साल की उम्र में 36 किलो में स्वर्ण पदक जीता। अरुण कुमार लोधी को 17 साल की उम्र में 50किलो में स्वर्ण पदक मिला। प्रेम सिंह लोधी को 30 साल में 70 किलो में स्वर्ण पदक मिला। अनिता सिंह 44 वर्ष की उम्र में 80 किलो में स्वर्ण पदक जीता। सभी खिलाड़ी वैष्णो मार्शल आर्ट फाइट क्लब के खिलाड़ी हैं। सभी खिलाड़ियों ने अपनी माता पिता हमारे परिवार का नाम रोशन किया।

## दो बसें सीज, एक का चालान कर डाला जुर्माना

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर जनपद में यातायात व्यवस्था को सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने तथा बिना वैध अभिलेखों के संचालित वाहनों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत शनिवार प्रातः 3 बजे से 7:30 बजे तक शाहबाद मंडी क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा बसों की गहन जांच की गई। जांच में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर दो बसों को सीज किया गया। इसके अतिरिक्त एक बस का चालान करते हुए उस पर 90,000 रुपए का जुर्माना अधिरोपित किया गया। एआरटीओ राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यात्री सुरक्षा एवं परिवहन नियमों के अनुपालन करने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। वाहन स्वामियों एवं संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने वाहनों के समस्त अभिलेख अद्यतन रखें तथा परिवहन नियमों का पूर्णतः पालन करें, अन्यथा उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा एवं नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विशेष प्रवर्तन अभियान लगातार संचालित किए जाते रहेंगे।

### गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

शाहबाद। थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।शाहबाद थाने पर 7 आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट में कार्रवाई करते हुए केस दर्ज किया।इन आरोपियों ने सक्रिय डकैतों का एक समूह बना रखा है, जो कि डकैती और लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देते है। शनिवार को शाहबाद पुलिस ने गैंग सदस्य वारिश पुत्र ताहिर पठान निवासी ग्राम मित्तरपुर थाना शाहबाद को मुखबिर की सूचना पर नवाब किले के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल प्रदीप कुमार, निरीक्षक राजकुमार, एसआई राम बाबू, कांस्टेबल सुरेश कुमार, आशु खां, अंकित कुमार आदि रहे।

## चलती सीएनजी कार में लगी आग

- चालक ने गाड़ी रोककर 4 लोगों को बाहर निकाला

जागरण मोर्चा, कार्यालय



रमा सिंहल हास्पिटल के पास खड़ी कार को देखते लोग। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में राम सिंहल हॉस्पिटल के सामने शुक्रवार की रात चलती सीएनजी कार में अचानक आग लग गई। चालक की सतर्कता और सूझबूझ के चलते कार में सवार सभी चार लोग समय रहते बाहर निकल गए। जिससे बड़ा हादसा टल गया।

कार स्वामी फरमूद अली अपने साथियों के साथ किसी काम से रामपुर आए थे। मोबाइल फोन रिपेयर कराने के बाद वे अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान राम सिंहल हॉस्पिटल के सामने पहुंचते ही उन्हें वाहन से असामान्य गंध महसूस हुई। कुछ ही देर बाद कार के अगले हिस्से से धुआं निकलने लगा। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए चालक ने तुरंत कार को सड़क किनारे रोक दिया। सभी सवारों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद कार के बोनट से आग की लपटें उठने लगीं। जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के दुकानदार और राहगीर मौके पर पहुंच गए। लोगों ने पानी और अन्य उपलब्ध संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। कार स्वामी ने बताया कि वाहन सीएनजी से संचालित है, लेकिन आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। आग बुझने के बाद कार दोबारा स्टार्ट नहीं हुई। वाहन को मैकेनिक के पास ले जाकर तकनीकी जांच कराई जाएगी, ताकि आग लगने के कारणों का पता चल सके।

## 4-1 से स्पोर्टिंग वॉरियर्स ने जीता फाइनल

- यंग मैन मैदान में टूर्नामेंट का आयोजन,मोमेंटों देकर किया सम्मानित

जागरण मोर्चा, कार्यालय



यंग मैन के मैदान में विजयी टीम को ट्राफी देते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** जिला फुटबॉल एसोसिएशन रामपुर और रामपुर स्पोर्टिंग फुटबॉल एकेडमी की ओर से यंग मैन ग्राउंड में टूर्नामेंट कराए जा रहे हैं। समर फुटबॉल लीग टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला स्पोर्टिंग ग्रीन बनाम स्पोर्टिंग बैरियर्स के मध्य खेला गया। जिसमें मैच शुरू होते ही वोटिंग वॉरियर्स के स्ट्राइकर अयान अख्तर पहले हाफ के 2 ही मिनट में गोल करके विपक्षी टीम को हैरान कर दिया। उसके बाद दोनों ही टीमों ने एक दूसरे पर जोरदार हमले किए। लेकिन सफलता स्पोर्टिंग वॉरियर्स के खिलाड़ी इजहान को मिली। जिन्होंने पहले हाफ के 21 वें मिनट पर गोल करके अपनी टीम को 2-0 की बढ़त दिलाई।

उसके बाद स्पोर्टिंग ग्रीन के खिलाड़ियों ने खेल में तेजी लाते हुए लगातार हमले किए। जिसका फायदा उन्हें पहले हाफ के 24 में मिनट में मिला। जब स्ट्राइकर गोलू के पास पर स्पोर्टिंग ग्रीन के खिलाड़ी हुजैफा ने जोरदार शॉट लगाकर अपनी टीम के लिए पहला गोल किया। इस तरह मैच का पहला हॉफ 2- 1 के स्कोर रहा। मैच के दूसरे हॉफ में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। जिस तरह उमरपुर टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला स्पोर्टिंग वॉरियर्स 4-1 से जीत कर विजेता बनी। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि समाजसेवी मामून शाह खान ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस दौरान जिला फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष शाकिर मोइन कुरैशी, उपाध्यक्ष नईम खान, जिला पंचायत सदस्य डॉ. नूर मोहम्मद, सभासद शाहवेज भूरा डमडम, नासिर अली, अदनान, साजिद, मास्टर नाजिम, अमन खान आदि मौजूद रहे।

## चाकू चौक मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे, हिचकौले ले रहे वाहन

जागरण मोर्चा, कार्यालय



चाकू चौक मार्ग खस्ताहाल।

**रामपुर।** लोक निर्माण विभाग के अफसरों की अनदेखी के कारण चाकू चौक मार्ग की स्थिति काफी जर्जर हो गई है वर्तमान में मार्ग हालत यह है कि जगह-जगह गहरे गड्ढे है जिन पर लोगों का चलना खतरे से खाली नहीं हैं। लेकिन इस ओर जिम्मेदारों का कोई ध्यान नहीं हैं।

आम आदमी पार्टी के शहर अध्यक्ष मोहम्मद जफर ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार लगातार प्रदेश को गड्ढा मुक्त करने के दावे कर रही है। लेकिन रामपुर शहर में इन दावों की हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि रामपुर से होकर दिल्ली, हरियाणा, पंजाब एवं अन्य राज्यों से नैनीताल जाने वाले यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण मार्ग चाकू चौक से नैनीताल हाईवे बाईपास तक लगभग 500 मीटर का रोड काफी समय से खराब हालत में है। मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग शहर की छवि से भी जुड़ा हुआ है क्योंकि बाहर से आने वाले लोग सबसे पहले इसी रास्ते से गुजरते हैं। खराब सड़क के कारण दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है। उन्होंने कहा कि लोनिवि के अधिकारियों को चाहिए कि जनहित को देखते हुए इस मार्ग की तत्काल मरम्मत कराई जाए।

## बाइकों की टक्कर, तीन जख्मी




**शाहबाद।** शनिवार को बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार सिरौली थाना क्षेत्र के बिहारीपुर निवासी के प्रेम शर्मा और दरवेश ढकिया से मंदिर निर्माण के लिए टाइल्स लेकर वापस अपने गांव लौट रहे थे सामने से आ रहे ढकिया चौकी क्षेत्र के भगवतीपुर निवासी विजय सिंह की बाइक से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई कि तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी शाहबाद भेजा गया। डॉक्टरो ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए ज़िला अस्पताल रेफर कर दिया।

तैयारियां

डीएम-एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण, तैयारियों का लिया जायजा

## नौ केंद्रों पर 2704 अभ्यर्थी देंगे आज परीक्षा



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीएम-एसपी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** नीट यूजी-2026 राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा आज नौ केंद्रों पर होगी। इसमें 2704 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा की निगरानी एवं व्यवस्थाओं के प्रभावी संचालन के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सेक्टर मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति की गई है। नियुक्त मजिस्ट्रेट परीक्षा से पूर्व केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का सत्यापन करेंगे।

शनिवार को जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने परीक्षा के लिए बनाए गए केंद्रों का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने सभी केंद्रों पर परीक्षा को लेकर की गई तैयारियों का जायजा लिया। केंद्रों पर जाकर डीएम ने सुरक्षा, यातायात, पेयजल, विद्युत, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। परीक्षा केंद्रों के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने देने तथा परीक्षा की गोपनीयता एवं शुचिता बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी अभ्यर्थियों एवं अभिभावकों से कहा कि वे परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करें। परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित समय से पूर्व पहुंचकर सहयोग प्रदान करें। जिससे परीक्षा का आयोजन शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जा सके।

### दोपहर 2 से सवा 5 बजे तक आयोजित होगी परीक्षा

अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों में प्रवेश 11 बजे से 1 :30 बजे तक दिया जाएगा। परीक्षा 2 बजे से 5 :15 बजे तक चलेगी। परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश पत्र, वैध फोटो पहचान पत्र, दवा व पानी की बोतल के अतिरिक्त कोई भी वस्तु परीक्षा के दौरान अभ्यर्थी नहीं ले जा सकेंगे। परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की गहन जांच की जाएगी। उनके उपस्थित बायोमेट्रिक होगी। सभी गतिविधियों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जाएगी। परीक्षा प्रारंभ होने के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर जैमर संचालित रहेंगे।

## दिव्यांग की जमीन पर कब्जे का आरोप

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**स्वार।** तहसील क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर फरीदपुर निवासी दिव्यांग नवी अहमद पुत्र अहमद हुसैन ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी भूमि को लेकर वर्ष 2019 से उपजिलाधिकारी न्यायालय में राजस्व संहिता की धारा 116 के अंतर्गत वाद विचाराधीन है।

मामले में अभी तक कोई अंतिम आदेश पारित नहीं हुआ है। पीड़ित के अनुसार अवैध कब्जे की आशंका को देखते हुए उसने 28 दिसंबर 2021 को कोर्ट से यथास्थिति बनाए रखने का आदेश प्राप्त किया था। इसके बावजूद अगले ही दिन कुछ लोगों ने कथित रूप से लाठी डंडों और अवैध हथियारों के बल पर जमीन पर कब्जा कर लिया तथा वहां निर्माण कार्य करा दिया। पीड़ित का कहना है कि जब उसने विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई। नवी अहमद ने आरोप लगाया कि घटना की सूचना पुलिस को दी गई थी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई, किंतु मामले को आपसी विवाद बताकर निस्तारित कर दिया गया।

पीड़ित का दावा है कि उसके पास मामले से संबंधित सभी दस्तावेज और साक्ष्य मौजूद हैं, जिन्हें वह जांच के दौरान प्रस्तुत कर सकता है।शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौप पीड़ित निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग की।

# 'स्वस्थ जीवन के लिए प्रतिदिन करना चाहिए योग'

## 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र के 177 सदस्यों द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रस्ताव को दी गई थी मंजूरी


प्रतिदिन योगा करने के लिए शपथ लेते। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी**। श्री नारायण सेवा समिति द्वारा योग दिवस की पूर्व संध्या पर सीता रोड पर योग के संबंध में एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए अध्यक्ष सुभाष वार्ष्णेय भोलेनाथ ने कहा कि 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र के 177 सदस्यों द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। प्रबंधक हरीश कठेरिया एडवोकेट ने कहा कि 21 जून को वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है और योग भी मनुष्य को इस प्रकार दीर्घायु बनाता है। हमें संपूर्ण स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए योग प्रतिदिन करना चाहिए। दुगपालसिंह ने कहा कि योग जीवन के हर चरण में शारीरिक शक्ति, मानसिक शांति और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने में योग की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करता है। नितेश उपाध्याय ने कहा कि वर्ष 2015 के प्रथम बार के योग दिवस पर रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया ने 10 रुपए का स्मारक सिक्का जारी किया। डी. के. अग्निहोत्री ने कहा कि योग दिवस पर विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी संगठन, सामाजिक संस्थाएं, स्कूल कालेज, व्यक्तिगत संस्थान आदि जगहों पर योग दिवस बड़े धूमधाम से आयोजित किया जाता है।

गोष्ठी के पश्चात् सभी को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सचेत तथा निरोगी रहने के लिए कृत संकल्पता की शपथ दिलाई गई ।इस दौरान डा. जयशंकर दुबे, केजी. गुप्ता, विपिन गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त किए।

### योग स्वस्थ मन एवं शरीर के साथ आध्यात्मिक लाभ किए जा सकते प्राप्त

**चन्दौसी**। योग प्रकृति का वरदान है। जिसने अपना लिया वो महान है। योग ऐसी सुलभ एवं प्राकृतिक पद्धति है, जिससे स्वस्थ मन एवं शरीर के साथ अनेक आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किए जा सकते हैं इस उद्देश्य से जायंट्स ग्रुप आफ सखी सहेली द्वारा योग शिविर का आयोजन संत तुकाराम पार्क में किया जा रहा है। सर्व प्रथम फेडरेशन आफिसर अंजू राजपूत प्रोजेक्ट कोआर्डिनेटर सीमा वर्मा, रीता बुदियाल, अध्यक्ष डा. मधुलता तोमर द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। योग प्रशिक्षिका द्वारा अनुलोम विलोम, कपालभाति, मंडूकासन, सिंहासन आदि अनेक आसन एवं ताली बजाने आदि आसनों को स्वयं करके दिखाया तथा सफल अभ्यास कराया साथ ही इन आसनों को करने से होने वाले लाभों को विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने थायराइड, मधुमेह व पेट से संबंधित एवं मोटापे आदि से छुटकारा पाने के अनेक सरल आसन करके बताएं तथा सूर्य नमस्कार व महायोग के विषय में जानकारी दी। योग प्रशिक्षिका ने कहानी के माध्यम से योग करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि अभ्यास करते रहने से सफलता मिलती है। इस दौरान मधुलता तोमर, सीमा वर्मा, दीप्ति दुबे, मीनू सिंह, करुणा अग्रवाल, रेखा सक्सेना, अलका वार्ष्णेय, दामिनी वार्ष्णेय, प्रेमलता, रीना, राजीव सिंह, मुकेश बाबू वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।


योग शिविर में योगा करती पदाधिकारी।

### योग को जीवन शैली में अनिवार्य रूप से सम्मिलित करने पर जोर

**चन्दौसी**। नगर के एनकेबीएमजीजी कालेज में प्राचार्या प्रोफेसर अलका रानी अग्रवाल के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग विषय पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियां निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण, नारा लेखन व भाषण द्वारा विचारअभिव्यक्ति का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कशिश, वंशिका व काजल उपाध्याय द्वारा भाषण के माध्यम से स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग को जीवन शैली में अनिवार्य रूप से सम्मिलित करने को कहा गया। छात्राओं ने विभिन्न प्राणायामों अनुलोम-विलोम, कपाल भाति, भ्रामरी, उज्जयी आदि को सभी परिवार के सदस्यों को दिन चर्या में अपनाने के लिए प्रेरित किया। सविता, कनक, आशा, अनु रानी, बबिता, वंशिका, सोनम, उर्मिला, स्वाति, अनुराति, अनु रानी आदि ने निबंध, नारा लेखन व पोस्टर के माध्यम से योग को जीवन शैली में अपनाने का संदेश दिया। महाविद्यालय प्राचार्या ने प्रतिभाग करने वाली सभी छात्राओं कोशुभकामनाएं व बधाई दी तथा योग को जीवन शैली में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संयोजन सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति प्रभारी डा. रीता व डा. नीता गुप्ता द्वारा किया गया।


योग विषय पर जानकारी देती प्राचार्या प्रोफेसर।

# 85 शिकायतों में से 11 का मौके पर हुआ निस्तारण

- जिलाधिकारी व सीडीओ ने सुनीं शिकायतें

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी**। तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी व सीओडी ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। जिसमें 85 शिकायतें आई, जिसमें से 11 शिकायतों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया।


फरियादियों की शिकायतें सुनते डीएम व अन्य अधिकारी। -जागरण मोर्चा

शनिवार को तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल, सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, एसडीएम नीतू रानी, सीओ विवेक जावला ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। जिसमें राजस्व विभाग की 22, पुलिस की 16, चकबंदी की 8, विकास विभाग की 11, खाद्य एवं रसद विभाग, समाज कल्याण 7, शिक्षा 2, स्वास्थ्य एक व अन्य 12 शिकायतें आई। कुल 85 शिकायतों में मौके पर राजस्व विभाग की 5, पुलिस की 2, चकबंदी की एक व अन्य 3 शिकायतों का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। इस दौरान सीएमओ डा. तरुण कुमार पाठक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, प्रभागीय वनाधिकारी प्रीती यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.तरुण पाठक, उप जिलाधिकारी चंदौसी नीतू रानी, क्षेत्राधिकारी चंदौसी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

**चकबंदी अधिकारी पर लगा 200 रुपये जुर्माना**

तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस में जब जिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतें सुन रहे थे, तभी चकबंदी अधिकारी राजेश कुमार द्वारा गुटखा खाने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। डीएम ने चकबंदी अधिकारी पर तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के तहत 200 रुपये जुर्माना लगाने के निर्देश सीएमओ को दिए। जिसमें डीएम ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पादों का उपभोग करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### मंडी समिति में गीली मक्का के रेटों को लेकर व्यापारियों व किसानों का हंगामा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी**। मंडी समिति में शनिवार को व्यापारियों व किसानों ने मक्का के रेट को लेकर मंडी सचिव का घेराव किया। काफी देर हंगामे के बाद मंडी सचिव ने उच्चाधिकारियों से वार्ताकार पोर्टल पर चढ़े मक्का के रेटों को कम कराया। जिसको लेकर व्यापारियों ने दोपहार के बाद मक्का की खरीद शुरू की।

शनिवार को मंडी समिति में मक्का के रेट बढ़ाने को लेकर व्यापारियों और किसानों ने जमकर विरोध किया। इसके सभी एकत्र होकर मंडी सचिव के कार्यालय पर जा पहुंचे। जहां व्यापारियों व किसानों ने मंडी सचिव सर्वेश कुमार शुक्ला का घेराव किया और मक्का के पोर्टल पर चढ़े 1800 रुपये कुंटल के रेट का विरोध किया। व्यापारियों ने कहा कि चन्दौसी मंडी के अलावा किसी भी मंडी में घीली मक्का की खरीद नहीं की जाती। सबसे ज्यादा 35 से 45 प्रतिशत गीली मक्का को चन्दौसी मंडी में ही बेचने आता है। व्यापारियों ने कहा कि चार दिन पहले पोर्टल पर 1500 रुपये कुंतल रेट चढ़ा हुआ था। जिसे बढ़ाकर अब 1800 रुपये कर दिया है। जिससे व्यापारियों और किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि 1100 से 1200 रुपये कुंतल की खरीद से गीली मक्का की खरीद की जा रही है। जिससे खरीदने वाली कंपनियां मंडी से सटी रसीद पर ही खरीदारी है। काफी देर हंगामा के बाद मंडी सचिव ने उच्चाधिकारियों से वार्ता कर 1550 रुपये कुंतल मक्का का रेट पोर्टल पर चढ़ावाया। तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ और दोपहर बाद व्यापारियों ने खरीद शुरू की। मंडी सचिव ने बताया कि शासन के तय किए गए रेटों को ही पोर्टल पर चढ़ाया गया है।

# संभल में चला सघन वाहन चेकिंग अभियान

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**संभल**। सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग और यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से बहजोई क्षेत्र में शनिवार को सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देश पर चलाए जा रहे दो दिवसीय विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिस और प्रवर्तन टीम ने विभिन्न स्थानों पर वाहनों की जांच कर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की।


कार का चालान करती यातायात पुलिस।

अभियान के दौरान यात्री/मालकर अधिकारी योगेन्द्र कुमार यादव तथा यातायात प्रभारी जगरोशन अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। जांच में हेलमेट न पहनने पर 47 चालान, सीट बेल्ट का प्रयोग न करने पर 22, मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए वाहन चलाने पर 4, शराब अथवा थकान की स्थिति में वाहन चलाने पर 5, नंबर प्लेट अथवा हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) न होने पर 3, ओवरस्पीडिंग के 13 तथा नो पार्किंग के 11 चालान किए गए। इसके अलावा शहर के एंट्री प्वाइंट पर सड़क किनारे अवैध रूप से खड़े 24 वाहनों को हटवाया गया।

विशेष अभियान के तहत खनन अधिकारी शिवम एवं यात्री/मालकर अधिकारी योगेन्द्र कुमार यादव ने खनन कार्य में लगे वाहनों की भी जांच की। इस दौरान ओवरलोडिंग के आरोप में दो वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई, जबकि एक वाहन बिना वैध प्रपत्र के संचालन करते पाए जाने पर उसका चालान कर सभी वाहनों को थाना बनियाठेर में सीज कर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# कलर बैल्ट प्रमोशन टेस्ट में खिलाड़ियों ने दिखाए हुनर

- चन्दौसी बाल विद्या मंदिर में हुआ प्रमोशन टेस्ट का आयोजन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी**। संभल ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से चन्दौसी बाल विद्या मंदिर में कलर बैल्ट प्रमोशन टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें चन्दौसी ताइक्वांडो अकेदमी, सेंट थॉमस ताइक्वांडो अकेदमी, सीपीएस अकेडमी के 58 खिलाड़ियों ने विभिन्न बैल्ट के लिए टेस्ट दिया। जिसमें यैलो बैल्ट का टेस्ट में आराध्या गौतम, अनाया वार्ष्णेय, प्रियांशी, राधा चौहान, यश, दिव्यांशी, लीना, सनाया, प्रियांशी, कीर्ति यादव, अयानदीप, सोनी, दृष्टि सिंह, ग्रीन बैल्ट टेस्ट में अक्षत रजा, आराध्या सिंह, सुनीता, प्रियांशु, सूर्यांश, सोनू, रागिनी श्रीवास्तव, शिखा, ग्रीन वन बैल्ट टेस्ट में वेदांश, मिष्टी, सूर्या, गगन, चिराग, आकांक्षा, प्रिया, अर्णव, सोनम, काजल, परी, अंशिका, ब्लू बैल्ट टेस्ट में आदिशक्ति, आरव, रीना, कामिनी, स्वाधीनता, अक्षत मिश्रा, रितिक, माधव, ब्लू वन बैल्ट टेस्ट में अर्पिता यादव, माही, आर्यन, रघुराज, अंजू, आराध्या, रेड बैल्ट टेस्ट में आदित्य, अदिति, दीक्षा, राघव, अनिष्का सिंह, ध्रुव प्रताप सिंह, शिवांश मिश्रा, रेड वन बैल्ट टेस्ट में शिव कुमार, सिद्धार्थ, अगस्त्य शामिल रहे। मुख्य परीक्षक के रूप में रेखा, अर्पणा, अनन्या, राहुल शामिल रहे।


प्रमोशन टेस्ट में भाग लेता खिलाड़ी।

सीनियर खिलाड़ियों में मनन, श्याम, अक्षत, रिद्धिमा, पूर्वी मौजूद रहे। जिला ताइक्वांडो सचिव सुरेश कुमार ने बताया कि बैल्ट परीक्षा फिजिकल, टेक्निकल, ओरल व ब्रेकिंग के आधार पर होती हैं, जिसमें प्रत्येक खिलाड़ी का स्टैमिना, तकनीक, स्पीड आदि को मापा जाता है। उसी के अनुरूप अंक दिए जाते हैं।

### स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का दिया संदेश

**चन्दौसी**। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार संचालित विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत एसएम. कालेज में व्यापक स्वच्छता एवं श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डा दानवीर सिंह यादव ने स्वयं कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए परिसर में श्रमदान कर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया तथा उपस्थित प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उनके नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर के विभिन्न स्थलों पर साफ-सफाई की गई तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए श्रमदान किया। सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाने तथा अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता संबंधी आदतों को अपनाने का संकल्प व्यक्त किया। इस दौरान डा. सूरज शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम | केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर बहजोई के मऊ कठैर में हुआ जनसंवाद, अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश

# रात्रि चौपाल में पहुंचीं मंत्री गुलाब देवी, समस्याएं सुनीं

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**बहजोई**। केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे समेकित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को विकास खण्ड बहजोई के ग्राम मऊ कठैर में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए।


मऊ कठैर में हुई रात्रि चौपाल में बोलतीं राज्यमंत्री गुलाब देवी। -जागरण मोर्चा

जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में आयोजित चौपाल में भाजपा पश्चिमी क्षेत्रीय संयोजक भुवनेश राघव और भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास वार्ष्णेय भी मौजूद रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने मंत्री का पुष्पगुच्छ एवं पुस्तक भेंट कर स्वागत किया, जबकि विशिष्ट अतिथियों का स्वागत परियोजना निदेशक डीआरडीए अखिलेश कुमार चौबे ने किया।

मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रत्येक विकासखण्ड की दो-दो न्याय पंचायतों में रात्रि चौपाल आयोजित कर गांव की समस्या, गांव में समाधान की अवधारणा को साकार किया जा रहा है। चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ उनकी समस्याओं और सुझावों को भी दर्ज किया जा रहा है।

कार्यक्रम में पेंशन, फैमिली आईडी, फार्मर रजिस्ट्री, स्वास्थ्य सेवाओं और आईसीडीएस से संबंधित पंजीकरण शिविर लगाए गए। स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीकाकरण, डायबिटीज एवं हाइपरटेंशन जांच, बालिकाओं के सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु टीकाकरण तथा टीबी रोगियों के लिए पोषण पोटली वितरण की जानकारी दी गई। भुवनेश राघव ने कहा कि सरकार स्वयं गांवों तक पहुंचकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रही है, जबकि विकास वार्ष्णेय ने ग्रामीण क्षेत्रों में हुए विद्युतीकरण और शिक्षा के क्षेत्र में हुए सुधारों का उल्लेख किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्युत संबंधी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए और लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस दौरान मंत्री ने आईसीडीएस विभाग की ओर से गोद भराई एवं अन्नप्राशन संस्कार कार्यक्रम में भी भाग लिया।

### कार्यक्रम में यह कर्मचारी रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी राम आशीष, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. तरुण पाठक, उपजिलाधिकारी चन्दौसी नीतू रानी, क्षेत्राधिकारी बहजोई, अधिशासी अभियंता सिंचाई राजीव कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग, डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार, डीओ फूड मानवेन्द्र सिंह, खनन अधिकारी शिवम कुमार, खण्ड विकास अधिकारी ओमवीर सिंह, ग्राम प्रधान विष्णु दयाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### रोजाना योगाभ्यास करने का लिया संकल्प

**चन्दौसी**। राहुल रघुवंशी युग निर्माण विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल असालतपुर जारई में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व अपराह्न पर प्रधानाचार्य दिनेश पाल सिंह के नेतृत्व में एक योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आकाश कुमार जिला संयोजक भाजपा, बृजेश कुमार सिंह, योग शिक्षिका शालिनी वशिष्ठ एवं विश्वनाथ शर्मा ने मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित किया और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में सभी छात्रों को योग मुद्रा आसन सिखाए गए और उनसे रोजाना योगाभ्यास करने का संकल्प लिया, जिससे जिससे स्वस्थ भारत भारत मिशन को आगे बढ़ाने में सफलता मिले।


योग शिविर में योगा करते बच्चे।

### नीट परीक्षा को लेकर दिया प्रशिक्षण

**चन्दौसी**। आज रविवार को आयोजित होने वाली नीट (यूजी) प्रवेश परीक्षा की तैयारियों के तहत शनिवार को एसएम. इंटर कालेज में एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में परीक्षा केंद्र पर तैनात समस्त कक्ष निरीक्षकों को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। डिप्टी केंद्र व्यवस्थापक मनोज कुमार ने सभी कक्ष निरीक्षकों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान पारदर्शिता बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने के लिए अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र, पहचान का मिलान और बायोमेट्रिक प्रक्रिया के दौरान सजग रहने का आग्रह किया गया। इस दौरान योगेश शर्मा, गनेश सिंह, आकाश शर्मा, मानसिंह, संजीव कुमार, सत्यपाल, ममता शर्मा, विनीता रानी,नेहा श्रीवास्तव, सुंदर पाल, सुनील कुमार, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद, तालिब, नमिता, विमल सैनी, मोहम्मद नजीर, मोहम्मद माज खान जयप्रकाश, अभिषेक त्यागी सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं स्टाफ मौजूद रहे।


निरीक्षकों को परीक्षण देते डिप्टी केंद्र व्यवस्थापक।

### भस्त्रिका योग करने से रोग किए जा सकते है दूर

**चन्दौसी**। जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति के अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में चल रहे योग कैंप में शनिवार को ग्रुप अध्यक्ष इंदु अग्रवाल ने बताया हमारी 30 दिवसीय योग साधना यात्रा सफलता पूर्वक पूर्ण हो चुकी है और हमारे इस स्वास्थ्य महायज्ञ का 31वां दिन है। योगाचार्य सुशील आर्य एवं वैद्य हरि ओम ने बताया कि योग में चक्र हमारे सूक्ष्म शरीर के मुख्य ऊर्जा केंद्र होते हैं और भस्त्रिका एक शक्तिशाली प्राणायाम है जो इन ऊर्जा केंद्रो को जागृत करने में मदद करता है। भस्त्रिका से हम अनेक रोगों जैसे मोटापा ,कैंसर, शुगर आदि दूर कर सकते हैं। चक्रों के बारे में उन्होंने बताया योग दर्शन के अनुसार हमारी रीड की हड्डी के मूल से लेकर सिर तक सात मुख्य चक्र होते हैं यह चक्र घूमते हुए ऊर्जा के पहिए या डिस्क की तरह होते हैं। इस दौरान रेखा रस्तोगी,अंजू अग्रवाल,प्रतिभा अग्रवाल, आशा रस्तोगी ,रीता अग्रवाल आदि मौजूद रही।


योग शिविर में योगा करतीं पदाधिकारी।


पति पत्नी के बीच समझौता कराते पुलिस व काउंसलर।

### 25 पत्रावलियों का निस्तारण कर 7 परिवारों को मिलाया

**चन्दौसी**। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार रावत एवं क्षेत्राधिकारी बहजोई स्तुति सिंह के निर्देश अनुसार चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक शनिवार को पुलिस लाइन बहजोई में संपन्न हुई। जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को काउंसलर्स के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर कुल 99 पत्रावलियों को सुनकर 25 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। काउंसलिंग में दोनों पक्षों के मध्य समझौते के आधार पर 7 परिवारों को मिलाया गया एवं 4 पत्रावलियों में विधिक कार्यवाही की संस्तुति की गई तथा 14 पत्रावलियों पर आवेदिका/आवेदक द्वारा काउंसलिंग में उपस्थित न होने व बल न दिये जाने के कारण बंद किया गया। इस दौरान काउंसलर लवमोहन वार्ष्णेय, पूनम अरोरा, कंचन माहेश्वरी, श्वेता गुप्ता, बबिता शर्मा, सीमा आर्य तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक, महिला हेड कांस्टेबल रश्मि गहलौत, महिला आरक्षी विनीता आदि लोग मौजूद रहे।

### सम्भल से मेंथा-बासमती का हो रहा निर्यात: गुलाबो देवी

**चन्दौसी**। उत्तर प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी को कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग के निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने जनपद सम्भल से हो रहे कृषि निर्यात की गतिविधियों एवं संभावनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनपद से मुख्य रूप से मेंथा एवं बासमती चावल का निर्यात किया जाता है। उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति-2019 के अंतर्गत कृषि उत्पादों के निर्यात पर परिवहन अनुदान की व्यवस्था है। पात्र निर्यातक फर्में आवश्यक प्रपत्रों के साथ आवेदन कर इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकती हैं। अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि गत वर्ष पहली बार जनपद सम्भल से आलू का निर्यात बहरीन को किया गया था, जो जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। इसके अलावा जिले के कुछ किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को भी निर्यात गतिविधियों से जोड़ने के लिए तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सीएससी सरसी यूपी एग्रीकल्चर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के सीईओ मोहम्मद फहीम ने हैदराबाद में आयोजित कृषि निर्यात प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग कर निर्यात संबंधी जानकारी प्राप्त की है। इस अवसर पर राज्य मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हित में अनेक योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने निर्यातकों से अपील की कि वे कृषि निर्यात नीति-2019 के अंतर्गत उपलब्ध परिवहन अनुदान का अधिकतम लाभ उठाएं। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और जनपद सम्भल की पहचान राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत होगी।


राज्यमंत्री गुलाब देवी कृषि निर्यात की गतिविधियों एवं संभावनाओं की जानकारी देती।

## सोशल मीडिया पर जुए का वीडियो वायरल, पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल



**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में इन दिनों जुए का अवैध धंधा धड़ल्ले से फल-फूल रहा है। हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो ने स्थानीय पुलिस की मुस्तैदी और दावों की पोल खोलकर रख दी है। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि जुआरियों के हौसले किस कदर बुलंद हैं। वीडियो में कुछ लोग हाथ में ताश के पत्ते और भारी मात्रा में नगदी लेकर सरेआम दांव लगाते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन के खिलाफ ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की शिथिलता और कथित अनदेखी के कारण ही क्षेत्र में जुआ और सट्टा जैसी अवैध गतिविधियां चरम पर हैं, जिससे युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद अब पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। देखना होगा कि इस खुलेआम चुनौती के बाद जिम्मेदार अधिकारी क्या कदम उठाते हैं। वायरल वीडियो कोतवाली क्षेत्र के तीसरे मिल के निकट अलीगढ़ मार्ग की बताई जा रही है।

## “मैं सुप्रीम कोर्ट में नौकरी करता हूं, मकान खाली नहीं करूंगा”; विधवा ने लगाया कब्जा और धमकी का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**सम्भल।** जनपद सम्भल की तहसील क्षेत्र के ग्राम पौटा निवासी एक विधवा महिला ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर अपने दिवंगत पति के पैतृक मकान पर अवैध कब्जे का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस की जांच में कब्जा अवैध पाए जाने के बावजूद कब्जाधारी मकान खाली नहीं कर रहे हैं तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। ग्राम पौटा निवासी सर्वेश पत्नी स्वर्गीय रामवीर ने तहसील प्रशासन को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके ससुर स्वर्गीय रघ्घू पुत्र सुक्खी के छह पुत्र थे और वर्ष 2008 में पैतृक आवासीय संपत्ति का आपसी बंटवारा हो गया था। वर्ष 2018 में उसके पति रामवीर की बीमारी के कारण मृत्यु हो गई थी।

प्रार्थना पत्र के अनुसार, पति के हिस्से में आई जमीन पर महावीर पुत्र स्वर्गीय रघ्घू द्वारा बकरियां और अन्य पशु बांधे जा रहे हैं। महिला का आरोप है कि फरवरी 2026 में जमीन खाली करने को कहने पर महावीर ने उक्त भूमि को प्रमोद पुत्र स्वर्गीय मशीदयाल की बताकर कब्जा हटाने से इनकार कर दिया। महिला का दावा है कि उसने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी, जिसकी जांच के दौरान हल्का लेखपाल ने मौके पर कब्जा अवैध बताया था। इसके बाद जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक सम्भल को भी शिकायत भेजी गई। महिला के अनुसार, चौकी सिरसी पुलिस द्वारा की गई जांच में भी संबंधित व्यक्तियों को भूमि खाली करने के लिए कहा गया, लेकिन कथित कब्जा नहीं हटाया गया। प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि 13 जून को सामाजिक स्तर पर विवाद निस्तारण के प्रयास के दौरान प्रमोद ने कथित रूप से कहा कि “मैं सुप्रीम कोर्ट में नौकरी करता हूं, मैं यह जगह खाली नहीं करूंगा। पुलिस को पैसा दे दूंगा और अदालत में चार-चार वकील खड़े कर दूंगा।”

प्रार्थिनी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिए गए शिकायती पत्र में प्रशासन से मांग की है कि संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए, उसके पैतृक मकान को कब्जामुक्त कराया जाए तथा उसे और उसके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए।

# करंट की चपेट में आने से महिला की मौत, परिवार में मचा कोहराम

### पोस्टमार्टम के बाद गमगीन माहौल में किया अंतिम संस्कार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में शुक्रवार शाम पशुओं के लिए चारा काटते समय करंट की चपेट में आने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया, जिसके बाद गमगीन माहौल में मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया गया।



मृतका के परिजन विलाप करते हुए व मृतका का फाइल फोटो। -जागरण मोर्चा

जानकारी के मुताबिक, रुखालू निवासी नीरज देवी 35 वर्षीय अपने पति कुंवरपाल के साथ गांव में ही ब्याही अपनी बहन जूली के घर गई थी। जूली का परिवार धान की रोपाई के कारण खेत पर गया हुआ था। घर पर पशुओं को भूखा देखकर नीरज और कुंवरपाल मोटर चालित मशीन से चारा काटने लगे। चारा काटने के बाद कुंवरपाल बाहर आ गया, जबकि नीरज पशुओं को चारा डालने लगी। इसी बीच वह मशीन की मोटर में आ रहे करंट वाले तार की चपेट में आ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।पास खड़े बच्चों के शोर मचाने पर पति अन्दर पहुंचा, तो नीरज मृत अवस्था में पड़ी थी। शनिवार दोपहर को जब पोस्टमार्टम के बाद महिला का शव गांव पहुंचा, तो कोहराम मच गया। मृतका अपने पीछे तीन बेटे और एक बेटी को रोते-बिलखता छोड़ गई है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है, तहरीर के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## संपूर्ण समाधान दिवस में आई 25 शिकायतें तीन का निस्तारण



संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत सुनते अधिकारी।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एडीएम न्यायिक और उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय ने की। समाधान दिवस में फरियादियों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं, जिनमें से तीन पीड़ितों को मौके पर ही न्याय मिल गया। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 25 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें राजस्व विभाग की 11, पुलिस विभाग की 6, विकास विभाग की 3, विद्युत विभाग की 2 तथा अन्य विभागों की 3 शिकायतें शामिल रहीं। अधिकारियों ने गंभीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया, जबकि शेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए संबंधित विभागों को सौंप दिया गया। इस मौके पर विद्युत विभाग के एसडीओ मिथिलेश कुमार, वन विभाग के नरेश कुमार , नगर पालिका अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह और सप्लाई इंस्पेक्टर मोहित चौधरी सहित सभी लेखपाल व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## शराब पिलाकर कराया जमीन का बैनामा पत्नी पहुंची कोतवाली दी तहरीर



पीड़ित।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में धोखेबाजी और जालसाजी से कराया जमीन का बैनामा, जहां बैंक क्रेडिट कार्ड बनवाने के बहाने एक शख्स को मौत के मुहाने पर धकेल दिया गया और उसकी कीमती जमीन हड़प ली गई। पीड़ित पत्नी ने अब इंसाफ के लिए कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव करनखाल निवासी रानी पत्नी वीरपाल ने पुलिस को दी तहरीर में गांव के ही तीन दबंगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। रानी का कहना है कि 30 मार्च को आरोपी उसके पति वीरपाल को क्रेडिट कार्ड बनवाने के बहाने घर से बुलाकर ले गए थे। वहां उन्होंने वीरपाल को जबरन बेहिसाब शराब पिलाई। जब इतने से भी बात नहीं बनी, तो उसे कोई और नशीला पदार्थ दे दिया गया। इसके बाद नशे की हालत में आबादी और लिंक मार्ग से सटी उसकी बेशकीमती 6 बिस्वा जमीन का बैनामा चुपचाप करा लिया गया।उसी दिन से वीरपाल की हालत इतनी बिगड़ चुकी है कि वह बिस्तर पर मौत से जंग लड़ रहा है। वारदात का खुलासा करीब 10 दिन बाद तब हुआ, जब रानी ने तहसील जाकर पड़ताल की। परेशान पत्नी जब आरोपियों के घर शिकायत लेकर पहुंची, तो उन्होंने पहले तो बैनामे की बात से साफ इनकार कर दिया, लेकिन पोल खुलने पर वे पीड़िता को गंदी-गंदी गालियां और जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़िता ने पुलिस से पति की जान बचाने और धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## धूमधाम से निकाली गई भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा



जागरण मोर्चा, कार्यालय

**चन्दौसी।** रोटरी क्लब रॉयल्स की ओर से भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा का आयोजन किया गया। रथयात्रा परमेश्वरी दास धर्मशाला से प्रारंभ होकर शहर का भ्रमण किया। रथयात्रा के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गुलाब देवी व जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई मौजूद रहे। भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में पहले बैंड बाजों से भक्ति धुन बिखेरी जा रही थी। इसके पीछे भगवान हनुमान जी, गणेश व मां काली की स्वचालित झांकियां चल रही थीं। इसके बाद ढोल की थाप पर युवकों द्वारा नृत्य किया जा रहा था। अंत में भगवान जगन्नाथ की झांकी शोभायमान थी। जगह-जगह रथयात्रा पर पुष्प वर्षा व स्वागत किया गया। भीषण गर्मी होने पर जगह-जगह रथयात्रा में शामिल लोगों व पुलिस कर्मियों को शीतल जल उपलब्ध कराया जा रहा था। सुरक्षा की दृष्टि से रथयात्रा के साथ-साथ पर्याप्त पुलिस बल चल रहा था। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय, सीओ विवेक जावला, एसडीएम नीतू सिंह के अलावा रोटरी क्लब के नितिन अग्रवाल, पायल गौड़, सौरभ रस्तोगी, वंदना अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल, पराग बंसल, विनय अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, मोहित कुमार, शलभ अग्रवाल, आदित्य वार्ष्णेय, अमन अग्रवाल, आदित्य वार्ष्णेय, डा. गौरव गुप्ता, डा. प्योध चौधरी, डा. वैभव कृष्ण, गोविंद अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, पराग अग्रवाल, लोकेश भारती, मानिक वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

## शिक्षक विधायक चुनाव में बेसिक शिक्षकों को मताधिकार की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय



**रामपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद के शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों (शिक्षक विधायक) के चुनाव में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों के शिक्षकों को मताधिकार प्रदान किए जाने की मांग उठाई है। इस संबंध में संघ ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को ज्ञापन भेजकर शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों की वर्तमान पात्रता एवं अधिसूचनाओं की समीक्षा करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश के सबसे बड़े शिक्षक वर्ग, बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक, शिक्षक विधायक चुनाव की प्रक्रिया से बाहर हैं, जबकि शिक्षा व्यवस्था की आधारशिला होने के साथ-साथ नई शिक्षा नीति, निपुण भारत मिशन, नामांकन अभियान, चुनाव ड्यूटी, जनगणना तथा विभिन्न शासकीय दायित्वों के निर्वहन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। ऐसे में उन्हें शिक्षक प्रतिनिधित्व की प्रक्रिया से वंचित रखना लोकतांत्रिक समावेशिता की भावना के अनुरूप नहीं है।संघ ने मांग की है कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों के शिक्षकों को शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल किए जाने की संभावनाओं का विधिक परीक्षण कराया जाए।आवश्यक वैधानिक एवं प्रशासनिक कार्यवाही प्रारंभ की जाए। जिला अध्यक्ष कैलाश बाबू पटेल ने कहा कि प्रदेश के सबसे बड़े शिक्षक वर्ग को शिक्षक विधायक चुनाव से बाहर रखना प्रतिनिधित्व की अवधारणा पर पुनर्विचार की आवश्यकता को दर्शाता है। जिला मंत्री आनंद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि जिन नीतियों और निर्णयों का प्रभाव बेसिक शिक्षकों पर पड़ता है, उनके प्रतिनिधियों के चुनाव में उन्हें भी भागीदारी मिलनी चाहिए। इस अवसर पर दिलशाद वारसी, मनोज कुमार सागर, छत्रपाल सिंह यादव, आनंद सिंह भंडारी, सतीश गिरोह, संतोष प्रसाद, मोहम्मद खालिद खान, मोहित यादव सहित अन्य शिक्षकों ने भी मांग का समर्थन करते हुए शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों को अधिक समावेशी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## तहसील बार एसोसिएशन ने प्रदर्शन कर जताया विरोध




रजिस्ट्री कार्यालय पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** तहसील बार एसोसिएशन के आह्वान पर शनिवार को उप निबंधन कार्यालय पर अधिवक्ताओं ने धरना-प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं की मांगों के समर्थन में उप निबंधन कार्यालय में कोई रजिस्ट्री कार्य नहीं किया गया और न ही कोई मुआयना सम्पन्न हुआ।बार पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होंगी, आंदोलन इसी प्रकार जारी रहेगा। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से शोभित भाटी,संदीप,बृजेश गुप्ता, फतेह सिंह,रोहित गौड़,विजेंद्र सिंह गहलौत, विनोद त्यागी,विकास त्यागी नन्हे सिंह आर्य आदि उपस्थित रहे।

**गुस्सा** — ड्रोन से निगरानी, पुलिस मुस्तैद

# विवादित टिप्पणी मामले में खड्गवंशी समाज के युवाओं ने विधायक आवास का किया घेराव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** सोशल मीडिया पर इंस्टाग्राम लाइव के दौरान अनुसूचित समाज और उनके नेताओं के प्रति कथित जातिसूचक व अभद्र टिप्पणी करने का मामला गहरा गया है। मामले में पुलिस द्वारा मुकदमे में नामजद युवक विक्रम निवासी दयावली खालसा की गिरफ्तारी और अन्य कार्रवाई के विरोध में शनिवार को खड्गवंशी समाज के युवाओं ने भाजपा विधायक महेंद्र खड्गवंशी के आवास के बाहर जमकर प्रदर्शन कर घेराव किया।



विधायक आवास का घेराव करते हुए खड़गवंशी समाज के लोग -जागरण मोर्चा



ड्रोन कैमरे से निगरानी करता प्रशासन।

प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाते हुए तीखा आक्रोश व्यक्त किया। विवाद की गंभीरता को देखते हुए सीओ पंकज त्यागी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और विधायक से बंद कमरे में वार्ता की। हंगामे को शांत करने के लिए पुलिस ने कई युवकों को हिरासत में भी लिया, जिसके बाद मामला शांत हो सका।इधर, क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और उपद्रवियों पर नजर रखने के लिए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस बल ने सड़कों पर पैदल मार्च किया। प्रदर्शन और संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी के लिए ड्रोन कैमरों की मदद ली जा रही है। गुरुवार को बछरायूं थाना क्षेत्र के गांव रहमापुरा माफी निवासी अजब सिंह की तहरीर पर पुलिस ने इंस्टाग्राम आईडी के संचालक विक्रम और उसके दो अज्ञात साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के प्रदर्शन के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की थी, जिसे खड्गवंशी समाज ने एकतरफा बताते हुए शनिवार की सुबह विधायक आवास का घेराव किया।

## सार संक्षेप

### मध्य गंगा नहर में पानी छोड़ने की मांग



किसानों को संबोधित करते किसान नेता।

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन असली की मासिक पंचायत शनिवार को नगर की मंडी समिति में आयोजित की गई। बैठक में वक्ताओं ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को उठाते हुए शासन-प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त किया। यूनियन के पदाधिकारियों ने कहा कि मध्य गंगा नहर में पिछले एक वर्ष से पानी नहीं आया है, जिससे फसलें प्रभावित हो रही हैं। यदि अति शीघ्र नहर में पानी नहीं छोड़ा गया, तो किसान आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। इसके अलावा क्षेत्र की बदहाल सड़कों, छुट्टा पशुओं व नीलगायों के आतंक और बिजली कटौती पर भी चिंता जताई गई। वक्ताओं ने कहा कि आवारा पशुओं के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं और फसलें बर्बाद हो रही हैं। बैठक में अयोध्या मंदिर के चढ़ावे में हेराफेरी की खबरों पर भी विरोध दर्ज कराया गया। बैठक की अध्यक्षता महेंद्र सिंह पोसवाल ने की और संचालन गोवर्धन सिंह ने किया। इस मौके पर चौधरी समर पाल सिंह, दिल जानी, लाल सिंह, सुखवा, उस्मान, गोवर्धन, मोहम्मद उमर, राहुल चौधरी, रणबीर सिंह, अलीमुद्दीन सैफी, परम सिंह आदि मौजूद रहे।

### कुत्तों के आतंक के खिलाफ सौंपा ज्ञापन



तहसीलदार को ज्ञापन देते हुए कॉलोनी वासी।

**हसनपुर।** नगर के निकट स्थित अब्दुल्ला कालोनी में आवारा व हिंसक कुत्तों के बढ़ते आतंक से परेशान कालोनी वासियों ने शनिवार को तहसील पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने जनसुरक्षा का हवाला देते हुए कुत्तों को जल्द पकड़वाने की मांग की है। ज्ञापन में निवासियों ने बताया कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों का हमला लगातार बढ़ रहा है। बीते 18 जून को भी कुत्तों ने हमजा अली को काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिस मार्ग पर यह घटना हुई, वहीं पास में प्राथमिक विद्यालय और गोल्डन इंटरनेशनल एकेडमी स्थित है, जिससे रोजाना सैकड़ों बच्चों का आवागमन होता है। इससे पहले भी कुत्ते करीब छह लोगों को घायल और 11 बकरियों को निवाला बना चुके हैं लगातार हो रहे हमलों से बच्चों, महिलाओं और किसानों में भय का माहौल है। इस मौके पर बबलू सिंह, ए. सद्दाम प्रधान, फैजान, शफीक अली, जफर, जैद आदि मौजूद रहे।

### आज ढाई घंटे ठप रहेगी बिजली आपूर्ति

**हसनपुर।** नगर और आसपास के क्षेत्रों में आज, रविवार 21 जून को ढाई घंटे बिजली गुल रहेगी। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के विद्युत वितरण उपखण्ड प्रथम के उपखण्ड अधिकारी मिथिलेश कुमार यादव ने जानकारी दी है।उन्होंने बताया कि आज सुबह 10 बजे से दोपहर 12 :30 बजे तक 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र हसनपुर तहसील की 33 केवी व 11 केवी लाइनों पर जरूरी मेंन्टेनेंस का कार्य कराया जा रहा है। इस कार्य के चलते उपकेन्द्र से जुड़े सभी क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। उपखण्ड अधिकारी ने सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बिजली कटौती को देखते हुए पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्व ही सुनिश्चित कर लें।

### क्रिकेट टूर्नामेंट का किया शुभारंभ



टूर्नामेंट का शुभारंभ करते हुए सपा नेता राजेंद्र खड़गवंशी।

**हसनपुर।** हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के एक गांव में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का सपा नेता एवं गंगेश्वरी ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड़गवंशी द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया। शनिवार को हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव हाकमपुर युवाओं द्वारा एचपीएल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है जिसका ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र खड़गवंशी द्वारा फीता काट कर शुभारंभ किया गया, टूर्नामेंट में पहुंचते ही मुख्य अतिथि राजेंद्र खड़गवंशी का आयोजनों द्वारा फूल माला पहनकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख द्वारा सभी खिलाड़ियों का परिचय लिया गया। उन्होंने कहा कि इस तरीके के टूर्नामेंट के आयोजनों से क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारने का मौका मिलता है और आगे चलकर वह क्षेत्र का नाम रोशन करते हैं। इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य पप्पू नागर,अनूप सिंह,सचिन नागर, अभिषेक भाटी, नीतू,रचित,नितिन, सचिन,मोनू,राजन, चौधरी विपिन, विनाश, कोशिंदर,शिवा, डॉ. नाजिल आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने पांच नामजदों सहित सात के विरूद्ध दर्ज की रिपोर्ट

**गजरौला।** नगर के शुक्लपुरी निवासी अधिवक्ता डॉ- रविन्द्र शुक्ल की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पांच नामजदों सहित सात के विरूद्ध जान से मारने की धमकी और सम्पत्ति पर कब्जा करने के प्रयास आदि के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिवक्ता का आरोप है कि 20-21 मई 2026 को मौहल्ला शुक्लपुरी स्थित शुक्ला फार्म हाउस, मकान एवं कार्यालय आदि के पास नीले रंग और सफेद रंग की गाड़ी चक्कर लगाते हुए देखी गईं। आरोप है उक्त गाड़ियों में वेदपाल सिंह, प्रिंस पुत्र वेदपाल निवासीगण ग्राम यकबगड़ी थाना रजबपुर, नीरज कुमार पुत्र बृजेश कुमार निवासी ग्राम धमात थाना पुरकाजी, मनोज चौहान पुत्र शीशराम निवासी ग्राम वारसाबाद थाना गजरौला तथा 02 अन्य व्यक्ति मौजूद थे, जो इधर-उधर संकेत करते हुए रेकी कर रहे थे। अधिवक्ता का आरोप है कि आरोपित उनकी पचासों वर्षों से काबिज सम्पत्ति पर कब्जा करना चाहते हैं। आरोप है कि 10 जून को शाम 18 :30 बजे सोशल मीडिया फेसबुक लाइव आकर वेदपाल सिंह द्वारा उन्हें और उनके परिवारजन को जान से मारने-मिटाने की धमकी दी गयी। अधिवक्ता डॉ- रविन्द्र शुक्ल की तहरीर के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वेदपाल सिंह व प्रिंस निवासी यकबगड़ी, सचिन कुमार व नीरज कुमार निवासी ग्राम धमात थाना पुरकाजी, मनोज चौहान निवासी ग्राम वारसाबाद थाना गजरौला और 02 अन्य के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### रक्तदान शिविर का आयोजन




**गजरौला।** उमंग डेयरीज लिमिटेड में शुक्रवार को कंपनी संस्थापक स्वर्गीय हरिशंकर सिंघानिया की 93वीं जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पचास कर्मचारियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।उमंग डेयरीज लिमिटेड के प्रबंधक रमेश सिंह ने कहा कि, रक्तदान सबसे बड़ा दान है। हमारे द्वारा दान किया गया रक्त किसी जरूरतमंद की नाड़ियों में बहकर जीवनदान देता है। इस मौके पर एचआर प्रबंधक अबोध कौशिक, सुरक्षा अधिकारी उदयबीर सिंह, नरेंद्र चौहान, कांता कुमार, मनोज धीमान तथा भूषण यादव आदि अधिकारी उपस्थित रहे। जबकि जिला संयुक्त चिकित्सालय, अमरोहा की तरफ से आयीं डॉ-कनिका, डॉ-विवेक, ललित नारायण तथा प्रीति चाहल की टीम ने रक्त एकत्रीकरण का कार्य किया।

# सूचना विभाग का यूट्यूब चैनल 'सूचना प्रवाह' लॉन्च




चैनल का उद्घाटन करते हुए सूचना निदेशक विशाल सिंह एवं अपर सूचना निदेशक अरविंद कुमार मिश्र। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के आधिकारिक यूट्यूब चैनल 'सूचना प्रवाह' का शुभारंभ किया गया। चैनल का उद्घाटन सूचना निदेशक विशाल सिंह एवं अपर सूचना निदेशक अरविंद कुमार मिश्र ने किया। यह डिजिटल मंच प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों, महत्वपूर्ण निर्णयों और उपलब्धियों की प्रमाणिक जानकारी आमजन तक पहुंचाएगा। चैनल पर वृत्तचित्र, विशेष रिपोर्ट, प्रेरणादायी वीडियो तथा सरकारी अभियानों का भी प्रसारण किया जाएगा। सूचना निदेशक ने कहा कि यह मंच सरकार और जनता के बीच संवाद का सशक्त माध्यम बनेगा। वहीं अपर सूचना निदेशक ने कहा कि 'सूचना प्रवाह' के जरिए प्रदेश की विकास यात्रा और जनहितकारी कार्यक्रमों की जानकारी व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंचाई जाएगी।

# ईश कृपा से पूरे हुए 12 साल, विकास की जयमाल से सजी उपलब्धियां

## जनप्रतिनिधियों ने लाभार्थियों को दिए स्वीकृति पत्र, दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को जनपद में समेकित जनकल्याण एवं जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत डायट परिसर में भव्य विकास प्रदर्शनी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता और बिल्सी विधायक हरीश शाक्य की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए तथा उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ साहित्यकार अशोक खुराना की पंक्तियों से हुई—"ईश कृपा से हो गए पूरे बारह साल, उन्नति को पहना रहा अब विकास जयमाल।" इन पंक्तियों ने केंद्र सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों को भावपूर्ण तरीके से अभिव्यक्त किया, जिसे उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा।

सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद ने विश्व में भारत का गौरव बढ़ाया था और आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की प्रतिष्ठा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निरंतर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री देश की जनता को ईश्वर के समान मानते हुए निरंतर सेवा कार्य में लगे रहते हैं। पिछले 12 वर्षों में सरकार ने बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया है।

उन्होंने आगे कहा कि यदि प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करे तो वह दिन दूर नहीं जब भारत विश्व गुरु के रूप में स्थापित होगा। उन्होंने उपस्थित लोगों से आह्वान किया कि वे नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दें।

बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करने से सफलता अवश्य प्राप्त होती है। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि सरकार ने गरीब, शोषित और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यकाल में एक भी दिन का अवकाश नहीं लिया, जो उनके समर्पण और सेवा भावना को दर्शाता है।

# सार संक्षेप

## राइस मिल में हजारों की चोरी, मुकदमा दर्ज

**पूरनपुर।** रात्रि के दौरान अज्ञात चोरों ने राइस मिल में चोरी कर ली। पुलिस ने अज्ञात चोरों पर मुकदमा दर्ज किया है। नगर के पंकज कालौनी निवासी वताया विजय सिंह ने वताया कि वह नगर की गुरुनानक राइस मिल में चौकीदारी का काम करता है। 18 जून को रात्रि में वह चौकीदारी कर रहा था। रात्रि करीव डेढ बजे वह राइस मिल में चक्कर लगा रहा था। उसका मोवाइल चारपाई कर रखा था। दो कट्टा गेंहू अज्ञात चोर चुराकर ले गए। सुवह चौकीदार ने मामले की सूचना राइस मिलर के स्वामी को दी। चोरी की सूचना पर खलवली मच गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पडताल की। पुलिस ने चौकीदार की ओर से अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। लोगों ने पुलिस ने गश्त बढाए जाने की मांग की है। पुलिस ने वताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जल्द ही चोरों को पकड लिया जाएगा।

## शाहगढ़ में पीपल के पेड़ पर चला ठेकेदार का आरा

**पूरनपुर।** माधोटांडा थाना क्षेत्र के शाहगढ़ गांव में धार्मिक आस्था से जुड़े एक विशाल पीपल के पेड़ की कटान को लेकर शनिवार को विवाद खड़ा हो गया। गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब एक ठेकेदार द्वारा मजदूरों के साथ मिलकर पीपल के पेड़ को काटे जाने की सूचना स्थानीय लोगों और बजरंग दल कार्यकर्ताओं को मिली। सूचना मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और कथित रूप से ठेकेदार को रंगे हाथों पकड़ लिया। घटना की खबर क्षेत्र में तेजी से फैल गई। जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर एकत्र हो गए। बताया जाता है कि पेड़ की कटान का कार्य काफी देर से चल रहा था और लकड़ी को ट्रैक्टर-ट्रॉली में लादा जा रहा था। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना सार्वजनिक जानकारी और स्थानीय लोगों की सहमति के धार्मिक महत्व वाले पीपल के पेड़ को काटा गया। जैसे ही इसकी जानकारी लोगों को हुई, मौके पर विरोध शुरू हो गया। मामले की सूचना मिलते ही माधोटांडा थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर खड़ी पीपल की लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया। साथ ही कटान कार्य से जुड़े बताए जा रहे ठेकेदार को हिरासत में लेकर पूछताछ के लिए थाने ले जाया गया। पुलिस की कार्रवाई के दौरान मौके पर मौजूद कुछ मजदूर वहां से फरार हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि पीपल का पेड़ केवल एक वृक्ष नहीं बल्कि धार्मिक आस्था और श्रद्धा का प्रतीक माना जाता है। पुलिस जांच कर रही है।

## ई-पंजीकरण मॉड्यूल के विरोध में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन

**पूरनपुर।** ई-पंजीकरण मॉड्यूल के विरोध में शनिवार को प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं और टाइपिस्टों ने तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपकर ई-पंजीकरण व्यवस्था पर पुनर्विचार करने की मांग की गई। ज्ञापन में अधिवक्ताओं ने कहा कि ई-पंजीकरण मॉड्यूल लागू होने से तहसीलों में वर्षों से कार्य कर रहे टाइपिस्टों, दस्तावेज लेखकों तथा उनसे जुड़े अन्य लोगों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। नई व्यवस्था के कारण पारंपरिक रूप से किए जाने वाले कई कार्य पूरी तरह ऑनलाइन हो जाएंगे, जिससे हजारों परिवारों की आय प्रभावित हो सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार को डिजिटल व्यवस्था लागू करने से पहले उन लोगों के हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। जिनकी आजीविका इस व्यवस्था से प्रभावित होने वाली है। प्रगतिशील अधिवक्ता एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि तकनीक का उपयोग जनहित में होना चाहिए, लेकिन ऐसी व्यवस्था लागू नहीं की जानी चाहिए जिससे किसी वर्ग के रोजगार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े। उन्होंने बताया कि तहसीलों में बड़ी संख्या में टाइपिस्ट और दस्तावेज लेखक वर्षों से लोगों को सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। यदि ई-पंजीकरण मॉड्यूल पूरी तरह लागू हो गया तो इन लोगों के सामने बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न हो सकती है। अधिवक्ताओं ने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के अनेक लोग अभी भी ऑनलाइन प्रक्रियाओं और तकनीकी सुविधाओं से पूरी तरह परिचित नहीं हैं। ऐसे में नई व्यवस्था लागू होने पर आम नागरिकों को भी विभिन्न प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। इस दौरान कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# अंबियापुर चौराहे पर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला किशोर का शव

## शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच में जुटी कोतवाली पुलिस

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बिल्सी।** नगर के अंबियापुर के अशोक सम्राट चौक के पास शनिवार की सुबह को एक 15 वर्षीय किशोर का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मृतक की पहचान मोहल्ला आठ साहबगंज निवासी सत्यम (15) पुत्र रमेश कोहली के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार सत्यम की मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती थी। पिता रमेश कोहरी ने बताया कि उन्हें एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसने जानकारी दी कि उनके पुत्र का शव अम्बियापुर के अशोक चौक के पास पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो वहां सत्यम मृत अवस्था में मिला।

घटना की जानकारी मिलते ही बिल्सी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सरकारी अस्पताल भेजा, जहां पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया। किशोर की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका अभी तक कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। घटना को लेकर परिजनों में शोक व्याप्त है।

कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में बुजुर्ग की मौत, हत्या का आरोप

बदायूं। दातागंज कोतवाली क्षेत्र में एक बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। बुजुर्ग के भाई ने बेटे और बहू पर मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा है। दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव ब्राहमपुर निवासी गजेंद्र पाल (60) पुत्र रामस्वरुप की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत गई। वह लंबे समय से बीमार थे। परिजन उनका उपचार करा रहे थे, इसी बीच शनिवार सुबह उनकी अचानक मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत की सूचना जब उनके भाई प्रेमपाल को मिली तो वह मौके पर पहुंचे। भाई ने बेटे और बहू पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

# दहेज नही दिया तो पति ने कर ली दूसरी शादी

- पति सहित सात के खिलाफ दर्ज किया गया मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** दहेज की मांग पूरी ना करने पर विवाहिता को पीट कर निकाल दिया। पति ने दूसरी शादी कर ली। पुलिस ने सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामला घुंघचाई क्षेत्र के कैशोपुर गांव का है।

संगीता देवी ने बताया कि उसकी शादी 12 साल पहले पुवायां क्षेत्र के गांव नौहा निवासी रामआसरे के साथ हुई थी। दहेज से ससुराली संतुष्ट नहीं थे। उन्होंने अतिरिक्त दहेज में एक बाइक और दो लाख रुपये की नकदी की मांग शुरु कर दी। मना करने पर मारपीट कर प्रताड़ित करना शुरु कर दिया। मांग पूरी ना करने पर विवाहिता को लात घूंसों मारा पीटा, इसके बाद घर से निकाल दिया। विवाहिता मायके पहुंची और पूरी जानकारी परिवार को बताई। तीन महीने पहले पति रामआसरे ने ससुरालियों के सहयोग से बिना तलाक दिए ही दूसरी शादी कर ली, इसके बाद विवाहिता ने परामर्श केंद्र में पत्र दिया। 6 जून 2026 को समझौता न होने के कारण निरस्त कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया। एसपी के आदेश पर घुंघचाई पुलिस ने पति राम आसरे, रामविलास, प्रीति, रीना देवी, रामवती, हरीश, बाबूराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बताया मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है।

# कार की टक्कर से घायल बाइक सवार किशोर की मौत, ममेरा भाई घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**कादरचौक।** कार की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार किशोर की मौत हो गई, जबकि उसका ममेरा भाई घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर पड़ताल शुरू कर दी है। किशोर की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

हादसा कादरचौक थाना क्षेत्र के निजामपुर के पास हुआ था। उत्तराखंड के रुद्रपुर स्थित गीतांजलि कॉलोनी के रहने वाले दीपेश सक्सेना 16 वर्ष पुत्र महेश सक्सेना अपनी बुआ के घर कादरचौक आया था। शुक्रवार को वह अपने ममेरे भाई विशाल सक्सेना 17 वर्ष पुत्र अशोक कुमार सक्सेना के साथ बाइक से बालाजी मंदिर जाने की बात कहकर घर से निकला था। जैसे ही दोनों निजामपुर के पास पहुंचे, तभी एक कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने दोनों को भर्ती कर लिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार के लोग भी राजकीय मेडिकल पहुंच गए और इलाज शुरू कराया गया।

इलाज के दौरान दीपेश सक्सेना की मौत हो गई, जबकि विशाल सक्सेना का इलाज अभी भी चल रहा है। परिवार के लोगों ने बताया कि दीपेश रुद्रपुर से अपनी बुआ के यहां दवाई लेने आया था। वह कक्षा नौ का छात्र था और दो भाइयों में सबसे बड़ा था। थानाध्यक्ष विक्रम सिंह ने बताया कि कार को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पिकअप की टक्कर से सिपाही व होमगार्ड घायल

बदायूं। शुक्रवार देर रात कादरचौक क्षेत्र के ब्लॉक परिसर के पास सिपाही सचिन पोसवाल और होमगार्ड राजकुमार चीता बाइक से गश्त कर रहे थे। इसी दौरान ब्लॉक के पास तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी चीता बाइक में टक्कर मार दी। पिकअप की टक्कर से सिपाही और होमगार्ड गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में सिपाही सचिन पिकअप के नीचे फंस गया। पिकअप के नीचे फंसने पर उसको बमुश्किल से निकाला गया। इसके बाद दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। सिपाही की हालत गंभीर होने पर उसको हायर सेंटर मेरठ रेफर किया गया। होमगार्ड को जिला अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। हादसे के बाद चालक पिकअप को छोड़ कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। पुलिस ने मौके से पिकअप को अपने कब्जें में लेकर चालक की तलाश शुरु कर दी है।

# चूहे का बिल बंद करते समय महिला को सांप ने डसा, मौत

**बदायूं।** घर में चूहे का बिल बंद कर रही महिला को सांप ने डस लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। महिला की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

मामला सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के चंदऊ गांव का है। यहां की रहने वाली शकुंतला देवी 58 वर्ष पत्नी मिश्री सिंह शुक्रवार को अपने घर में चूहे का बिल बंद कर रही थीं। इसी दौरान उन्हें सांप ने डस लिया। सांप के डसने के कुछ देर बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी, जिससे परिवार के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया।

अस्पताल पहुंचने के बाद भी उनकी हालत में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार और आसपास के लोग भी अस्पताल पहुंच गए। इलाज के दौरान शकुंतला देवी की मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इसके बाद अस्पताल प्रशासन की ओर से पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना को लेकर गांव में भी शोक का माहौल है। परिजनों ने बताया कि महिला घर के कामकाज में जुटी थीं, तभी यह हादसा हो गया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं



संपूर्ण समाधान दिवस में समस्याएं सुनते डीएम और एसपी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** सदर तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह और पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने पहुंचकर जनता की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने फरियादियों से सीधे संवाद कर उनकी शिकायतों और प्रार्थना पत्रों की जानकारी ली। इस दौरान राजस्व, पुलिस तथा अन्य विभागों से संबंधित विभिन्न मामलों की सुनवाई की गई। अधिकारियों ने प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। भूमि विवाद से जुड़े मामलों को विशेष गंभीरता से लेते हुए राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जांच कराने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि शिकायतों का निष्पक्ष एवं न्यायोचित समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

# दहेज ना देने पर विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

**पूरनपुर।** दहेज ना देने पर विवाहिता को पीटकर निकाल दिया। वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज किया है।

नगर के मोहल्ला साहूकारा निवासी पूनम ने बताया कि उसकी शादी तीन साल पहले पुवायां के मोहल्ला गढी निवासी सागर के साथ हुई थी। जिसमे मायके वालों ने अपनी हैसियत के तहत दान दहेज दिया था। लेकिन दिए गए दहेज से पति संतुष्ट नही था। कुछ महीनों के बाद पति ने विवाहिता पर अतिरिक्त दहेज लाने का दवाव वनाना शुरु कर दिया। विवाहिता ने मायके वाले गरीब होने की बात कहकर दहेज लाने से मना कर दिया। जिस पर पति ने उसको प्रताड़ित कर अपने साथ रखने से मना करते हुए उसको मारपीट कर घर से निकाल दिया। विना दहेज के वापस आने पर जान से मारने की धमकी दी। विवाहिता ने पूरी जानकारी परिवार को दी। पति को काफी समझाया। लेकिन वह नही माना। पुलिस ने पति सागर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी है।

# जिला कारागार पीलीभीत का आकस्मिक निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर




**पीलीभीत।** जनपद न्यायाधीश रविन्द्र कुमार चतुर्थ ने जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव के साथ जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुरुष, किशोर एवं महिला बैरकों, भोजनालय और अस्पताल का जायजा लिया। न्यायाधीश ने बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। अस्पताल में भर्ती बंदियों के स्वास्थ्य की जानकारी लेकर चिकित्सकों को बेहतर उपचार सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जेल प्रशासन को बंदियों को मानकों के अनुरूप भोजन एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कारागार परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जेल प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।




आयोजन: श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्म महोत्सव देख झूमे श्रद्धालु

# नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की

जागरण मोर्चा कार्यालय



कथाव्यास से आशीर्वाद लेते व्यापारी नेता अवनीश जायसवाल। -जागरण मोर्चा

**बिलसंडा।** नगर के बीसलपुर रोड के एक बैंकेट हाल में मालिक अनिल गुप्ता द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्म महोत्सव कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। फूलों की वर्षा हुई, साथ ही माखन मिश्री लड्डू का प्रसाद भक्तों को बांटा गया। इस दौरान हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की, जयकारों के बीच श्रद्धालु पंडाल में झूम उठे।

कथावाचक विमल कृष्ण शास्त्री ने बताया कि द्वापर में मथुरा के बिष्टवंश में दो भाई देवक व उग्रसेन हुए जिसमे देवक बड़े थे। उनकी इकलौती पुत्री देवकी थी। उग्रसेन को एक पुत्र कंस हुआ जो क्रूर था। दूसरी तरफ यदुवंश का राज था। जिनके बड़े पुत्र वासुदेव थे। वासुदेव के 17 विवाह हुए और अठारहवां विवाह देवकी से हुआ। इसी बीच आकाशवाणी हुई, देवकी का आठवां पुत्र तेरा काल बनेगा। कंस ने आकाशवाणी को सुनकर दोनों को जेल में डाल दिया। कथा वाचक ने कहा कि भादों मास की अंधियारी रात को अष्टमी के दिन कंस के बंदी मूर्छित हो गए। जेल के दरवाजे खुल गए। वासुदेव नन्हे बालक रूप में लेकर यमुना पार गोकुल नंद के घर पहुंचकर वहां जन्मी नवजात कन्या को लेकर वापस आए। सुबह होते ही गोकुल में नंद बाबा के घर बालक जन्म होने की बात पता चलते ही उत्सव मनाया जाने लगा। आरती के बाद प्रसाद वितरण हुआ। उप्र.उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री अवनीश जायसवाल, पूर्व चेयरमैन अटल सिंह जायसवाल, शिवानी जायसवाल ने कथाव्यास को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। डा.आनन्द प्रकाश, राजेंद्र बाबू, राजेश बाबू, संजीव गुप्ता, डा. मनमीत गुप्ता, मनोज, मुनीश, शशि, श्रीकांत, ऊषा, कमलेश, मंजू, डा.अमिता, शुभि, नंदनी, कुमकुम, लवली, गीतिका, निधि, शिवांशी, राजीव गुप्ता, केसव, नीरज, रमाकांत मिश्रा, आनन्द गुप्ता, सुरेश गुप्ता ने कथा का रसपान किया।

# प्लाट खरीदवाने के नाम पर दंपति से कर ली धोखाधड़ी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** प्लाट के नाम पर महिला से धोखाधड़ी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव दुर्जनपुर कला मजरा जहूरगंज निवासी कुसमा देवी ने वताया कि नगर के बंडा रोड पर तसलीम की फर्नीचर की दुकान है। उसके पति काशीराम 10-8-2025 को फर्नीचर देखने लिए गए थे। दुकान पर बनवारी लाल बैठे हुए थे। उसके पति से दुकानदार ने प्लाट बेचने की बात कही, बनवारी लाल के माध्यम से प्लाट खरीदने करने के लिए तीन लाख 72 हजार रुपये तय हुए। प्लाट खरीदने के लिए तस्लीम ने तीस हजार रुपए बयान के तौर पर ले लिए। 22-8- 25 को बैनामा कराने का वादा किया। महिला अपने पति के साथ उपनिबंधन कार्यालय पहुंची। बैनामा वहां लिखा जाने लगा। इसी दौरान महिला को पता चला कि प्लाट नंदलाल के नाम पर है। वहां पर नंदलाल भी मौजूद था। बैनामा लिखने के बाद नंदलाल ने बैनामा कराने से मना कर दिया। दूसरे दिन अवनीश मिश्रा, सलीम, मैसर जांह उसके घर आए और समझने लगे, बैनामा कराने का झांसा दिया और नंदलाल ने पचास हजार रुपये और मांगे। अवनीश मिश्रा ने अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद 26-2- 26 को बैनामा कराने दोबारा महिला निबंधन कार्यालय पहुंची। वहा मौजूद आरोपी बैनामा कराने की बात कहने कर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत करने कोतवाली गई तो पुलिस ने टरका दिया। इसके बाद महिला ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने बनवारी लाल, सलीम, तस्लीम मैसर जहां, अवनीश मिश्रा व नंदलाल के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस ने वताया मामले की विवेचना शुरु कर दी है।

# सम्पादकीय

## योग है दुनिया के लिए भारत का शाश्वत अवदान

आज जब पूरी दुनिया युद्धों, आतंकवाद, हिंसा, मानसिक तनाव, पर्यावरणीय संकट और नई-नई बीमारियों की चुनौतियों से घिरी हुई है, तब मानवता एक ऐसे मार्ग की तलाश में है जो केवल शरीर को ही नहीं, बल्कि मन, बुद्धि और आत्मा को भी संतुलित कर सके। ऐसे संक्रमणकाल में योग केवल एक व्यायाम पद्धति या स्वास्थ्य विज्ञान नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के लिए आशा का प्रकाश-स्तंभ बनकर उभरा है। यही कारण है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आज केवल भारत का नहीं, बल्कि सम्पूर्ण विश्व का उत्सव बन गया है। भारत अनादिकाल से योग की भूमि रहा है। इस भूमि के कण-कण में ऋषियों, मुनियों, तपस्वियों और योगियों की साधना की सुगंध समाई हुई है। वैदिक ऋषियों से लेकर भगवान महावीर, भगवान बुद्ध, आदि शंकराचार्य, रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानन्द, महात्मा गांधी, श्री अरविन्द, आचार्य तुलसी और आचार्य महाप्रज्ञ तक, सभी ने योग को जीवन के उत्कर्ष और मानव कल्याण का आधार माना। योग ने भारत की आध्यात्मिक चेतना को ही नहीं गढ़ा, बल्कि विश्व को यह संदेश भी दिया कि मनुष्य का वास्तविक विकास भीतर से प्रारंभ होता है। आज विश्व जिस दिशा में बढ़ रहा है, वह चिंता का विषय है। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में संघर्ष, आतंकवाद की घटनाएं, साम्प्रदायिक तनाव और हथियारों की बढ़ती होड़ मानव सभ्यता को भय और असुरक्षा की ओर धकेल रही है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, विज्ञान और तकनीक ने अभूतपूर्व सुविधाएं दी हैं, लेकिन इनके साथ विनाश की संभावनाएं भी बढ़ी हैं। ऐसे समय में योग की प्रासंगिकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। योग मनुष्य को भीतर से शांत, संतुलित और संवेदनशील बनाता है। जब व्यक्ति के भीतर शांति होगी, तभी समाज और राष्ट्र में शांति का वातावरण निर्मित होगा। योग का मूल अर्थ ही है-जोड़ना। यह मनुष्य को मनुष्य से, आत्मा को परमात्मा से, व्यक्ति को समाज से और मानवता को सम्पूर्ण सृष्टि से जोड़ता है। योग विभाजन नहीं, एकता का दर्शन है। इसलिए वह हिंसा, घृणा, आतंक और संघर्ष का स्वाभाविक प्रतिरोधक है। जो व्यक्ति योग के माध्यम से अपने भीतर करुणा, प्रेम और अहिंसा का विकास करता है, वह किसी के प्रति द्वेष नहीं रख सकता। यही कारण है कि महात्मा गांधी की अहिंसा और भगवान महावीर का जीव-दया का संदेश भी योग की व्यापक चेतना से जुड़ा हुआ दिखाई देता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार आज मानसिक तनाव, अवसाद, अनिद्रा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, हृदय रोग, मोटापा और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। आधुनिक जीवन की भागदौड़ में मनुष्य बाहरी उपलब्धियों के पीछे दौड़ रहा है, लेकिन भीतर से खाली और अशांत होता जा रहा है। ऐसी स्थिति में योग एक समग्र चिकित्सा-पद्धति के रूप में सामने आया है। योग शरीर, मन और भावनाओं के बीच संतुलन स्थापित करता है। नियमित आसन, प्राणायाम और ध्यान व्यक्ति की प्रतिरक्षा शक्ति को बढ़ाते हैं, तनाव को कम करते हैं तथा मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत बनाते हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान भी दुनिया ने अनुभव किया कि स्वस्थ जीवनशैली और मजबूत प्रतिरोधक क्षमता कितनी महत्वपूर्ण है। उस समय योग, प्राणायाम और ध्यान ने करोड़ों लोगों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज भी चिकित्सक और स्वास्थ्य विशेषज्ञ स्वीकार करते हैं कि योग अनेक बीमारियों की रोकथाम और प्रबंधन में अत्यंत प्रभावी सहायक माध्यम है। यह दवाओं का विकल्प नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन का आधार है। योग की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह केवल रोगों से मुक्ति नहीं देता, बल्कि जीवन को दिशा देता है। पातंजलि ने योग को ‟चित्तवृत्ति निरोध" कहा है। अर्थात मन की चंचलता और विकारों पर नियंत्रण। जब मन नियंत्रित होता है, तब व्यक्ति में निर्णय क्षमता, धैर्य और आत्मविश्वास का विकास होता है। आज की पीढ़ी, जो तनाव, प्रतिस्पर्धा और डिजिटल व्यसनों के बीच जी रही है, उसके लिए योग मानसिक संतुलन का सबसे सशक्त माध्यम बन सकता है। योग का एक महत्वपूर्ण पक्ष उसका नैतिक और मानवीय आयाम भी है। यम और नियम जैसे सिद्धांत सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, संयम और संतोष की शिक्षा देते हैं। यदि इन मूल्यों को व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में अपनाया जाए, तो हिंसा, भ्रष्टाचार, अपराध और सामाजिक विद्वेष जैसी समस्याओं में स्वाभाविक कमी आ सकती है। इसलिए योग केवल स्वास्थ्य का विषय नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और सामाजिक पुनर्निर्माण का भी अभियान है। भारतीय संस्कृति की वैश्विक स्वीकार्यता में योग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया जाना भारत की सांस्कृतिक शक्ति और विश्वसनीयता का बड़ा प्रमाण है। आज दुनिया के लगभग सभी देशों में योग का अभ्यास किया जा रहा है। यह केवल एक कूटनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा की वैश्विक विजय है। प्रधानमंत्री मोदी ने योग के साथ-साथ भारतीय अहिंसा, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा, मिलेट्स आधारित भारतीय खानपान और वसुधैव कुटुम्बकम् की अवधारणा को भी विश्व मंच पर स्थापित करने का प्रयास किया है।

# विश्व शरणार्थी दिवस : भारत की उदारता और सरदार पटेल की दूरदर्शिता

*सरदार पटेल की पहल पर पंजाब, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान में बड़े-बड़े राहत शिविर स्थापित किए गए। कुरुक्षेत्र में एशिया का सबसे बड़ा शरणार्थी शिविर बना, जहां लाखों लोग ठहरे। उन्हीं की दूरदर्शी कोशिशों से 1948 में भारत की पहली शरणार्थी कॉलोनी ओल्ड राजेंद्र नगर बसी। सरदार पटेल ने सिर्फ आवास तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने शरणार्थियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास पर विशेष जोर दिया।*



■ विवेक शुक्ला

हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला की शांत पहाड़ियों पर तिब्बती बच्चे बौद्ध मठों में प्रार्थना कर रहे हैं,दिल्ली के चहल-पहल वाले बाजारों में अफगानी रेस्टोरेंट सुगंध बिखेर रहे हैं, धर्मशाला की शांत पहाड़ियों पर तिब्बती बच्चे बौद्ध मठों में प्रार्थना कर रहे हैं, तमिलनाडु के शिविरों में श्रीलंकाई तमिल माताएं अपने बच्चों के भविष्य की चिंता में डूबी हैं और हैदराबाद व जम्मू की बस्तियों में रोहिंग्या परिवार अनिश्चित कल की राह देख रहे हैं। विश्व शरणार्थी दिवस पर ये जीवंत दृश्य भारत की सदियों पुरानी उदार परंपरा को फिर से याद दिलाते हैं, जहां विभिन्न देशों के शरणार्थी हमेशा से आश्रय पाते आए हैं।

भारत ने कभी शरणार्थियों को अपने द्वार पर खड़ा नहीं किया। युद्ध, उत्पीड़न और अत्याचार से बचकर आने वाले लाखों लोगों को न सिर्फ जगह दी, बल्कि उन्हें अपना हिस्सा समझकर अपनाया भी। यह उदारता भारत की सभ्यतागत विरासत का अभिन्न अंग रही है।

### विभाजन की त्रासदी और सरदार पटेल की भूमिका

1947 के विभाजन के समय यह उदारता सबसे कठिन परीक्षा से गुजरी। पाकिस्तान से भारत आए लाखों हिंदू और सिख शरणार्थी मानव इतिहास की सबसे बड़ी विस्थापन घटनाओं में से एक थे। उस समय गृह मंत्री और उप-प्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने इन शरणार्थियों की पुनर्वास और सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाली। उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति, प्रशासनिक कुशलता और मानवीय संवेदनशीलता ने लाखों जीवन बचाए और उन्हें नई जिंदगी दी।

शरणार्थियों की सबसे बड़ी चुनौतियां आवास, भोजन और रोजगार की थीं। सरदार पटेल की पहल पर पंजाब, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान में बड़े-बड़े राहत शिविर स्थापित किए गए। कुरुक्षेत्र में एशिया का सबसे बड़ा शरणार्थी शिविर बना, जहां लाखों लोग ठहरे। उन्हीं की दूरदर्शी कोशिशों से 1948 में भारत की पहली शरणार्थी कॉलोनी ओल्ड राजेंद्र नगर बसी। सरदार पटेल ने सिर्फ आवास तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने शरणार्थियों की शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास पर विशेष जोर दिया। स्कूल, अस्पताल और व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र खोले गए। महिलाओं और बच्चों के लिए अलग कार्यक्रम चलाए गए। उन्होंने नेहरू सरकार पर लगातार दबाव बनाया कि शरणार्थी पुनर्वास को राष्ट्रीय प्राथमिकता दी जाए।

### विरासत जो आज भी जीवित है



सरदार पटेल की इन नीतियों का फल आज स्पष्ट दिखता है। पंजाबी और सिंधी समुदाय के अनेक शरणार्थी परिवार मेहनत और लगन से सफल उद्यमी बने। दिल्ली, पंजाब और देश के अन्य हिस्सों में आज भी कई बाजार और इलाके इन शरणार्थियों की मेहनत और उद्यमशीलता से चमक रहे हैं। लौह पुरुष सरदार पटेल को यह नाम विभाजन की विभीषिका के बीच राष्ट्र को एकजुट रखने के लिए मिला, लेकिन उनके योगदान का एक और महत्वपूर्ण आयाम शरणार्थी पुनर्वास का था। उन्होंने न सिर्फ तत्काल संकट का समाधान किया, बल्कि इन परिवारों को आत्मनिर्भर और राष्ट्रनिर्माण का हिस्सा बनाने की नींव रखी।

आज भी भारत सरदार पटेल की उसी उदार नीति पर चल रहा है। भारत ने उन्हें मानवीय आधार पर सहारा दिया है। विश्व शरणार्थी दिवस पर यह याद रखना जरूरी है कि शरणार्थी कोई बोझ नहीं, बल्कि नई ऊर्जा, संस्कृति और मेहनत लेकर आने वाले नए नागरिक हैं, जिन्हें सही अवसर देने से वे राष्ट्र की प्रगति में योगदान देते हैं।

1959 का तिब्बती संकट चीन ने तिब्बत पर कब्जा कर लिया। दलाई लामा और उनके हजारों अनुयायी भारत पहुंचे। जवाहरलाल नेहरू ने खुले दिल से स्वागत किया और कहा-'वे हमारे मेहमान हैं।' आज भी हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला, कर्नाटक के बाइलकुंडे, उत्तराखंड और दिल्ली-एनसीआर में 70,000 से ज्यादा तिब्बती शरणार्थी बस चुके हैं। वे स्कूल चलाते हैं, व्यापार करते हैं, बौद्ध मठ संचालित करते हैं। भारत ने उन्हें जमीन, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराईं।

1960 के दशक में चकमा-हाजोंग बांग्लादेश (तब पूर्वी पाकिस्तान) से बौद्ध समुदाय धार्मिक-जातीय दबाव से भागकर अरुणाचल प्रदेश और असम आए। फिर 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में करीब 94 लाख शरणार्थी भारत पहुंचे। यह उस समय का दुनिया का सबसे बड़ा शरणार्थी संकट था। भारत सरकार ने उन्हें खाना, छत और दवा दी। युद्ध के बाद ज्यादातर वापस लौट गए, लेकिन कई परिवार यहीं बस गए और सफल जीवन जी रहे हैं।

1980 के दशक से श्रीलंकाई तमिल श्रीलंका के गृहयुद्ध में तमिलों पर अत्याचार हुआ। भारत ने उन्हें तमिलनाडु और ओडिशा के कैंपों में आश्रय दिया। आज भी करीब 58,000 से ज्यादा श्रीलंकाई शरणार्थी कैंपों में हैं। सरकार ने शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराईं। कई वापस चले गए, लेकिन जो रहे वे भारतीय समाज का अभिन्न अंग बन गए। अफगानिस्तान से शरणार्थी सोवियत आक्रमण (1980 के दशक), तालिबान काल और 2021 में अमेरिकी वापसी के बाद अफगान (सिख, हिंदू, मुस्लिम) भारत आए। वे दिल्ली, जम्मू, हैदराबाद जैसे शहरों में बसे। भारत ने लॉन्ग टर्म वीजा और कुछ को नागरिकता का रास्ता दिया, खासकर अल्पसंख्यकों को। सीएए जैसे कानूनों ने भी राहत दी।

रोहिंग्या संकट म्यांमार से 2017 की हिंसा के बाद हजारों रोहिंग्या यहां पहुंचे। सुरक्षा और अवैध घुसपैठ के मुद्दों पर सरकार की नीति अपेक्षाकृत सख्त रही, कुछ को डिटेंशन में रखा गया।

इसके अलावा ईरान, सूडान, सोमालिया, कांगो जैसे देशों से छोटे समूह आए। 1959 में भारत सरकार ने स्पष्ट किया था कि शरणार्थियों का स्वागत मानवीय आधार पर होगा, लेकिन सामान्य स्थिति लौटने पर वे वापस जाएंगे।

### विश्व में सबसे अधिक शरणार्थी कहां हैं?

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी (यूएनएचसीआर) के अनुसार, दुनिया के सबसे ज्यादा शरणार्थियों की मेजबानी करने वाले प्रमुख देशों में कोलंबिया, जर्मनी, तुर्किये (तुर्की), युगांडा और ईरान शामिल हैं। ये पांच देश दुनिया के लगभग एक-तिहाई शरणार्थियों को आश्रय देते हैं।

कल्पना कीजिए कि आप अपना घर, गांव और मिट्टी छोड़कर हजारों किलोमीटर दूर अनजान देश पहुंचते हैं। वहां नई भाषा, नई संस्कृति और नए लोगों के बीच में रहना पड़ता है। भारत में फिलहाल लाखों शरणार्थी रहते हैं। यूएनएचसीआर भारत सरकार के साथ मिलकर उनकी जिंदगी आसान बनाने की कोशिश कर रहा है। नीति हमेशा एक समान नहीं रही, परिस्थितियों के अनुसार बनी। बहरहाल, भारत को शरणार्थी मुद्दे पर एक व्यापक कानून बनाने की जरूरत है जो इंसानियत और सुरक्षा दोनों को संतुलित करे। इतिहास गवाह है कि भारत ने शरणार्थियों को कभी पीठ नहीं दिखाई। शरणार्थी बोझ नहीं, वे संस्कृति, मेहनत और नई कहानियां लाते हैं। हमने उन्हें अपनाया, वे हमें अपना मानते हैं। आजादी के बाद की यह नीति हमें गर्व देती है। भविष्य में भी हमें इसी इंसानियत को बनाए रखना होगा, ताकि दुनिया कहे कि भारत न सिर्फ बड़ा देश है, बल्कि बड़ा दिल वाला भी।

**(लेखक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के पूर्व सलाहकार हैं)**

# ईरान और अमेरिका के बीच एमओयू: स्थायी शांति या एक अस्थायी युद्धविराम?



■ प्रो. अंशु जोशी

देशांतर

इस सप्ताह, ईरान और अमेरिका के बीच बहुप्रतीक्षित युद्धविराम समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर अंततः हस्ताक्षर कर दिए गए। इस 60-दिवसीय अंतरिम एमओयू में सभी प्रकार की सक्रिय शत्रुता पर प्रतिबन्ध लगाया गया है, होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से निर्बाध रूप से खोलने का बिंदु है हालांकि इसकी अवधि मात्र दो महीने है, और ईरान पर अमेरिका द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों में राहत की बात है, साथ ही ईरान द्वारा परमाणु शस्त्र न बनाने का वादा है जिससे पश्चिम एशिया में क्षेत्रीय तनाव अस्थायी रूप से कम हो सकता है, पर प्रमुख विवाद के बिंदु अनसुलझे ही दिखाई पड़ रहे हैं। हालांकि इसका व्यापक प्रभाव खाड़ी के ऊर्जा प्रवाह को स्थिर करने और तत्काल युद्ध के जोखिम को कम करने पर देखा जा सकता है, लेकिन इस युद्धबंदी से ईरान अमेरिका के विरुद्ध एक विजेता के रूप में दिख रहा है और अमेरिकी गठबंधनों, विशेष रूप से इज़राइल और प्रमुख अरब भागीदारों के साथ, के लिए नई दुविधाएँ पैदा करने में सक्षम भी परिलक्षित हो रहा है जिससे आगे चल कर नए संकट उत्पन्न हो सकते हैं।

यह समझौता महीनों के अमेरिका-ईरान संघर्ष के बाद हुआ है, जिसमें ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य का हथियार के रूप में इस्तेमाल कर उसे बंद कर दिया था। जिससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में गंभीर व्यवधान उत्पन्न हो गया था। हालांकि इस समझौते पर दोनों पक्षों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक रूप से हस्ताक्षर किए गए हैं और इसे अमेरिका द्वारा सार्वजनिक रूप से जारी किया गया है, अमेरिकी अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया है कि दोनों पक्ष अभी भी इससे पीछे हट सकते हैं।

एमओयू में सैन्य अभियानों को तत्काल रोकने और दोनों पक्षों द्वारा धमकियों या बल के उपयोग से बचने की प्रतिबद्धता का आदेश दिया गया है, साथ ही संघर्षविराम को 60 दिनों के लिए बढ़ाया गया है। इसमें ईरान को लगभग 30 दिनों के भीतर मेरीटाइम माइंस को हटाने और होर्मुज जलडमरूमध्य से सामान्य जहाज यातायात बहाल करने के लिए कहा गया है। आर्थिक मोर्चे पर, अमेरिका ईरानी कच्चे तेल और पेट्रोकेमिकल निर्यात के लिए अस्थायी प्रतिबंध छूट देगा, लगभग 24 अरब डॉलर के ईरानी धन को अनफ्रीज करेगा, और ईरान के लिए 300 अरब डॉलर के प्रस्तावित पुनर्निर्माण और विकास कोष को जुटाने में मदद करेगा, जिसका वित्तपोषण मुख्य रूप से खाड़ी देशों और निजी पूंजी द्वारा किया जाएगा। इसके बदले में, ईरान ने परमाणु हथियार हासिल न करने या विकसित न करने की प्रतिबद्धता जताई है और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की निगरानी में अपने संवर्धित यूरेनियम भंडार को कम करने के लिए भविष्य की व्यवस्थाओं को स्वीकार किया है, हालांकि विस्तृत बिंदु बाद की बातचीत के लिए छोड़े दिए गए हैं।

यह सौदा इज़राइल के लिए भी एक झटका है, जिसने लंबे समय से ईरान को एक अस्तित्वगत दुश्मन के रूप में पेश किया और ईरानी क्षमताओं के साथ-साथ उसके सहयोगियों को कमजोर करने के लिए निरंतर अमेरिकी दबाव पर भरोसा किया। ईरान के सहयोगियों पर अधिकतम प्रतिबंध लगाने के बजाय तनाव कम करने और चैनल सुरक्षा को प्राथमिकता देकर, अमेरिका को इजराइल के साथ रणनीतिक दरार को गहरा करने का खतरा है, जिसकी लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ चल रही कार्रवाई अब एक ऐसी संघर्षविराम से राजनीतिक रूप से बाधित है जो स्पष्ट रूप से उस मोर्चे को कवर करती है। साथ इस एमओयू में ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े कई अनसुलझे मुद्दों, जैसे सेंट्रीफ्यूज की संख्या, संवर्धन स्तर, सनसेट क्लॉज, और क्षेत्रीय मिसाइल तैनाती पर कोई बात नहीं की गयी है जिससे इसकी प्रभावशीलता पर सवालिया निशान लगते हैं।

ट्रंप के कार्यकाल में अमेरिका के लिए यह समझौता अमेरिका को एक कमजोर पड़ती शक्ति के रूप में पूरे विश्व के सामने प्रस्तुत करता है। कुल मिलाकर, यह एमओयू एक स्थायी शांति के बजाय एक अस्थायी युद्धविराम पर केंद्रित दिखता है। स्पष्ट 60-दिवसीय समय-सीमा, यह संभावना कि कोई भी पक्ष इससे हट सकता है, और मुख्य क्षेत्रीय मुद्दों, मिसाइलों, प्रॉक्सी, मानवाधिकारों और इज़राइल-ईरान शत्रुता को शामिल न करना, यह दर्शाता है कि युद्ध कभी भी फिर से शुरू हो सकता है। हालांकि, यदि यह अंतरिम ढांचा एक व्यापक समझौते में विकसित होता है जो समुद्री सुरक्षा, प्रतिबंध राहत और परमाणु प्रतिबंधों को सुनिश्चित करता है, तो यह बातचीत के माध्यम से शांति और सह-अस्तित्व की दिशा में क्षेत्रीय और वैश्विक व्यवस्था के महत्वपूर्ण पुनर्संतुलन का प्रतीक हो सकता है, जिससे वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा और सुरक्षा पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

**(लेखिका जेएनयू में प्राध्यापिका हैं)**

# आधुनिक जीवनशैली के रोगों का अचूक इलाज है 'चेयर योग' और 'कस्टमाइज्ड योग रूटीन'

## अंबेडकर पार्क सद्भावना मंडप पनवडिया सीआरपीएफ ग्रुप केन्द्र परेड ग्राउंड में आयोजित हो रहे है योग अभ्यास कार्यक्रम



आज पूरे विश्व के साथ रामपुर में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। जिला प्रशासन और जिला आयुर्वेद विभाग आयुष मिशन द्वारा जनपद में अंबेडकर पार्क और सदभावना मंडप पनवडिया में दो स्थानों पर मुख्य योग कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इस वर्ष की थीम आधुनिक जीवनशैली से उत्पन्न होने वाली शारीरिक समस्याओं, विशेषकर डेस्क जॉब के कारण बढ़ने वाले रोगों पर केंद्रित है। चिकित्सा विशेषज्ञों और योग गुरुओं के अनुसार, कॉर्पोरेट जगत में लगातार 8-10 घंटे बैठकर काम करने वाले युवाओं में साइटिका, स्लिप डिस्क, कमर दर्द और घुटनों के दर्द के मामले तेजी से बढ़े हैं। इस अवसर पर, योग विशेषज्ञों ने कामकाजी पेशेवरों के लिए एक विशेष 'कस्टमाइज्ड योग और सूक्ष्म व्यायाम रूटीन' जारी किया है। इस रूटीन की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसे कार्यालय में काम के दौरान बिना किसी अतिरिक्त उपकरण के कुर्सी पर बैठे-बैठे ही किया जा सकता है। आइए जानते हैं सुबह से लेकर रात तक का वह संपूर्ण योग क्रम, जो इन गंभीर दर्द निवारण और रक्त परिसंचरण को मजबूत करने में मददगार साबित हो रहा है

सुबह का घरेलू अभ्यास (खाली पेट – मात्र 10 मिनट) विशेषज्ञों का कहना है कि सुबह सोकर उठने के बाद रीढ़ की हड्डी सबसे अधिक संवेदनशील होती है। इस समय डिस्क को सुरक्षित रखने के लिए बिस्तर या योग मैट पर ये तीन आसन करने की सलाह दी गई है:

**भुजंगासन:** पेट के बल लेटकर हथेलियों को कंधों के पास रखें और सांस भरते हुए छाती को नाभि तक उठाएं। यह स्लिप डिस्क के लिए रामबाण है, जो बाहर निकली डिस्क को अपनी जगह पर लाता है। (3-5 बार)

**मकरासन:** पेट के बल लेटकर कोहनियों का स्टैंड बनाएं और ठुड्डी को हथेलियों पर रखकर गहरी सांसें लें। यह रीढ़ के प्राकृतिक झुकाव को वापस लाकर साइटिका के तीव्र दर्द को शांत करता है। (2 मिनट)

**अर्ध शलभासन :** पेट के बल लेटकर बिना घुटना मोड़े बारी-बारी से पैरों को 6-12 इंच ऊपर उठाएं। यह कमर के निचले हिस्से की मांसपेशियों को मजबूत करता है। (5-5 बार) कार्यालय के लिए कस्टमाइज्ड 'चेयर योग' रूटीन (9:00 अट से 5:00 ढट)

कार्यालय में लगातार बैठने से पैरों में रक्त संचार धीमा हो जाता है। इससे बचने के लिए दिनभर में 5-5 मिनट के तीन छोटे ब्रेक तय किए गए हैं:

**सुबह 11:30 बजे** – रीढ़ और जोड़ों को रीसेट करने के लिएग्रीवा व स्कंध संचालनः गर्दन को धीरे-धीरे चारों दिशाओं में घुमाएं और उंगलियों को कंधों पर रखकर कोहनियों से बड़ा गोला बनाएं। यह डेस्क जॉब के तनाव को दूर करता है।

**सीटेड काउ पोज :** कुर्सी पर सीधे बैठकर सांस लेते हुए छाती को आगे निकालें और कंधों को पीछे खींचें। (विशेष नोटः स्लिप डिस्क के मरीजों के लिए आगे झुकना मना है, इसलिए कैट पोज यानी पीठ का कूबड़ बनाना वर्जित है)।

**एड़ी-पंजा मूवमेंट :** बैठे-बैठे ही एड़ियों और पंजों को बारी-बारी से ऊपर-नीचे करें। यह हमारी पिंडलियों को सक्रिय करता है, जिन्हें शरीर का "दूसरा दिल" कहा जाता है, जिससे निचले शरीर का ब्लड सकुर्लेशन तुरंत सुधरता है।

**दोपहर 1:30 बजे**– नसों के तनाव को दूर करने के लिएहस्त-कलाई संचालनः हाथों को सामने सीधा फैलाकर उंगलियों को खोलें-बंद करें और कलाई को गोल घुमाएं। यह कंप्यूटर और माउस का लगातार उपयोग करने वालों के लिए बेहद उपयोगी है। जेंटल चेयर ट्विस्टः रीढ़ को सीधा रखते हुए सांस छोड़ते हुए बहुत हल्के से दाईं और बाईं ओर मुड़ें। संशोधित चेयर पिजन पोजः दर्द होने पर दाहिने पैर को बाएं पैर के ऊपर क्रॉस करके बैठें और गहरी सांस लें।

यह साइटिका नस के दबाव को तुरंत कम करता है।

दोपहर 3:30 बजे – घुटनों और आलस के लिए

**नी एक्सटेंशन :** कुर्सी पर सीधे बैठकर पैर को सामने हवा में सीधा उठाएं और पंजे को अपनी ओर खींचें। यह घुटने की मांसपेशियों को मजबूत कर घुटनों के दर्द से राहत देता है।

**टखने का रोटेशन:** हवा में पैर रखकर टखने को दोनों दिशाओं में घुमाएं, जिससे पैरों की सूजन दूर होती है।

**खड़े होकर बैक स्ट्रेच:** अपनी सीट से खड़े होकर दोनों हाथों को निचली कमर पर रखें और धीरे से पीछे की ओर झुकें। यह स्लिप डिस्क के लिए बेहतरीन स्ट्रेच है।रात का रूटीन (बिस्तर पर सोने से ठीक पहले – 5 मिनट) रात को सोते समय नसें न दबें और गहरी नींद आए, इसके लिए बिस्तर पर ही दो सरल स्ट्रेच करने की सलाह दी गई है:

**सुप्त कपोतासन :** पीठ के बल लेटकर दाहिने टखने को बाएं घुटने पर रखें और बाईं जांघ को छाती की तरफ खींचें। यह कूल्हे की 'पिरिफॉर्मिस' मांसपेशी को स्ट्रेच कर साइटिका दर्द को ब्लॉक होने से रोकता है। (दोनों तरफ 1-1 मिनट)

**सुप्त मत्स्येंद्रासन :** पीठ के बल लेटकर दोनों घुटनों को मोड़ें और उन्हें दाईं ओर तथा गर्दन को बाईं ओर घुमाएं। यह पूरे दिन की रीढ़ की अकड़न को पूरी तरह समाप्त कर देता है। चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा जारी 'रेड फ्लैग' (महत्वपूर्ण सावधानियां)

**आगे झुकना पूरी तरह वर्जित:** भूलकर भी आगे झुककर पैरों को छूने की कोशिश न करें, इससे डिस्क बाहर आ सकती है।

**हर 45 मिनट का नियम:** लगातार बैठना रीढ़ के लिए नुकसानदेह है। हर 45 मिनट में 1 मिनट के लिए सीट पर सीधे खड़े होने का अलार्म लगाएं।

**लम्बर सपोर्ट:** कुर्सी पर बैठते समय पीठ के निचले हिस्से के पीछे छोटा तकिया या रोल किया हुआ तौलिया जरूर रखें।

योग केवल मैट पर ही नहीं, बल्कि कार्यालय की कुर्सी पर भी मुमकिन है। इस रूटीन को नियमित रूप से 2-3 सप्ताह अपनाने से पुरानी से पुरानी पीठ और घुटनों की समस्याओं से स्थाई निजात पाई जा सकती है।

# राम मंदिर चढ़ावा विवाद : छह दिन जांच के बाद एसआईटी लखनऊ रवाना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** राम मंदिर चढ़ावा विवाद की जांच करने पहुंची SIT छह दिन जांच के बाद लखनऊ के लिए रवाना हो गई। टीम सीएम को रिपोर्ट सौंप सकती है। जल्द ही बंद राज खुल सकते हैं।

अयोध्या स्थित राम मंदिर में चढ़ावा विवाद की छह दिन जांच करने के बाद एसआईटी लखनऊ के लिए रवाना हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, एसआईटी सोमवार को मुख्यमंत्री को प्रारंभिक रिपोर्ट सौंप सकती है।

टीम ने रवाना से पहले संदेह के घेरे में आए लोगों से पूछताछ की। राम मंदिर से लेकर तीनों बैंकों के कर्मचारियों से गणना कर्मियों से पूछताछ की। इन सबको मिलाकर कड़ी जोड़ी गई। कई पदाधिकारियों पर गाज गिर सकती है। कई लोगों पर कार्रवाई हो सकती है।

राम मंदिर दानपात्र और कथित वित्तीय अनियमितताओं को लेकर चल रहे आरोप-प्रत्यारोप के बीच राम कचहरी चारों धाम मंदिर के महंत एवं सरयू नित्य आरती के अध्यक्ष शशिकांत दास ने अपना पक्ष सामने रखा है। उन्होंने इंजीनियर दीनानाथ वर्मा द्वारा लगाए गए आरोपों से स्वयं को पूरी तरह अलग बताते हुए कहा कि उन्होंने केवल श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को कैंप कार्यालय के संचालन के लिए अपना भवन निःशुल्क उपलब्ध कराया था।




महंत शशिकांत दास ने बताया कि तत्कालीन जिलाधिकारी अनुज झा, ट्रस्ट महासचिव चंपत राय और अन्य पदाधिकारियों के अनुरोध पर उन्होंने राम कचहरी चारों धाम मंदिर परिसर स्थित अपना नवनिर्मित भवन ट्रस्ट को दिया था। इसके बदले उन्होंने कभी कोई किराया या शुल्क नहीं लिया। उन्होंने कहा कि कैंप कार्यालय बाद में रामनिवास स्थानांतरित कर दिया गया, जिसके बाद ट्रस्ट ने परिसर का उपयोग बंद कर दिया। महंत ने स्पष्ट किया कि वह न तो दीनानाथ वर्मा को जानते हैं और न ही उनसे कभी मुलाकात हुई है। निर्माण कार्यों अथवा कथित कमीशनखोरी के आरोपों की उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

श्रीराम मंदिर से जुड़े विवादों की चर्चाओं के बीच अब एक और नया आरोप सामने आया है। राम मंदिर निर्माण कार्यों की निगरानी से जुड़े रहे सेवानिवृत्त इंजीनियर दीनानाथ वर्मा ने सोशल मीडिया पर प्रसारित एक इंटरव्यू में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वरिष्ठ ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र पर गंभीर आरोप लगाए हैं। इससे पहले टिन्नू यादव भी ट्रस्ट के प्रमुख पदाधिकारी पर सवाल उठा चुके हैं। दीनानाथ वर्मा ने दावा किया कि राम मंदिर परिसर से जुड़े कार्यालय निर्माण के दौरान एल्युमिनियम कार्यों के एक ठेकेदार से कथित रूप से 40 प्रतिशत कमीशन की मांग की गई थी। उनका आरोप है कि इसी उद्देश्य से कार्य का बिल भी 40 प्रतिशत तक बढ़ाकर तैयार कराया गया।

# यूपी के 2.17 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में आई 4352.40 करोड़ की 'सम्मान निधि'

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जताया प्रधानमंत्री मोदी का आभार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि अन्नदाता किसानों की समृद्धि और खुशहाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल से पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर उत्तर प्रदेश के सभी किसानों की ओर से ऐतिहासिक सौगात के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया।



मुख्यमंत्री ने लिखा, ''अन्नदाता किसानों की समृद्धि और खुशहाली प्रधानमंत्री मोदी के यशस्वी नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी संकल्प के तहत आज प्रधानमंत्री द्वारा पश्चिम बंगाल से 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' की 23वीं किस्त के रूप में 18,880 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि देश के 9.44 करोड़ से अधिक किसानों को हस्तांतरित की गई है।''

उन्होंने कहा, ''इनमें उत्तर प्रदेश के 2.17 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित हुए हैं, जिनके खातों में 4,352.40 करोड़ रुपये की राशि सीधे पहुंची है। यह राशि केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि अन्नदाता के परिश्रम, सम्मान और समृद्धि के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक है'' एक आधिकारिक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल से पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी की।

इससे उत्तर प्रदेश के 2.17 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित हुए, उनके खाते में 4352.40 करोड़ रुपये की 'सम्मान निधि' आई। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ झांसी स्थित आयुक्त सभागार में इस कार्यक्रम से जुड़े। बयान के अनुसार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) के माध्यम से दो-दो हजार रुपये सीधे लाभार्थी के खाते में हस्तांतरित हुए। इसके तहत पात्र किसान परिवार के एक सदस्य को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता वर्ष में दो-दो हजार रुपये प्रति किस्त के रूप में तीन बार में प्रदान की जाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने 24 फरवरी 2019 को गोरखपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की शुरुआत की थी।

# उत्तर प्रदेश में लागू होगी यूनिक प्रॉपर्टी आईडी व्यवस्था

## योगी ने दी हरी झंडी, धोखाधड़ी पर लगेगी रोक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में भूमि एवं संपत्ति प्रबंधन को पूरी तरह पारदर्शी, सुरक्षित और तकनीक आधारित बनाने के लिए यूनिक प्रॉपर्टी आईडी व्यवस्था को हरी झंडी दे दी है। इसके तहत किसी भी संपत्ति की पहचान, स्वामित्व और उससे जुड़े रिकॉर्ड की जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध होगी। फर्जी स्वामित्व, विवादित संपत्तियों की बिक्री और धोखाधड़ी पर रोक लगेगी। भूमि पंजीकरण के साथ स्वतः नामांतरण प्रक्रिया हो जाएगी। इसके लिए विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग ने अचल संपत्तियों के पंजीकरण, स्वामित्व सत्यापन और नामांतरण प्रक्रिया में व्यापक सुधारों का खाका प्रस्तुत किया। प्रस्तावित व्यवस्था का उद्देश्य फर्जी स्वामित्व, विवादित संपत्तियों की बिक्री और धोखाधड़ी की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाना है।

सरकार प्रदेश की सभी संपत्तियों को जीआईएस मैपिंग और आधिकारिक स्वामित्व अभिलेखों से जोड़कर यूनिक प्रॉपर्टी आईडी विकसित करेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वामित्व योजना के तहत घरौनी तैयार करने का कार्य पहले से चल रहा है, जबकि शहरी क्षेत्रों में नगर निकायों और विकास प्राधिकरणों को यह जिम्मेदारी दी जाएगी।

नई व्यवस्था के तहत संपत्ति का पंजीकरण पूरा होते ही नामांतरण की प्रक्रिया स्वतः शुरू हो जाएगी। इसके लिए विभिन्न विभागों के रिकॉर्ड का एकीकरण, एपीआई आधारित डेटा साझाकरण और रियल टाइम अपडेट सिस्टम विकसित किया जाएगा। इससे लोगों को अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

प्रदेश में प्रत्येक भूमि पार्सल को यूनिक लैंड पार्सल आइडेंटिफिकेशन नंबर (यूएलपीआईएन) यानी ''भू-आधार'' प्रदान किया जाएगा। यह जियो-रेफरेंस्ड पहचान संख्या भूमि रिकॉर्ड को विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म और जीआईएस प्रणालियों से जोड़ेगी, जिससे रिकॉर्ड अधिक सटीक और अद्यतन रहेंगे।

## सार संक्षेप

### पुराने रोडवेज बस स्टेशन के आगे के गड्ढों को लोक निर्माण विभाग पाटेगा

**खटीमा।** टनकपुर रोड पर चलने वाले वाहनों एवं पुराने रोडवेज बस स्टेशन के आसपास के दुकानदारों को अब वाहनों के चलने से लगने वाले झटकों से अब निजात मिलेगी ।इस स्थान पर भूमिगत लाइन बिछाने बाबत खोदी गई सड़क की सही मरम्मत व ऊंचे-नीचे स्थान होने से झटके लगते हैं ।नगर पालिका अध्यक्ष रमेश जोशी ने आम जनता व वार्ड वासियों की शिकायत पर लोग निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता से मामले की शिकायत की।उन्होंने अति शीघ्र मार्ग के गड्ढों को पाट कर जन असुविधा से निजात के निर्देश दिए हैं। पालिका अध्यक्ष जोशी को लोनिवि के अधिकारियों ने अभिलंब कार्यवाही का भरोसा दिया।

### उक्रांद ने चलाया घर-घर चर्चा- हर घर पर्चा कार्यक्रम

**खटीमा।** उत्तराखंड मिशन परिवर्तन कार्यक्रम के तहत उत्तराखंड क्रांति दल द्वारा चलो गांव की ओर अभियान चलाया जा रहा है।जिसके तहत हर घर पर्चा और घर-घर चर्चा अभियान चलाया गया है ।जिसके तहत बड़ी संख्या में उक्रांद कार्यकर्ता गांव गांव घर-घर जाकर आगामी 2027 की तैयारी में जुटे हैं। सितारगंज रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित विचार विमर्श कार्यक्रम में आम जनता की समस्याओं पर चर्चा की।उन्होंने कहा कि आम जनता भाजपा, कांग्रेस की सरकारों के कुशासन से त्रस्त है।महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी चरम पर है।उत्तराखंड क्रांति दल के कहा कि भाजपा व कांग्रेस से उत्तराखंडियों को केवल उत्तराखंड क्रांति दल ही बचा सकता है।जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष खटीमा इकाई हरेंद्र प्रसाद उत्तराखंडी व रोहित भट्ट युवा नेता ने कहा कि बिना सशक्त भूख कानून, भर्ती घोटाला,भ्रष्टाचार एवं जघन्य अपराधों में बेतहाशा वृद्धि हुई है ।उत्तराखंड प्रदेश में सुख शांति, अमन चैन एवं राज्य का विकास, युवाओं को रोजगार आदि समस्याओं की सकारात्मक सोच उत्तराखंड ही रखता है ।उक्रांद क्रांति दल 49 वर्ष बीतने के बाद भी सत्ता से काफी दूर रहा है।उत्तराखंड क्रांति दल कार्यकर्ता ने हर घर पर्चा, घर-घर चर्चा कार्यक्रम के तहत प्रचार प्रसार किया जा रहा है।इस दौरान शहाबुद्दीन, शिव शंकर भाटिया, अमन आर्य , गौतम, दुर्गा सिंह सामंत, हरेंद्र प्रसाद त, कैलाश भट्ट , पार्वती विश्वास, योगेश सिंह बोरा, गजेंद्र सिंह आदि सम्मिलित रहे।

### पालिका अध्यक्ष जोशी ने पार्क निर्माण की संभावनाओं का लिया जायजा



पालिकाध्यक्ष जोशी ने वार्ड– 2 में पार्क निर्माण स्थल के लिए किया स्थलीय निरीक्षण। –जागरण मोर्चा

**खटीमा।** नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने वार्ड नंबर 2 के निवासियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पार्क निर्माण स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया।उन्होंने क्षेत्र में पार्क निर्माण की संभावनाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष जोशी ने कहा कि नगरवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना नगर पालिका परिषद की प्राथमिकता है।पार्क निर्माण से क्षेत्र के बच्चों, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में समय व्यतीत करने का अवसर मिलेगा, साथ ही क्षेत्र की सुंदरता में भी वृद्धि होगी।इस दौरान दौरान सभासद गोकुल ओली, हरीश जोशी, गोविंद वल्लभ गहतोड़ी, कैलाश कॉलोनी आदि मौजूद थे।

# शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति पर ईस्टर इंडस्ट्रीज को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से लाभ राशि हस्तांतरित की गई। इस मौके पर लाइव प्रसारण में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह योजना युवाओं को औपचारिक रोजगार से जोड़ने, नए रोजगार के अवसर सृजन करने तथा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस मौके पर कर्मचारी भविष्य निधि द्वारा ईस्टर इंडस्ट्रीज लिमिटेड को शत-प्रतिशत केवाईसी, ई-नॉमिनेशन एवं फेस ऑथेंटिकेशन टेक्नोलॉजी का लक्ष्य सफलता पूर्वक प्राप्त करने पर आरपीएफसी द्वितीय आकाश शर्मा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर




ईस्टर इंडस्ट्रीज को शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति पर प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित।

सम्मानित किया गया। वहीं प्लांट एचआर हेड पुनीत मिश्रा ने बताया कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि सीएचआरओ अधरूआ मिनोचा के सतत् मार्गदर्शन एवं प्रेरणादाई नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने कहा कि प्लांट एचआर टीम अजय कुमार सिंह द्वारा किए गए निरंतर प्रयासों, प्रभावी समन्वय एवं समर्पण के फलस्वरुप यह सम्मान मिला है। वहीं उन्होंने कहा कि भविष्य में भी कंपनी कर्मचारियों के हितों की सुरक्षा तथा सभी वैधानिक एवं डिजिटल अनुपालनों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती रहेगी। वहीं प्लांट एचआर हेड पुनीत मिश्रा ने बताया कि कंपनी में सेवानिवृत होने वाले प्रत्येक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अंतिम कार्य दिवस या विदाई समारोह के अवसर पर ही पेंशन भुगतान आदेश उपलब्ध कराया जाता है।

# किसान बन रहे उद्यमी, गांवों में बढ़ीं सूक्ष्म इकाइयां और उद्योग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** यूपी सरकार को बैंकों से भेजी गई वार्षिक ऋण योजना (एसीपी) 2025-26 की रिपोर्ट में यूपी की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। अब सिर्फ पारंपरिक खेती ही नहीं, बल्कि जुड़ी सहायक गतिविधियों और ग्रामीण क्षेत्रों में लगाई जा रहीं सूक्ष्म इकाइयों और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं में तेजी से निवेश बढ़ रहा है। इससे प्रदेश में किसानों, युवाओं व नए उद्यमियों के बीच नवाचार व स्वरोजगार की प्रवृत्ति मजबूत हो रही है।

पिछले साल भर में खेती से जुड़ी सहायक गतिविधियां डेयरी, पशुपालन व मत्स्यपालन आदि में 22,694 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 33,048 करोड़ रुपये का ऋण दिया गया। यह लक्ष्य का 146.62 प्रतिशत है, जो कृषि क्षेत्र की सभी उप श्रेणियों में सर्वाधिक है। यूनियन बैंक के महाप्रबंधक राजेश कुमार कहते हैं, किसान अब सिर्फ अनाज-फल-सब्जी उगाने तक सीमित नहीं रहकर अतिरिक्त आय के स्रोत विकसित कर रहे हैं। डेयरी, पोल्ट्री, मत्स्यपालन और कृषि आधारित सूक्ष्म उद्योगों की ओर बढ़ता रुझान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रहा है। रिपोर्ट से दूसरा बड़ा संकेत सूक्ष्म (माइक्रो) उद्यमों से मिला है। सूक्ष्म विनिर्माण और सेवा इकाइयों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 1.58 लाख करोड़ रुपये ऋण वितरित हुआ, जो 103.91 प्रतिशत है। इकाइयों की संख्या भी लक्ष्य से अधिक रही। इसके विपरीत छोटे व मध्यम उद्योगों में उपलब्धि क्रमशः 85.30 और 57.02 प्रतिशत रही।

# क्षेत्र का प्रमुख आकर्षण बना मंत्रा वाटर पार्क, गर्मी से राहत पाने उमड़ रही लोगों की भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** भीषण गर्मी और स्कूलों की ग्रीष्मकालीन छुट्टियों के बीच अमाऊ स्थित मंत्रा वाटर पार्क क्षेत्रवासियों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। क्षेत्र के नंबर वन वाटर पार्क के रूप में पहचान बना चुके इस पार्क में प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चे, युवा और परिवारजन पहुंचकर गर्मी से राहत का आनंद ले रहे हैं। वाटर पार्क में उपलब्ध आधुनिक वाटर स्लाइड्स, रेन डांस, स्विमिंग पूल, वाटर प्ले स्टेशन जिसमें पूरा परिवार आ सकता है साथ ही छोटा सा बच्चा भी इसका आनंद ले सकता है तथा अन्य मनोरंजक जल गतिविधियां लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। छुट्टियों का आनंद लेने के लिए दूर-दराज क्षेत्रों से भी लोग यहां




भीषण गर्मी में वाटर पार्क में खेलते बच्चे। –जागरण मोर्चा

पहुंच रहे हैं। बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है, जो विभिन्न जल क्रीड़ाओं का भरपूर आनंद उठा रहे हैं। पार्क पहुंचे अभिभावकों का कहना है कि भीषण गर्मी के बीच मंत्रा वाटर पार्क मनोरंजन के साथ-साथ ठंडक और सुकून का बेहतर विकल्प बनकर उभरा है। वहीं पार्क प्रबंधन द्वारा स्वच्छता, सुरक्षा और आगंतुकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, आधुनिक सुविधाओं और पारिवारिक माहौल के कारण मंत्रा वाटर पार्क खटीमा और आसपास के क्षेत्रों में लोगों की पहली पसंद बन गया है। मंत्रा वाटर पार्क संचालक रमेश चौहान का कहना है कि इस गर्मी के मौसम में सभी बच्चों और परिजनों को गर्मी से राहत के साथ उनके सुकून के पलो को पिरोना हमारे लिए प्राथमिकता है साथ ही उनकी सुरक्षा हमारा दायित्व है। जिस वजह से गर्मी के इस मौसम में यहां लगातार बढ़ रही भीड़ इसकी लोकप्रियता को दर्शा रही है।

# जीएनएम प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी, आगरा के आयुष ने किया टॉप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** जीएनएम प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी हो गया है। इसमें आगरा के आयुष ने टॉप किया है। सलोनी को दूसरा तो ललिता मौर्य को तीसरा स्थान मिला है। 21 जून से काउंसिलिंग होगी।

राजधानी लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय (एबीवीएमयू) द्वारा आयोजित जनरल नर्सिंग एंड मिडवाइफरी (जीएनएम) प्रवेश परीक्षा यूपीजीईटी-2026 का परीक्षा परिणाम शनिवार को जारी हो गया। इसमें आगरा के आयुष यादव ने प्रवेश परीक्षा टॉप की है। आयुष ने 100 में 95 अंक हासिल किए हैं। आगरा की सलोनी प्रवेश परीक्षा में दूसरे स्थान पर रहीं। उन्हें 100 में 92 अंक मिले हैं। गोंडा की ललिता मौर्या को भी 92 अंक मिले हैं। वह तीसरे स्थान पर हैं।

बीते मंगलवार को प्रदेश के 20 जिलों में प्रवेश परीक्षा हुई थी। 75 केंद्रों में 31784 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था। अभ्यर्थियों की उपस्थिति लगभग 95.54 फीसदी थी। लखनऊ के 10 केंद्रों में 4414 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। एबीवीएमयू कुलपति डॉ. अमित देवगन ने बताया कि कोर्स के बाद सरकारी व निजी अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों, नर्सिंग होम और मेडिकल संस्थानों में नौकरी के अवसर मिलते हैं।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. देवाशीष शुक्ला ने बताया कि सरकारी व प्राइवेट कॉलेजों में जीएनएम कोर्स में दाखिले के लिए रविवार से काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू की जाएगी। प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थी तय मेरिट के हिसाब से ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। उसके बाद कॉलेजों का चयन करना होगा। मेरिट के हिसाब से कॉलेजों का आवंटन किया जाएगा।

बैठक | पसमांदा मुस्लिम समाज की शिक्षा, जागरूकता और संगठन विस्तार पर गहन मंथन

# शिक्षा, रोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण समाज के विकास का प्रभावी माध्यम : मो . यूनूस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सिराज अहमद अंसारी की अध्यक्षता में जागरूकता, संगठन विस्तार तथा सामाजिक सुधार से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद यूनुस का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

बैठक को संबोधित करते हुए मोहम्मद यूनुस ने कहा कि पसमांदा मुस्लिम समाज का विकास शिक्षा, रोजगार और आर्थिक सशक्तिकरण से ही संभव है। उन्होंने कहा कि भावनात्मक नारों, विवादित मुद्दों, नकारात्मक राजनीति, टकराव और व वैमनस्य फैलाने वाली गतिविधियों से दूर



संगठन विस्तार तथा सामाजिक सुधार से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक करते ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ . सिराज अहमद अंसारी।

हटकर अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से अपील किया कि अपने बच्चों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराएं, ताकि वे समाज और देश की मुख्यधारा में सम्मानजनक स्थान प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि पसमांदा समाज को अपनी ऊर्जा शिक्षा, रोजगार, व्यापार, सामाजिक सुधार और नेतृत्व निर्माण जैसे सकारात्मक कार्यों में लगानी चाहिए। मोहम्मद यूनुस ने कहा कि ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ एक गैर-राजनीतिक सामाजिक संगठन है, जो देशभर में पसमांदा मुस्लिम समाज को जागरूक करने, संगठित करने और उन्हें सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कार्य कर रहा है। संगठन का उद्देश्य समाज को मुख्यधारा में सम्मानजनक भागीदारी दिलाना तथा सामाजिक न्याय और समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए जनजागरण अभियान चलाना है। वहीं उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सिराज अहमद अंसारी ने कहा कि संगठन उत्तराखंड सहित देशभर में पसमांदा समाज को संगठित करने और उनके सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक विकास के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा। उन्होंने संगठन के कार्यकर्ताओं से जागरूकता अभियान चलाने की अपील की।

बैठक में पूर्व सभासद एवं पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका खटीमा मेहंदी हसन उर्फ चंदा मियां, मुफ्ती फरियाद आलम, फारूक ठेकेदार, बाबुद्दीन अंसारी, असलम अंसारी, राशिद हुसैन अंसारी, शादाब अंसारी, ज़ीशान अहमद ओवैसी, इकबाल अहमद इदरीसी सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रेलवे कर्मी पत्नी पर धर्मांतरण और बेटी पर बुर्का पहनने का बना रहा दबाव, विरोध पर करता है पिटाई, केस दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**लखनऊ।** राजधानी में युवक रेलवे कर्मी पत्नी पर धर्मांतरण और बेटी पर बुर्का पहनने का दबाव बना रहा है। विरोध पर पीटता है। पत्नी की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है।

राजधानी लखनऊ में मड़ियांव थाना क्षेत्र के फैजुल्लागंज निवासी रेलवे कर्मचारी मंजू राठौर ने पति सुमित पर उनका धर्मांतरण कराने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। साथ ही बेटी को बुर्का पहनने के लिए दबाव डालने की बात कही। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

मंजू ने बताया कि वर्ष 2012 में उनकी शादी मशकगंज निवासी सुमित से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही पति का व्यवहार असामान्य और संदेहपूर्ण हो गया। आरोप है कि वह उन पर मुस्लिम धर्म अपनाने का दबाव बनाने लगा। विरोध पर अक्सर विवाद करता है। ऑफिस जाने के लिए मना करता है।

मंजू के मुताबिक, 10 वर्षीय बेटी को हिजाब पहनने के लिए मजबूर करता है। 12 वर्षीय बेटे को भी पीटता है। दो जून को वह जब ड्यूटी से घर आईं तो पति ने गेट नहीं खोला। पुलिस के पहुंचने पर उसने गेट खोला। पुलिस जब चली गई तो क्रिकेट बैट से उन्हें पीटना शुरू कर दिया। बेटे और बेटी ने जब बीच-बचाव की कोशिश की तो आरोपी ने उनके सिर पर बैट मार दिया।

पिटाई में बेटा और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसके बाद उन्होंने थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र ने बताया कि मामले की तफ्तीश की जा रही है। पीड़िता और आरोपी से पूछताछ की जाएगी।

# प्रस्तुति

देवेश मिश्रा ब्यूरो चीफ
हर्षित मिश्रा,
विभाकर मिश्रा,
विपिन गुप्ता व प्रदीप गुप्ता
मोबाइल नंबर……
9058077442

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की प्रदेश वसियों को हार्दिक शुभकामनाएं
गांव को साफ रखें।



मजाहिर अली
ग्राम- प्रशासक
ग्राम-पंचायत उरैना
(बदायूँ)

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की प्रदेश वसियों को हार्दिक शुभकामनाएं
गांव को साफ रखें।



रियाजउद्दीन
ग्राम-प्रशासक
ग्राम पंचायत लहरा लाडपुर
(बदायूँ)

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की प्रदेश वसियों को हार्दिक शुभकामनाएं
गांव को साफ रखें।



हितेन्द्र कुमार
जे.ई बिजली घर बगरैन

अन्तराष्ट्रीय योग दिवस की प्रदेश वसियों को हार्दिक शुभकामनाएं
गांव को साफ रखें।



आनन्द भारती
ग्राम-प्रशासक सिसईया (बदायूँ)

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की प्रदेश वसियों को हार्दिक शुभकामनाएं
गांव को साफ रखें।



अवधेश कुमार
ग्राम प्रशासक मुड़िया सतासी (बदायूँ)

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की प्रदेश वसियों को हार्दिक शुभकामनाएं
गांव को साफ रखें।



रीतेश चौहान
प्रधान करेंगी एवं मंडल अध्यक्ष भाजपा बग्रेन

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की प्रदेश वसियों को हार्दिक शुभकामनाएं
क्षेत्र की जनता को योग दिवस की हर्दिक शुभकामनाएं



धर्मवीर सिंह
ग्राम विकास अधिकारी (सचिव)
विकास खण्ड आसफपुर
(बदायूँ)

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की प्रदेश वसियों को हार्दिक शुभकामनाएं
स्वास्थ्य विभाग आपकी सेवा में तत्पर



डॉ.राजकुमार चिकित्सा प्रभारी
सेठ डूंगरमल उच्चीकृत
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र
(वजीरगंज) ( बदायूं ) उ० प्र०

डॉक्टर की सलाह के बाद ही दवा लें।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की प्रदेश वसियों को हार्दिक शुभकामनाएं
क्षेत्र की जनता को योग दिवस की हर्दिक शुभकामनाएं



गजेन्द्र पाल सिंह
ग्राम विकास अधिकारी (सचिव)
विकास खण्ड आसफपुर
(बदायूँ)



अय्यूब मलिक
ग्राम प्रशासक
पति ग्राम पंचायत
भूड़ बिसौली

क्षेत्र की जनता को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अवधेश सागर
ग्राम विकास अधिकारी (सचिव)
विकास खण्ड- आसफपुर

गांव को सुन्दर रखने में सहयोग करें।



शिवजीत सागर
ग्राम प्रशासक
आसफपुर (बदायूँ)

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की प्रदेश वसियों को हार्दिक शुभकामनाएं



आबिद रजा
पूर्व मंत्री सपा (बदायूँ)





लागों को संबोधित करते पूर्व मंत्री आबिद रजा

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की प्रदेश वसियों को हार्दिक शुभकामनाएं

नगर पंचायत फैजगंज वेहटा प्रशासन की ओर से योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



इसरार खाँ
चेयरमैन
नगर पंचायत फैजगंज वेहटा
(बदायूँ)

वेद प्रकाश
अधिशासी अधिकारी

नगर को स्वछ बनाने में अपना सहयोग करें।

ग्रीन फैजगंज क्लीन फैजगंज

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की प्रदेश वसियों को हार्दिक शुभकामनाएं







नगर पंचायत रूदायन की ओर से योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



भाजपा नेता व चेयरमैन प्रतिनिधि
मुरली मनोहर गुप्ता

विकास के पथ पर अग्रसर नगर पंचायत रूदायन

शहर को सुन्दर बनाने में सहयोग करें।

ग्रीन रूदायन क्लीन रूदायन

## फर्जी नंबर प्लेट व बिना नंबर वाहनों पर सख्ती, 15 दिन चलेगा संयुक्त अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जिले में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस और परिवहन विभाग ने संयुक्त रूप से सख्ती बरतने का निर्णय लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में 22 जून से 15 दिनों का विशेष अभियान शुरू किया जाएगा।

इस अभियान में बिना नंबर प्लेट और फर्जी नंबर प्लेट वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं डम्पर वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उन्हें सीज किया जाएगा। साथ ही सड़क सुरक्षा के मद्देनजर सभी धीमी गति वाले वाहनों जैसे ट्रैक्टर-ट्रॉली, ई-रिक्शा एवं रिक्शा पर रिफ्लेक्टिव टेप अनिवार्य रूप से लगवाया जाएगा।

यातायात विभाग द्वारा दुर्घटना संभावित टी एवं वाई जंक्शनों को चिन्हित कर वहां साइन बोर्ड, चेतावनी संकेतक एवं रम्बल स्ट्रिप्स लगाए जाएंगे, जिससे वाहन चालकों को पहले से सतर्क किया जा सके।

पुलिस प्रशासन ने आम जनता से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि यातायात नियमों का पालन ही दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## ई-रजिस्ट्रेशन के विरोध में दस्तावेज लेखकों की सांकेतिक हड़ताल, निबंधन भवन पर प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित ई-रजिस्ट्रेशन व्यवस्था के विरोध में शनिवार को बरेली सहित प्रदेशभर में दस्तावेज लेखकों ने सांकेतिक हड़ताल कर अपना विरोध दर्ज कराया। बरेली के निबंधन भवन परिसर में दस्तावेज लेखक कल्याणकारी समिति के बैनर तले दस्तावेज लेखक, स्टाम्प विक्रेता, टाइपिस्ट और अन्य संबंधित लोग एकत्र हुए और योजना को वापस लेने की मांग की।

उप निबंधक खंड द्वितीय राजेंद्र प्रसाद पांडे ने बताया कि शासन स्तर पर ई-रजिस्ट्रेशन व्यवस्था लागू करने की तैयारी चल रही है। फिलहाल इसे लखनऊ और वाराणसी में प्राधिकरण क्षेत्र की रजिस्ट्रियों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू करने की योजना है। सामान्य रजिस्ट्रियों में अभी इसे लागू करने का कोई प्रस्ताव नहीं है। पायलट प्रोजेक्ट के परिणामों के आधार पर आगे निर्णय लिया जाएगा।

दस्तावेज लेखक कल्याणकारी समिति, सदर बरेली की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि दस्तावेज लेखन एक तकनीकी और कानूनी प्रक्रिया है, जिसके लिए अनुभव और नियमों की गहन जानकारी आवश्यक होती है। समिति ने आशंका जताई कि ऑनलाइन व्यवस्था से त्रुटियां बढ़ेंगी और आम लोगों को परेशानी होगी। ज्ञापन में कहा गया कि ई-रजिस्ट्रेशन से दस्तावेज लेखक, स्टाम्प विक्रेता, टाइपिस्ट, फोटोग्राफर और सहायक कर्मचारियों की आजीविका प्रभावित होगी। प्रदर्शन में अध्यक्ष अमर सिंह, सचिव राकेश सक्सेना सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि मांगें न मानी गईं तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

## सार संक्षेप

### हिन्दू महासभा में पिंटू पाल बने युवा नगर अध्यक्ष



पिंटू पाल।

**पीलीभीत।** अखिल भारत हिन्दू महासभा की बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा की गई। युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा ने सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर पिंटू पाल को युवा नगर अध्यक्ष मनोनीत किया। पिंटू पाल ने संगठन की विचारधारा को जन–जन तक पहुंचाने और युवाओं को जोड़ने का संकल्प लिया। बैठक में पदाधिकारियों ने उनका स्वागत कर सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

### केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर निकाली गई जन जागरूकता रैली

**पीलीभीत।** युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जन जागरूकता रैली आयोजित की गई। रैली का शुभारम्भ जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने विकास भवन से हरी झण्डी दिखाकर किया। रैली विकास भवन से गांधी स्टेडियम तक निकाली गई, जिसमें जनपद के सभी विकासखण्डों के पीआरडी जवान शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्र एवं जिला विकास अधिकारी संजय कुमार उपस्थित रहे। आयोजन प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी अन्नपूर्णा मिश्रा के नेतृत्व में किया गया।

### विशेष स्वच्छता अभियान में अधिकारियों ने किया श्रमदान, योग दिवस में सहभागिता की अपील

**पीलीभीत।** नगर पालिका परिषद द्वारा विशेष स्वच्छता एवं जन जागरूकता अभियान के तहत सदर तहसील और गांधी स्टेडियम परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं अन्य अधिकारियों ने झाड़ू लगाकर सामूहिक श्रमदान किया और स्वच्छता का संदेश दिया। जिलाधिकारी ने पार्षदों और नागरिकों से अपने क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने बताया कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गांधी स्टेडियम सहित जनपदभर में योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शहरवासियों, युवाओं और प्रबुद्धजनों से योग दिवस कार्यक्रमों में भाग लेने का आह्वान किया गया।

### स्थायी लोक अदालत में सदस्य पद हेतु आवेदन आमंत्रित

**पीलीभीत।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने स्थायी लोक अदालत में सदस्य के एक पद पर संविदा नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। पूर्णकालिक सचिव अरुण क्रान्ति यशोदास ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 8 जुलाई 2026 सायं 5 बजे तक आवेदन जमा कर सकते हैं। चयनित सदस्य को प्रति बैठक 2000 रुपये तथा प्रति माह 5000 रुपये यात्रा भत्ता प्रदान किया जाएगा। नियुक्ति अवधि पांच वर्ष अथवा 65 वर्ष की आयु तक, जो पहले हो, निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र आवश्यक प्रमाण–पत्रों सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पीलीभीत कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं।

### भीषण गर्मी से हाफ रहे ट्रांसफार्मरों पर बढ़ा दबाव

**पूरनपुर।** भीषण गर्मी का असर अब विद्युत व्यवस्था पर साफ दिखाई देने लगा है। लगातार बढ़ते तापमान के चलते विद्युत ट्रांसफार्मरों पर अतिरिक्त भार पड़ रहा है। गर्मी के चलते जिससे कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर ओवरहीट होकर फाल्ट कर रहे हैं। तहसील क्षेत्र के बिजली उपकेंद्र से गांवो में बिजली सप्लाई दी जा रही है। इन दिनों गर्मी का तापमान लगातार बढता जा रहा है। जिसका असर ट्रांसफार्मरों पर पडने लगा है। भीषण गर्मी के चलते दिन–रात कूलर,पंखे,एसी और अन्य विद्युत उपकरणों का अधिक उपयोग कर रहे हैं। इससे बिजली की खपत में काफी वृद्धि हुई है। बढ़े हुए लोड के कारण ट्रांसफार्मरों पर दबाव बढ़ रहा है और तेज गर्मी के चलते उनमें भरा तेल भी तेजी से गर्म होकर प्रभावित हो रहा है। ट्रांसफार्मर के सुचारु संचालन में तेल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। तेल का स्तर कम होने पर ट्रांसफार्मर के गर्म होने और उसमें खराबी आने की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। कहीं फ्यूज उड़ने तो कहीं ट्रांसफार्मर के अधिक गर्म होने से बिजली आपूर्ति घंटों प्रभावित रही है। खासकर दोपहर और शाम के समय बिजली बाधित होने पर लोगों की परेशानी और बढ़ जाती है।

## बेटे ने दिया जीवनदान, पुलिस अधिकारी पिता की बची जिंदगी

### मैक्स अस्पताल वैशाली में सफल लिविंग डोनर लिवर ट्रांसप्लांट

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** सेवा, त्याग और पारिवारिक समर्पण की मिसाल पेश करते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस के 52 वर्षीय उपनिरीक्षक को उनके 26 वर्षीय बेटे ने लिवर का हिस्सा दान कर नया जीवन दिया। यह सफल लिविंग डोनर लिवर ट्रांसप्लांट (LDLT) मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली में किया गया।

इस जटिल सर्जरी का नेतृत्व प्रो. (डॉ.) सुभाष गुप्ता, ग्रुप चेयरमैन, सेंटर फॉर लिवर एंड बिलियरी साइंसेज ने अपनी विशेषज्ञ टीम के साथ किया। टीम में डॉ. राजेश डे, डायरेक्टर – लिवर ट्रांसप्लांट एवं बिलियरी साइंसेज भी शामिल रहे। बरेली निवासी डॉ. (पीएचडी) भारत सिंह पिछले एक दशक से गंभीर लिवर रोग से पीड़ित थे। वर्ष 2012 में उन्हें नॉन-अल्कोहोलिक फैटी लिवर डिजीज का पता चला था, जो समय के साथ गंभीर रूप ले चुकी थी। वर्ष 2024 में चिकित्सकों ने उन्हें लिवर प्रत्यारोपण की सलाह दी। विशेषज्ञ परामर्श के बाद परिवार ने मैक्स अस्पताल, वैशाली को चुना। लिविंग डोनर ट्रांसप्लांट की सलाह मिलने पर उनके बेटे अभिषेक सिंह ने बिना हिचक अपने लिवर का हिस्सा दान करने का निर्णय लिया। जांच के बाद 902 ग्राम वजनी लिवर का दायां भाग सफलतापूर्वक प्रत्यारोपित किया गया। सर्जरी पूरी तरह सफल रही।

डॉ. भारत सिंह को 21 दिन बाद और अभिषेक को 10 दिन बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। चिकित्सकों के अनुसार मरीज की लिवर कार्यक्षमता में निरंतर सुधार हो रहा है। प्रो. (डॉ.) सुभाष गुप्ता ने कहा कि लिविंग डोनर लिवर ट्रांसप्लांट आधुनिक चिकित्सा और मानवीय संवेदनाओं का उत्कृष्ट उदाहरण है। वहीं अभिषेक सिंह ने इसे अपने जीवन का सबसे गर्वपूर्ण निर्णय बताया। यह सफल प्रत्यारोपण मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, वैशाली की उन्नत चिकित्सा क्षमता और अनुभवी ट्रांसप्लांट टीम की विशेषज्ञता को दर्शाता है।

## ई-रजिस्ट्री के विरोध में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** प्रस्तावित ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में तहसील बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों एवं स्टांप विक्रेताओं ने शनिवार को जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर नई व्यवस्था को वापस लेने की मांग की।

तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अल्ताफ हुसैन के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान तहसील समाधान दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा को ज्ञापन सौंपा गया।

अध्यक्ष अल्ताफ हुसैन ने कहा कि ई-पंजीकरण मॉड्यूल लागू होने से अधिवक्ताओं, स्टांप वेंडरों और दस्तावेज लेखकों की आजीविका पर सीधा असर पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि यह नई व्यवस्था इन सभी वर्गों के हितों के विरुद्ध है, जिसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने इस व्यवस्था को लागू किया तो बड़ी संख्या में लोगों के सामने रोजगार का संकट खड़ा हो जाएगा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी भी की।

ज्ञापन देने वालों में पूर्व अध्यक्ष राजेश सक्सेना, के.पी. सिंह, भेषज शरण शर्मा, रवेंद्र सिंह पाल, प्रेमशंकर यादव, सत्यपाल यादव, दिनेश कुमार यादव, अजय पाराशरी, सुधारक सक्सेना, इकरार अहमद, राजेश भारद्वाज, नाजिम खान, योगेश मौर्य, रंजीत यादव, मो. नकी, रामकिशोर मौर्य, विवेक तिवारी, विवेक यादव, जावेद खान, रामरक्षपाल यादव, विनीश कुमार सिंह, जुगेंद्र सिंह यादव, संतोष कुमार, ठा. प्रेम सिंह, राहुल शर्मा, राकेश कुमार सक्सेना, उमेश कुमार, सुनील चौहान, यशपाल सिंह, सुरेन्द्र यादव, सत्यवीर सिंह, अहवर सिंह यादव, कमर अब्बास, ह्रदेश शर्मा, सचिन सक्सेना, अजीत कुमार यादव, वीरेश यादव, अबरार खान, नवनीत कुमार, फुरकान अहमद, प्रेम शंकर भारती, नितिन कुमार गुप्ता, अनिल कुमार शर्मा, मनोज कुमार, सुमित पाठक, मो. सलीम, युधिष्ठिर यादव, प्रिंस सक्सेना सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## अधिकारियों की अनदेखी से दिव्यांग परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी की मासिक बैठक मालवीय आवास गृह में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने की। इस दौरान दिव्यांगजनों की समस्याओं को लेकर अधिकारियों की अनदेखी पर गहरा रोष व्यक्त किया गया।

जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री को सात सूत्रीय मांग पत्र भेजा गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दिव्यांगजन अपने अधिकारों के लिए भटकने को मजबूर हैं। आए दिन उन्हें परेशान किया जाता है तथा कई बार फर्जी मुकदमों में भी फंसाया जाता है। अधिकारियों द्वारा उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं सुना जा रहा, जिससे न्याय के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।

बैठक में विनोद सिंह ने कहा कि जिला अस्पताल में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। दलाल सक्रिय हैं और दिव्यांगजनों से ठगी कर रहे हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। रामबाबू गुप्ता ने विकास भवन में दलालों के सक्रिय होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि सशक्तिकरण विभाग में भी शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया जाता और जिम्मेदार कर्मचारी लापरवाही बरत रहे हैं। तेजपाल साहू ने कहा कि रोडवेज बस चालक दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशील नहीं हैं। कई बार बस नहीं रोकी जाती, जिससे उन्हें मजबूर होकर निजी वाहनों से यात्रा करनी पड़ती है।

बैठक में विनोद सिंह, रामबाबू गुप्ता, पप्पू, भीमसेन, तेजपाल, ललित कुमार, सुंदर लाल, सुरेश, विनय कुमार, राम रहीम, अरविंद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## लखनपुर गांव में पुजारी का शव फंदे पर लटका मिला, हत्या की आशंका

जागरण मोर्चा कार्यालय

- सिविल लाइन क्षेत्र के गांव सोवरनपुर के रहने वाले
- पुजारी के शरीर पर मिले चोट व करंट के निशान



**बदायूं।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में एक पुजारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुजारी का शव कमरे में फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव लखनपुर स्थित मंदिर पर गांव सोवरनपुर निवासी चंद्रपाल (52) पुत्र त्रिमल रहते थे। वह मंदिर पर पूजा करने के साथ चौकी लगाते थे। जिसमें आसपास के लोग अपनी समस्याएं लेकर आते थे। परिजनों ने बताया कि चंद्रपाल शुक्रवार शाम को घर से यह कहकर निकले थे कि उन्हें विशेष पूजा के लिए कछला गंगाघाट पर जाना है। सुबह तक जब वह घर नहीं लौटे तो परिजन मंदिर पर पहुंचे। जहां चंद्रपाल का शव कमरे में फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से शव नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दी।मृतक के गले पर करंट व चोट के निशान मिलने से परिजनों ने उनकी हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजकर मामले की जांच शुरु कर दी है।

## दासपुर में एक ही रात में चोरों ने तीन घरों और शिव मंदिर को बनाया निशाना

जागरण मोर्चा कार्यालय



**आसफपुर।** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के ग्राम दासपुर में शुक्रवार देर रात चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए एक ही रात में तीन घरों और एक प्राचीन शिव मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। भीषण गर्मी के चलते परिवारों के लोग छतों पर सो रहे थे, जिसका फायदा उठाकर चोर घरों में घुस गए और लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात, नकदी तथा अन्य कीमती सामान समेट ले गए। इतना ही नहीं, चोरों ने गांव के शिव मंदिर को भी निशाना बनाते हुए घंटा और दानपात्र चोरी कर लिया।

शनिवार सुबह गांव के बाहर खेतों की ओर बिखरा सामान मिलने पर घटना की जानकारी हुई। एक साथ चार स्थानों पर चोरी की वारदात से पूरे गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार ग्राम दासपुर निवासी रघुनाथ पुत्र सरनाम सिंह, गजेन्द्र पुत्र नत्थू सिंह तथा उमेशपाल पुत्र भोलेराम के परिवार शुक्रवार रात भोजन करने के बाद अपने-अपने मकानों की छतों पर सोने चले गए थे। देर रात अज्ञात चोरों ने मकानों के लकड़ी के दरवाजे और ताले तोड़कर भीतर प्रवेश किया। इसके बाद चोरों ने कमरों में रखी अलमारियों और बक्सों के ताले चटकाकर उनमें रखा कीमती सामान खंगाल लिया। तीन घरों से जेवरात और नकदी समेट ले गए चोर पीड़ितों की ओर से दी गई तहरीर के अनुसार रघुनाथ के घर से सोने की हसुली, झुमकी, अंगूठी, गला दाना, चांदी की रेशम पट्टी, दो जोड़ी खंडुआ, कमरबंद, चांदी की हसुली तथा चार जोड़ी पाजेब चोरी हो गईं। वहीं गजेन्द्र के घर से सोने का पेंडल, चांदी की रेशम पट्टी, कमर गुच्छा, खंडुआ और पीतल के बर्तन चुरा लिए गए। उमेशपाल के घर से 15 हजार रुपये की नकदी, चांदी की पाजेब और सोने के कुंडल चोरी कर लिए गए।

## उसहैत में दर्दनाक हादसा: चारा काटकर लौट रही युवती की करंट से मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** जनपद के उसहैत थाना क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर बिचौला में शनिवार शाम एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जिसमें करंट लगने से एक युवती की मौत हो गई। घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार, गीता देवी (36 वर्ष), पत्नी मंगली, शनिवार शाम करीब 6 बजे खेत से पशुओं के लिए चारा काटकर घर लौट रही थीं। इसी दौरान खेत से बाहर निकलते समय ऊपर लटक रहे बिजली के तार की चपेट में आ गईं। करंट लगते ही वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ीं। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत उन्हें संभाला और उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।

जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के बाद गीता देवी को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतका अपने पीछे तीन बच्चों को छोड़ गई हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि गीता देवी की शादी लगभग 15 वर्ष पहले हुई थी और वह अपने परिवार का भरण-पोषण करने में अहम भूमिका निभा रही थीं।

घटना के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि खेतों के ऊपर से गुजर रहे कई बिजली के तार काफी नीचे लटक रहे हैं, जो कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे खतरनाक तारों को जल्द ठीक कराया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा और अंतिम संस्कार किया जाएगा।

**कार्रवाई** प्रशासन ने वर्ष 2017 के न्यायालय के स्टे आदेश को आधार मानते हुए पीड़ित खालिद को जमीन का मालिकाना हक दिलाया

## कोर्ट के आदेश के बाद मिला पीड़ित को न्याय, दबंग फिर भी धमका रहे

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** कोतवाली सदर क्षेत्र के कुरऊ रोड स्थित ग्राम पंचायत चुंगी बाहर में तहसील राजस्व और पुलिस टीम ने न्यायालय के आदेश पर जमीन का मालिकाना हक दिलाते हुए निर्माण कराया। प्रशासन ने वर्ष 2017 के न्यायालय के स्टे आदेश को आधार मानते हुए पीड़ित खालिद को जमीन का मालिकाना हक दिलाया और पुलिस अभिरक्षा में निर्माण कार्य शुरू करा दिया है। लंबे समय से चल रहे भूमि विवाद में न्यायालय द्वारा दिए गए स्टे आदेश के आधार पर राजस्व टीम ने पीड़ित को उसकी जमीन का मालिकाना हक सुरक्षित कराया। मगर कुछ दबंग लोग पीड़ित पर तरह-तरह के आरोप लगा रहे हैं और धमका रहे हैं।

पीड़ित खालिद की ओर से छोटे सरकार-कुरऊ मार्ग पर लान के सामने निर्माण कार्य शुरू करा दिया है।साथ ही, मौके पर मुस्तैद रहकर पुलिस ने विवादित स्थल पर शांतिपूर्ण तरीके से निर्माण कार्य भी शुरू करवा दिया है। बतादें कि डायमंड बारात घर के सामने खालिद ने जमीन का बैनामा 2013 में कराया था। बैनामा होने के बाद से ही इस भूमि को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए न्यायालय ने वर्ष 2017 में ही इस विवादित भूमि पर स्टे आदेश जारी कर दिया था। अदालत का आदेश होने के बावजूद विपक्षी दल लगातार भूमि पर अवैध दावा ठोक रहे थे और जमीन मालिक खालिद को निर्माण कार्य नहीं करने दे रहे थे।

पीड़ित पक्ष ने बताया कि एक कीमती भूमि पर कुछ स्थानीय दबंगों और विपक्षीगणों द्वारा अवैध रूप से कब्जा करने और निर्माण कार्य में बाधा डालने का प्रयास किया जा रहा था। विपक्षियों के उत्पीड़न से तंग आकर मैंने न्याय की गुहार लगाते हुए न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने उक्त भूमि पर विपक्षियों के खिलाफ स्टे आदेश जारी कर दिया था। और मुझे अपनी जमीन का मालिकाना हक दिला दिया।

विपक्षियों के उत्पीड़न और अदालत के आदेश की अवहेलना की शिकायत लेकर पीड़ित ने तहसील प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम के निर्देश पर राजस्व निरीक्षकों और क्षेत्रीय लेखपाल की संयुक्त टीम कोतवाली सदर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। प्रशासनिक टीम ने कानून व्यवस्था का हवाला देते हुए विपक्षियों को सख्त हिदायत दी और खालिद के मालिकाना हक को बहाल रखा। अधिकारियों ने विवाद की आशंका को देखते हुए मौके पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। राजस्व और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में पीड़ित खालिद ने अपनी जमीन पर निर्माण कार्य शुरू करवा दिया है।

## सहसवान में दोबारा बैनामा कर भूमि कब्जे की कोशिश, पीड़ित ने भूमाफियाओं पर लगाए गंभीर आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** सहसवान तहसील समाधान दिवस में भूमि विवाद का एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें पीड़ित ने कुछ लोगों पर धोखाधड़ी कर एक ही जमीन का दोबारा बैनामा कराने और अवैध कब्जे का प्रयास करने का आरोप लगाया है। साथ ही जान से मारने की धमकी दिए जाने की बात भी कही गई है।

सहसवान कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला काजी निवासी शीराज मुर्तज़ा ने तहसील समाधान दिवस में दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने वर्ष 2018 में ग्राम हमूपुर चमरपुरा स्थित एक भूमि का विधिवत बैनामा कराया था। आरोप है कि दाखिल-खारिज की प्रक्रिया पूर्ण न होने का लाभ उठाकर कुछ भूमाफियाओं ने उसी जमीन का दोबारा बैनामा अन्य व्यक्तियों के नाम कर दिया।

पीड़ित के अनुसार, आरोपी दबंग प्रवृत्ति के हैं और उन्होंने जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया। विरोध करने पर उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकियां दी गईं। पीड़ित ने धमकी की ऑडियो रिकॉर्डिंग होने का भी दावा किया है।

घटना के दौरान जब आरोपी मौके पर पहुंचे तो पीड़ित ने तत्काल डायल-112 पर सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके के लिए रवाना हुई, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी फरार हो गए। पीड़ित ने तहसील समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने, निष्पक्ष जांच कराने और अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की है।

फीफा वर्ल्ड कप 2026: मैक्सिको के लुइस रोमो ने इकलौता गोल किया

# मैक्सिको नॉकआउट में पहुंचने वाली पहली टीम बनी, द.कोरिया को धोया

नई दिल्ली

फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप स्टेज मुकाबलों में रोमांच चरम पर पहुंच गया है जहां दक्षिण कोरिया को 1-0 से हराकर मेक्सिको टूर्नामेंट के नॉकआउट राउंड में क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन गई है।

घरेलू मैदान पर खेल रही मेक्सिको की फुटबॉल टीम ने दक्षिण कोरिया की एक रक्षात्मक चूक का पूरा फायदा उठाते हुए 1-0 से रोमांचक जीत दर्ज की और मौजूदा विश्व कप के नॉकआउट स्टेज (राउंड ऑफ 32) में जगह बनाने वाली पहली टीम बन गई है। मैच का इकलौता और निर्णायक गोल 50वें मिनट में लुइस रोमो ने किया, जब दक्षिण कोरियाई गोलकीपर किम स्यूंग-ग्यू अपने ही डिफेंडर ली गी-ह्युक से टकरा गए और उनके हाथ से गेंद छूट गई; रोमो ने बिना कोई गलती किए गेंद को खाली नेट में डाल दिया। इसके बाद 87वें मिनट में मेक्सिको के गोलकीपर राउल रंगेल ने शानदार डबल-सेव करते हुए दक्षिण कोरिया के चो गुए-सुंग के हेडर और रीबाउंड को गोल लाइन के पार जाने से रोककर अपनी टीम की जीत पक्की की।



## स्विट्ज़रलैंड की एकतरफा जीत

फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप बी मुकाबले में स्विट्ज़रलैंड ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए बोस्निया-हर्जेगोविना को 4-1 से हराया। स्विट्ज़रलैंड टीम की इस जीत के नायक जोहान मंजाम्बी रहे, जिन्होंने मैच में दो गोल दागे। लॉस एंजिलिस स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले की शुरुआत में दोनों टीमों की डिफेंस ने जबरदस्त खेल दिखाया और पहले हाफ में कोई गोल नहीं हो सका। हालांकि, दूसरे हाफ में स्विट्ज़रलैंड ने शानदार खेल दिखाया। मैच के 74वें मिनट में जोहान मंजाम्बी ने स्विट्ज़रलैंड की ओर से मैच का पहला गोल दागा। मैच में 0-1 से पिछड़ रही बोस्निया-हर्जेगोविना की टीम को मुकाबले के 80वें मिनट में बड़ा झटका लगा। टीम के डिफेंडर तारिक मुहरेमोविच को फाउल करने के कारण रेफरी ने सीधा लाल कार्ड दिखाते हुए मैदान से बाहर का रास्ता दिखा गया, जिसके चलते टीम को 10 खिलाड़ियों संग खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। स्विट्ज़रलैंड के लिए मैच का दूसरा गोल 84वें मिनट में आया। रूबेन वर्गस ने अपने बेहतरीन शॉट से गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचाया और टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया। मैच के अंतिम क्षणों में जोहान मंजाम्बी ने अपना दूसरा और स्विट्ज़रलैंड की ओर से तीसरा गोल करते हुए बोस्निया-हर्जेगोविना की वापसी करने की सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

## कनाडा ने कतर को 6-0 से रौंदा



फीफा वर्ल्ड कप 2026 की सह-मेजबान कनाडा ने घरेलू फैंस के सामने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। वैंकूवर के बीसी प्लेस स्टेडियम पर कनाडा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कतर को एकतरफा अंदाज में 6-0 से रौंदा। यह कनाडा की फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास की पहली जीत भी है। कनाडा की इस जीत के नायक जोनाथन डेविड रहे, जिन्होंने मैच में तीन गोल दागे। मैच की शुरुआत से ही कनाडा ने आक्रामक खेल दिखाया। 16वें मिनट में साइल लारिन ने कनाडा की ओर से पहला गोल करके टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद 29वें मिनट में जोनाथन डेविड ने शानदार गोल कर टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। पहले हाफ में कनाडा ने कतर पर पूरी तरह दबाव बनाए रखा।

# भारत ने अफगानिस्तान को किया क्लीन स्वीप, 128 गेंदें शेष रहते जीता तीसरा मैच

चेन्नई



भारत ने यशस्वी जायसवाल के शतक और रोहित शर्मा के अर्धशतक की मदद से अफगानिस्तान को तीसरे वनडे मैच में नौ विकेट से हराया। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 44.2 ओवर में 218 रन बनाए। जवाब में भारत ने 28.4 ओवर में एक विकेट पर 224 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। भारत ने इस तरह अफगानिस्तान को वनडे में 3-0 से क्लीन स्वीप किया। यह पहली बार है जब भारत ने अफगानिस्तान को वनडे में तीन मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप किया है। इस मैच में जहां तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने दमदार गेंदबाजी की, वहीं रोहित और यशस्वी ने बड़ी साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम के लिए यशस्वी और रोहित ने दमदार साझेदारी की। इन दोनों बल्लेबाजों ने शुरूआत से ही अफगानिस्तान के गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। इस दौरान एक बार रोहित आउट होने से भी बचे, लेकिन विकेटकीपर उनका कैच नहीं पकड़ सके। रोहित ने इसका पूरा फायदा उठाया। पहले यशस्वी आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे थे और रोहित टिककर खेल रहे थे। लेकिन रोहित ने जल्द ही गियर बदला और तेजी से खेलना शुरू किया। इन दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 170 रन जोड़े। अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे में भारत के लिए की गई ये सबसे बड़ी ओपनिंग साझेदारी है। भारत को एकमात्र झटका रोहित के रूप में लगा। मोहम्मद नबी की गेंद पर रोहित अपना विकेट गंवा बैठे और 69 गेंदों पर नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 79 रन बनाकर आउट हुए। यशस्वी 86 गेंदों पर 14 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 110 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं, श्रेयस अय्यर 19 गेंदों पर दो छक्कों के सहारे 20 रन बनाकर नाबाद लौटे। अफगानिस्तान के लिए एकमात्र विकेट मोहम्मद नबी ने लिया। सभी प्रारूप मिलाकर भारत और अफगानिस्तान के बीच 18 मैच हुए हैं और अफगानिस्तान एक भी मैच नहीं जीत सका है। 15 मुकाबले भारत ने जीते हैं, जबकि एक टाई और एक बेनतीजा रहा है।

## प्राची ने ओलंपिक मेडलिस्ट को हराकर जीता मेडल

**नई दिल्ली।** विश्व बॉक्सिग कप 2026 के दूसरे चरण में भारतीय मुक्केबाजों ने शानदार खेल दिखाया है। भारत के खिलाड़ियों ने अब तक कुल 6 मेडल पक्के कर लिए हैं। टूर्नामेंट में प्राची ने सभी को अपने शानदार खेल से हैरान कर दिया है। उन्होंने ओलंपिक में मेडल जीतने वाली शिह यी वू को हराकर मेडल अपने नाम कर लिया है। उन्होंने अपनी जीत के साथ हर किसी को चौंका दिया है। 57 किलो ग्राम वर्ग में प्राची ने दिन का सबसे यादगार मुकाबला खेला। उन्होंने पेरिस ओलंपिक की ब्रॉन्ज मेडलिस्ट शिह यी वू (चीनी ताइपे) को 4-1 से हराया।












## 34वीं दो दिवसीय सेंटर कराते प्रतियोगिता का आयोजन

**भोपाल।** युवा कल्याण एवं खेल विभाग तथा रेलवे इंस्टीट्यूट के सहयोग से संस्था यूथ स्पोर्टस कराते डो एसोसिएशन एमपी द्वारा 34 वी सेंटर इंडिया कराते प्रतियोगिता का आयोजन 20 और 21 जून 2026 को को रेल्वे इंस्टीट्यूट के बैंडमिंटन हॉल भोपाल में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में म.प्र. सहित सेंटर के राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़, हिमायल प्रदेश के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि दीपक मालवीय सचिव / कोषाध्यक्ष-प.म.रे. संस्थान भोपाल, विशेष अतिथि परवेज आलम एडी. डीएसपी, दिनेश जोशी डीएसपी एवं समिति के अध्यक्ष जयचन्द्र कनौजिया, संरक्षक-साजन खान, सलीम खान प्रचार मंत्री, इकबाल अहमद उपाध्यक्ष रहेंगे। बता दें कि प्रतियागिता के चीफ रेफरी ग्रेण्ड मास्टर शोके सईद शेख एवं रेफरी रीतेश तिवारी, शिहान शाहवाज शेख, सईद खान, सुंदरलाल, रमेश भण्डारे, इकराम कुरैशी, राजेन्द्र खण्डाले, भगवत शर्मा, रामसिंह रहेंगे।













जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराह मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजी मार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ0प्र) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0-7579849555, 9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।